वर्ष 73 अंक 96 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 03 जनवरी, 2026
पौष शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सपनों को सच करने से पहले सपनों को ध्यान से देखना होता है...! -अब्दुल कलाम

## ऑफ बीट

### 100 साल के 'जवान' देवी प्रसाद! कभी नहीं पड़े बीमार



*मप्र के छतरपुर जिले के रहने वाले देवी प्रसाद बिदुआ उम्र की लंबी पारी का शतक साल 2026 में पूरा करने वाले हैं। आज भी उनके शरीर में वही फुर्ती रहती है, जो आजकल के जवानों में भी देखने को नहीं मिलती है, उनका खानपान ऐसा रहा है कि वह अभी तक बीमार भी नहीं पड़े हैं। देवी प्रसाद का कहना है कि वह कुछ ही दिनों में जीवन का शतक पूरा करने वाले हैं, इस उम्र में भी वह अच्छे से चल-फिर सकते हैं और वह खुद ही अपना काम करते हैं। आज भी अपने घर से खेत तक पैदल ही जाते हैं। खुद अपने कपड़े धोते हैं। खुद अपना बिस्तर लगाते हैं। हर दिन घर की सीढ़ियों में उतरते-चढ़ते हैं। हर दिन नहा-धोकर भगवान शिव को जल चढ़ाते हैं। देवी प्रसाद इस उम्र में भी पूरी तरह स्वस्थ हैं। आंखों से साफ देख सकते हैं। बोल भी साफ सकते हैं, कानों से हर शब्द सुन सकते हैं। किसी भी तरह की बीमारी नहीं है।*

## संक्षिप्त खबरें

### जेईई एडवांस का शेड्यूल जारी, 17 मई को परीक्षा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई एडवांस) के लिए डिटेल्ड शेड्यूल की घोषणा कर दी है। जेईई मेन 2026 क्वालीफाई करने वाले उम्मीदवारों के लिए जेईई एडवांस्ड 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 23 अप्रैल से शुरू होगा, जो 2 मई तक चलेगा। इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट jeeadv.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि जेईई एडवांस 2026 के लिए परीक्षाएं 17 मई को होगी। वहीं, फाइनल आंसर और नतीजे 1 जून को घोषित किए जाएंगे। पेपर दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण सुबह 9 बजे से दोपहर के 12 बजे तक चलेगा। वहीं, दूसरा चरण दोपहर 2.30 बजे से शाम के 5.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जेईई एडवांस के लिए फॉरेन नेशनल कैंडिडेट्स और ओसीआई/ पीआईओ/ (एफ) अभ्यर्थियों के लिए आवेदन 6 अप्रैल से शुरू कर दिए जाएंगे।

### बैठक में भाजपा विधायक को आया हार्टअटैक, मौत

**बरेली, जेएनएन।** बरेली के सर्किट हाउस में पशुधन मंत्री की बैठक के दौरान फरीदपुर से बीजेपी विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल को अचानक हार्टअटैक आ गया। उन्हें तुरंत इलाज के लिए मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि डॉ. लाल ने एक दिन पहले ही जन्मदिन मनाया था। वह फरीदपुर सीट से दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए थे। मीटिंग के दौरान उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी बीजेपी विधायक के निधन पर शोक प्रकट किया है। एक्स पर शेयर पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा, जनपद बरेली के फरीदपुर से विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का आकस्मिक निधन अत्यंत दुःखद है। विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।



# पानी बना जहर: इंदौर ननि आयुक्त को हटाया, अपर आयुक्त और एसई निलंबित, जलकार्य प्रभारी बदला

## सीएम ने की सख्त कार्रवाई, हाईकोर्ट में बताई सिर्फ 4 मौतें, राहुल ने घेरा, उमा की नसीहत, ननि को मिले 3 नए एडि. कमिश्नर

**जागरण, इंदौर।**

दूषित पानी से हुईं मौतों पर हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश होने के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में दोषी अफसरों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कोर्ट को दूषित पानी से ४ मौतें बताते हुए सरकार ने नगर निगम कमिश्नर दिलीप कुमार यादव को हटाकर उप सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास बनाया। एडिशनल कमिश्नर सिसोनिया और प्रभारी अधीक्षण यंत्री संजीव श्रीवास्तव (मूलतः ईई पीएचई) को देर रात निलंबित कर दिया। तीन नए आईएएस अधिकारियों को एडिशनल कमिश्नर बनाकर इंदौर नगर निगम में पदस्थ किया गया है। वहीं दूषित पानी से मौतों को लेकर सरकार पार्टी व प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विरोधियों के निशाने पर आ गई है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने राज्य सरकार के साथ ही भाजपा की केंद्र सरकार को भी आड़े हाथों लिया है।

हाईकोर्ट द्वारा दी गई डेडलाइन पर शासन की ओर से शुक्रवार को स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को दी गई जांच रिपोर्ट के हवाले से सरकार ने अदालत को भी बताया है कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से लोग बीमार पड़े और जानें भी गईं। सरकार ने अदालत को अब तक 4 मौतें होना बताया है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 6 जनवरी तय की है। इस मामले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

(संपादकीयः भागीरथपुरा त्रासदी से सबक लेने की जरूरत- पढ़ें पेज-4 पर )



भागीरथपुरा में शुक्रवार को गीता बाई की अंतिम यात्रा निकली।

### मेयर बोले-स्वास्थ्य विभाग भले चार कहे, मुझे 10 मौतों की जानकारी



दूषित पानी से 15 मौतों के बाद निशाने पर आए नगर निगम इंदौर के महापौर पुश्यमित्र भार्गव शुक्रवार को बदले हुए अंदाज में नजर आए। बीमारी और मौतों की वजह दूषित पानी को बताने वाला स्वास्थ्य विभाग अब भी 4 मौतों पर अड़ा है, वहीं महापौर भार्गव ने स्वीकार किया है कि मौतों का आंकड़ा इससे कहीं अधिक है। मेयर ने बताया कि उनके पास 10 मौतों की जानकारी है। जबकि स्थानीय लोग दूषित पानी से छह महीने के बच्चे समेत 14 लोगों की मौत बता रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इन दावों की पुष्टि नहीं कर रहा।

"इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल के कारण हुई घटना में राज्य सरकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। इस संबंध में सख्त फैसले लिए जा रहे हैं। नगर पालिका के अतिरिक्त आयुक्त रोहित सिसोनिया, पीएचई के प्रभारी अधीक्षण अभियंता संजीव श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। इंदौर नगर आयुक्त दिलीप कुमार यादव को हटाने के भी निर्देश दिए गए हैं। - **डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री



### लोग पानी पीकर मर रहे ये बहुत गलतः हाईकोर्ट

दूषित पानी से मौतों के मामले में हाई कोर्ट इंदौर बेंच ने कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने अधिकारियों को तत्काल स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति,प्रभावितों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस द्वारकाधीश बंसल और जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की खंडपीठ ने साफ शब्दों में कहा, यह एक बड़ी लापरवाही है। लोग पानी की वजह से मर रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है। बीमार हुए सभी लोगों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा दी जाए। कोर्ट ने कहा, इंदौर एक बेहद सुंदर शहर है, पूरे देश में इसकी स्वच्छता की तारीफ होती है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि इस सुंदरता और प्रतिष्ठा को बनाए रखा जाए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि स्थानीय लोग अब भी साफ पानी से वंचित हैं। सैकड़ों परिवार पानी के लिए टैंकर पर निर्भर हैं। इस पर कोर्ट ने सवाल किया कि सिर्फ एक टैंकर से क्या होगा? कोर्ट ने तत्काल पानी के अतिरिक्त टैंकर भेजने के निर्देश दिए। 10 मिनट के भीतर एक्स्ट्रा टैंकर इलाके में पहुंचने चाहिए और फोटो वकीलों से साझा किए जाएं।

**अब हैजा फैलने की आशंका:** शुक्रवार को मौतों का आंकड़ा 15 पर पहुंच गया है। इंदौर के सीएमएचओ ने शुक्रवार को भागीरथपुरा बस्ती और आसपास के मोहल्लों का निरीक्षण कर बताया है कि 201 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 32 आईसीयू में हैं। बस्ती के 1714 घरों के सर्वे में 8571 लोगों की जांच की गई। 338 को मौके पर ही इलाज दिया गया है। अभी तक कुल 272 मरीजों को भर्ती किया गया है। इनमें से 71 की छुट्टी हो चुकी है। वहीं स्थानीय लोग अब नलों के पानी से घबराने लगे हैं। वे टैंकर के पानी का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। लगातार हो रही मौतों के बीच लोग हैजा फैलने की आशंका जता रहे हैं।

### राहुल बोले-ये फोकट सवाल नहीं, जवाबदेही की मांग है



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इंदौर में दूषित पानी से 15 मौतों के बाद राज्य शासन को कठघरे में खड़ा कर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में राहुल ने कहा, इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं और ऊपर से बीजेपी नेताओं के अहंकारी बयान, जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी, सरकार ने घमंड परोस दिया। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की। फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई? सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये 'फोकट' सवाल नहीं, ये जवाबदेही की मांग है।

### उमा भारती ने उठाए सवाल, कहा-..तो आप बिसलरी क्यों पी रहे हैं?



पूर्व सीएम उमा भारती ने भी नाराजगी जताते हुए अपनी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा-2025 के अंत में इंदौर में गंदे पानी से हुई मौतें हमारे प्रदेश, हमारी सरकार व पूरी व्यवस्था को शर्मिंदा और कलंकित कर गईं। सबसे स्वच्छ शहर का अवॉर्ड प्राप्त करने वाले नगर में इतनी बदसूरती, गंदगी, जहर मिला पानी कितनी जिंदगियों को निगल गया और निगलता जा रहा है, मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है। उमा ने लिखा-जिंदगी की कीमत दो लाख रु. नहीं होती, उनके परिजन जीवनभर दुःख में डूबे रहते हैं। इस पाप का घनघोर प्रायश्चित करना होगा। पीड़ितों से माफी मांगना होगी। नीचे से ऊपर तक जो अपराधी हैं, उन्हें अधिकतम दंड देना होगा। यह मोहन यादव जी की परीक्षा की घड़ी है। उन्होंने नसीहत भरे अंदाज में कहा, यह कौन कह रहा है कि हमारी नहीं चली। आपकी नहीं चली तो आप पद पर बैठे हुए बिसलेरी का पानी क्यों पीते रहे? पद छोड़कर जनता के बीच क्यों नहीं पहुंचे? ऐसे पापों का कोई स्पष्टीकरण नहीं होता, या तो प्रायश्चित या दंड।

सीएम ने वीसी के माध्यम से सभी मेयर और निगम आयुक्तों की बैठक ली और दिए निर्देश-(पेज-7 पर)

### दूषित पानी से बचाव के किए गए उपाय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13385 | शुक्रवार तक सर्वे किए गए घर | 310 | शुक्रवार तक विभिन्न अस्पतालों में भर्ती |
| 66107 | सर्वे में स्क्रीन किए गए लोग | 107 | लोग डिस्चार्ज हुए |
| 3069 | संदेहास्पद मिले मरीज | 203 | मरीज अभी भी भर्ती 25 आईसीयू में |

### इनको भेजा इंदौर

सरकार ने उप सचिव स्तर के 3 आईएएस अधिकारियों को इंदौर में अपर आयुक्त पदस्थ किया है। इनमें आकाश सिंह और प्रखर सिंह व आशीष कुमार पाठक शामिल हैं।

# पत्नी से खर्च का हिसाब पूछना क्रूरता नहीं: कोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की व्यक्ति पर दर्ज एफआईआर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि अगर पति घर के पैसों के फैसले खुद करता है या पत्नी से खर्च का हिसाब पूछता है, तो इसे क्रूरता नहीं कहा जा सकता। खासकर जब तक इससे पत्नी को कोई गंभीर मानसिक या शारीरिक नुकसान साबित नहीं हो। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने गुरुवार को यह टिप्पणी दहेज उत्पीड़न और क्रूरता के एक मामले को रद्द करते हुए की। इस केस में पत्नी ने पति पर आरोप लगाया था कि वह घर के खर्चों का एक-एक पैसे का हिसाब एक्सेल शीट में रखने को मजबूर करता था।

बेंच ने कहा, यह स्थिति भारतीय समाज की एक हकीकत को दर्शाती है, जहां कई घरों में पुरुष आर्थिक जिम्मेदारी अपने हाथ में रखते हैं, लेकिन इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

### यह है मामला



तेलंगाना में एक पति-पत्नी के बीच लंबे समय से अनबन चल रही थी। पत्नी ने पति और उसके परिवार पर क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मार्च 2023 में एफआईआर दर्ज करा दी। महिला का कहना था कि पति घर के पैसों पर पूरा नियंत्रण रखता था, उससे खर्चों का हिसाब मांगता था और आर्थिक फैसलों में उसे बोलने का मौका नहीं देता था। इसी आधार पर उसने आपराधिक केस कर दिया। यह मामला अप्रैल 2023 तेलंगाना हाईकोर्ट गया, जहां हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पति सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मामले में सुनवाई की।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- आरोप चरित्र पर सवाल, अपराध नहीं

महिला ने यह भी आरोप लगाया था कि उसे अमेरिका में सॉफ्टवेयर कंसल्टेंट की नौकरी छोड़कर घर पर रहने के लिए मजबूर किया गया और बच्चे के जन्म के बाद वजन को लेकर उसे ताने दिए गए। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर पति ने गर्भावस्था या बच्चे के जन्म के बाद पत्नी की ठीक से देखभाल नहीं की या उसके वजन को लेकर ताने मारे तो यह उसका गलत और असंवेदनशील व्यवहार हो सकता है। ऐसी बातें पति के स्वभाव और सोच पर सवाल खड़े करती हैं, लेकिन सिर्फ इन्हीं वजहों से उसे आईपीसी की धारा 498 ए या आपराधिक क्रूरता का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। आपराधिक कानून का इस्तेमाल निजी दुश्मनी निकालने या आपसी हिसाब-किताब चुकाने के लिए नहीं होना चाहिए।

### बांग्लादेशी प्लेयर के खेलने पर सरकार की रोक नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने पर विवाद थम नहीं रहा। इस बीच खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा-भारत की स्पोर्ट्स पॉलिसी में बांग्लादेश से द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज खेलने या बांग्लादेशी खिलाड़ियों के आईपीएल खेलने पर कोई रोक नहीं है। इस तरह की रोक सिर्फ पाकिस्तान की टीम और उसके खिलाड़ियों के ऊपर ही है। मुस्तफिजुर आईपीएल-2026 में खेलेंगे या नहीं, फैसला बीसीसीआई को लेना है, सरकार को नहीं। इधर, बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा-यह हमारे हाथ में नहीं है। बांग्लादेशी खिलाड़ियों को लीग में खेलने से रोकने को लेकर सरकार की ओर से कोई निर्देश नहीं मिला है।

# ग्रोक से फौरन अश्लील कंटेंट हटाने के निर्देश

## केंद्र सरकार ने 72 घंटे में रिपोर्ट मांगी, महिलाओं की अश्लील तस्वीरें बनाईं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से कहा कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानून कार्रवाई की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (आईटी) ने कहा कि आदेश जारी होने के समय से 72 घंटे के भीतर एक एक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपें।

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई थी। उन्होंने आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसमें कहा था कि कुछ लोग एआई की मदद




से महिलाओं की असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मामला है। मंत्रालय का कहना है कि एक्स ने आईटी एक्ट 2000 और आईटी नियम 2021 के तहत तय कानूनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं किया।

### परोस रहे अश्लीलता

कुछ यूजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फर्जी अकाउंट बनाते हैं। इन अकाउंट्स से वे महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट करते हैं। इसके बाद ग्रोक एआई को प्रॉम्प्ट दिया जाता है कि महिलाओं की फोटो को गलत और आपत्तिजनक रूप में दिखाया जाए। एआई से कपड़े बदलने या तस्वीर को सेक्शुअल अंदाज में पेश करने जैसी प्रॉम्प्ट दिए जाते हैं। इन तस्वीरों के लिए अनुमति नहीं ली जाती। कई बार वे महिलाएं खुद भी नहीं जानतीं कि उनकी तस्वीरों का ऐसा यूज हो रहा है। आरोप है कि ग्रोक ऐसी गलत मांगों को रोकने के बजाय स्वीकार कर लेता है।

# अवैध रॉक ब्लॉस्टिंग से 4 तेंदुओं की मौत

## मृतकों में गर्भवती मादा भी, जांच के आदेश

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक में अवैध रॉक ब्लास्टिंग में 4 तेंदुओं की मौत से हड़कंप मच गया है। कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने गुरुवार को बेंगलुरु के बसवनतारा जंगल इलाके में एक मादा तेंदुए और उसके अजन्मे बच्चों की मौत की व्यापक जांच के आदेश दिए हैं।

कहा जा रहा है कि जंगल क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधि के चलते अवैध रॉक ब्लास्टिंग के कारण ही उन तेंदुओं की मौत हुई है। मंत्री का निर्देश तब आया जब बेंगलुरु शहर डिवीजन के तहत कग्गलीपुरा रेंज के वन कर्मचारियों को



रूटीन गश्त के दौरान एक तेंदुए का शव मिला, जिससे वन्यजीवों और जंगल की सुरक्षा पर पास की खदानों के असर को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। खंड्रे ने कहा, 'कग्गलीपुरा रेंज के बसवनतारा जंगल इलाके में गश्त के दौरान 27 दिसंबर को सर्वे नंबर-51 में एक तेंदुए का शव मिला। शुरुआती जांच में पता चला कि 3-4 साल की मादा तेंदुए की मौत दो से तीन दिन पहले हुई थी।

पीएम जांच में पेट में तीन बच्चे भी मिले। उन्होंने कहा, शुरुआती नतीजों से संकेत मिलता है कि तेंदुए की मौत पास की खदान में भारी पत्थर ब्लास्टिंग से हुई होगी। मंत्री ने कहा, 'यह अनुमान लगाया गया है कि तेंदुए की मौत पास की खदान से बड़े पत्थरों की ब्लास्टिंग के कारण हुई, और इस संबंध में एक एफआईआर दर्ज की गई है।' यशवंतपुर के विधायक एसटी सोमशेखर द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र करते हुए खंड्रे ने कहा कि तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

### बेल्लारी में राजनीतिक हिंसा में एक की मौत

**बेल्लारी, जेएनएन।** कर्नाटक के बेल्लारी में वाल्मीकि बैनर फाड़ने को लेकर गुरुवार को भाजपा-कांग्रेस समर्थक भिड़ गए। दोनों गुटों में हुई हिंसक झड़प के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। झड़प बीजेपी विधायक जनार्दन रेड्डी और कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी के समर्थकों के बीच बैनर लगाने को लेकर हुई, जो 3 जनवरी को शहर में वाल्मीकि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम से पहले पोस्टर-बैनर लगा रहे थे। भरत रेड्डी के समर्थक अवमभावी इलाके में जनार्दन रेड्डी के घर के सामने बैनर लगाने की कोशिश कर रहे थे, जिसका रेड्डी के समर्थकों ने विरोध किया। इससे दोनों गुटों में बहस हुई।

## स्वास्थ्य


### नई रिसर्च में दावा-दिल को जवान रखने में मदद कर सकती है छोटी सी नस

# ...तो अब आपका दिल रहेगा हमेशा जवान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नई रिसर्च से पता चलता है कि स्वस्थ और जवान दिल के लिए सबसे जरूरी चीजों में से एक वेगस नस हो सकती है। पीसा के सैंट्रएना स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज द्वारा कोऑर्डिनेट की गई और साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन में पब्लिश हुई स्टडी में पाया गया कि दोनों तरफ दिल से वेगस नस के कनेक्शन बनाए रखने से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमी होती है। ये नतीजे खासतौर पर दाहिनी कार्डियक वेगस नस पर जोर देते हैं, जिससे पता चलता है कि यह दिल की धड़कन की परवाह किए बिना, दिल की मांसपेशियों की कोशिकाओं की रक्षा करने और लंबे समय तक दिल की सेहत को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है।

**नर्व रीजेनरेशन के लिए बायोइंजीनियरिंग का रास्ता:** इन खोजों को संभव बनाने में बायोइंजीनियरिंग ने निर्णायक भूमिका निभाई। बायोरोबोटिक्स इंस्टीट्यूट में न्यूरोप्रोस्थेसिस पेटेंट के को-ऑथर यूजेनियो रेडोल्फी रीवा बताते हैं, हमने एक इम्प्लांटेबल बायोएब्जॉर्बेबल नर्व कंड्यूट डेवलप किया है, जिसे कार्डियक लेवल पर थोरेसिक वेगस नर्व के अपने आप रीजेनरेशन को बढ़ावा देने और गाइड करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### क्यों मायने रखता है वेगस नस का कनेक्शन खोना



प्रो. लियोनेटी बताते हैं, जब वेगस नस से कनेक्शन की अखंडता खत्म हो जाती है, तो दिल तेजी से बूढ़ा होता है। रिसर्चर्स ने यह भी पाया कि फायदे देखने के लिए पूरी नस की रिकवरी जरूरी नहीं है। ट्रेंक्रीलैब की कार्डियोलॉजिस्ट अनार दुशपानोवा कहती हैं, दाहिनी वेगस नस और दिल के बीच कनेक्शन की आंशिक बहाली भी रीमॉडलिंग के तरीकों का मुकाबला करने और प्रभावी कार्डियक कॉन्ट्रैक्टिलिटी को बनाए रखने के लिए काफी है।

**भविष्य की हार्ट और ट्रांसप्लांट सर्जरी के लिए खुलेंगे नए रास्ते:** प्रो. लियोनेटी निष्कर्ष निकालते हैं कि कुल मिलाकर ये नतीजे कार्डियोथोरेसिक और ट्रांसप्लांट सर्जरी के लिए नए रास्ते खोलते हैं। उनका सुझाव हैं कि सर्जरी के समय कार्डियक वेगल इनर्वेशन को बहाल करना लंबे समय तक दिल की सुरक्षा के लिए एक इनोवेटिव रणनीति हो सकती है, जिससे क्लिनिकल पैराडाइम समय से पहले कार्डियक एजिंग से जुड़ी देर से होने वाली जटिलताओं को मैनेज करने से लेकर उनकी रोकथाम की ओर शिफ्ट हो जाएगा।

**नर्व कंड्यूट किया डेवलप:** यह रिसर्च कई साइंटिफिक डिसिप्लिन में करीबी सहयोग पर आधारित थी, जिसमें कार्डियोवैस्कुलर रिसर्च में एक्सपेरिमेंटल मेडिसिन को एडवांस्ड बायोइंजीनियरिंग के साथ मिलाया गया था। इस स्टडी का नेतृत्व इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च सेंटर हेल्थ साइंस की ट्रांसलेशनल क्रिटिकल केयर यूनिट (ट्रैंक्रीलैब) ने प्रो. विन्सेन्जो लियोनेटी की देखरेख में किया था। टीम का नेतृत्व कर रहे बायोरोबोटिक्स इंस्टीट्यूट के प्रो. सिल्वेस्ट्रो मिसेरा ने भी इसमें अहम योगदान दिया, जिसने वेगस नस के रीजेनरेशन में मदद करने के लिए इस्तेमाल होने वाले बायोएब्जॉर्बेबल नर्व कंड्यूट को डेवलप किया।

### टीम में ये रहे शामिल

सभी एक्सपेरिमेंटल काम पीसा में यूरोपियन एफईटी (फ्यूचर एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज) प्रोग्राम से न्यूहार्ट प्रोजेक्ट के जरिए मिली फंडिंग और टस्कनी हेल्थ इकोसिस्टम द्वारा दिए गए पीएनआरआर फंड से आंशिक मदद से हुए। इस स्टडी में इटली और विदेश के प्रमुख संस्थानों का एक बड़ा नेटवर्क शामिल था। इनमें स्कूओला नॉर्मले सुपीरियर, पीसा यूनिवर्सिटी, फोंडाजियोन टोस्काना जी. मोनास्टेरियो, सीएनआर का इंस्टीट्यूट ऑफ क्लिनिकल फिजियोलॉजी, उडाइन यूनिवर्सिटी, जीवीएम केयर एंड रिसर्च, अल-फराबी कजाख नेशनल यूनिवर्सिटी, जेना में लाइबनिज इंस्टीट्यूट ऑन एजिंग और इकोले पॉलिटेक्निक फेडरल डी लॉजेन शामिल थे।


### लिवर की जांच फाइब्रोस्कन द्वारा निःशुल्क की जाएगी, डॉ प्रदीप निगम पेट, लीवर, पित, पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ द्वारा



**रीवा।** डॉ प्रदीप निगम पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ द्वारा दिनांक 10/1/2026 को लीवर की विशेष जांच फाइब्रोसैकन निःशुल्क की जाएगी, फाइब्रोस्कन के द्वारा लीवर के खराब होने की जानकारी मिलती है , फाइब्रोस्केन की जांच की फीस 3000 से 4000 तक प्रति मरीज लगता है।

लेकिन डॉ प्रदीप निगम द्वारा अब रीवा में फाइब्रोस्केन की जांच 10 जनवरी को निःशुल्क की जा रही है इसके अंतरिक पेट संबंधित सभी प्रकार का इलाज जैसे कि पीलिया, लीवर खराब होना, गैस, पेट में पानी भरना, पेट जलन, पैंक्रियाज का कैंसर, हेपेटाइटिस बी एवं सी, लीवर सिरोसिस, शराब के कारण लीवर की खराबी की बीमारी जैसा इलाज संभव है नई तकनीक जैसे कि एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ERCP द्वारा इलाज अब रीवा में उपलब्ध है अब प्रतिदिन डॉ निगम की सेवाएं **बाल भारती स्कूल के सामने समदड़िया गोल्ड में उपलब्ध है परामर्श हेतु 8770352872**

-Advt.



# घटिया निर्माण की खुल रही पोल, जगह-जगह से गिर रही रतहरा तालाब की बाउंड्री

## लगाए गए पैवर्स भी उखड़ रहे, जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे



**जागरण, रीवा।** रतहरा तालाब के चारों तरफ बनी बाउंड्री वॉल कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, कहीं की बाउंड्री गिर चुकी है तो कहीं गिरने की कगार पर है। बड़ी संख्या में लोगों का यहां आना होता है, ऐसे में भीड़भाड़ के दौरान कोई दीवार गिरती है तो लोगों के हित में नहीं होगा। कुछ लोगों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि यहां बनाई गई बाउंड्री के निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया जिसके चलते बाउंड्री में किया गया भ्रष्टाचार अधिक दिन तक छिप नहीं सका और जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई बाउंड्री के रूप में सामने आ गया। रतहरा क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बाउंड्री के साथ ही यहां लगाए गए पैवर्स भी सही तरीके से नहीं लगे, कई स्थानों के पैवर्स निकल चुके हैं तो बचे हैं वे भी कितने दिन दिखेंगे, कह नहीं सकते। लोगों ने बताया कि तालाब की सुरक्षा के मद्देनजर यहां बाउंड्री का निर्माण करवाया गया था, लेकिन बाउंड्री ही कई जगह से गिर चुकी है जिसका लाभ उठाकर सूरज ढलते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है जो यहां बैठकर नशाखोरी आदि भी करते देखे जा सकते हैं। जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

# पहले नाले पर किया कब्जा, अब शुरू किया निर्माण

## प्रशासन ने तुड़वाया था निर्माण, अब निकाल ली दर्जनों दुकानें



**जागरण, रीवा।** मैदानी से करहिया मण्डी जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित शासकीय नाले पर निर्माण कर लिया गया है। आसपास के रहवासियों की मानें तो यहां पर काफी पुराना व लगभग 70 फीट चौड़ा नाला था, जिसे वर्तमान में नाले पर निर्माण करने वालों ने नाली के रूप में परिवर्तित कर दिया। जबकि यहां शुरू किए निर्माण की शिकायत करने के बाद प्रशासन द्वारा निर्माण पर रोक लगाए जाने के साथ ही किया गया निर्माण तुड़वाया भी गया था, लेकिन एकाध साल रुकने के बाद यहां पुनः निर्माण कार्य शुरू किया गया और वर्तमान में दर्जनों दुकानें व मकान का निर्माण क्हो चुका है। इतने से भी निर्माण करने वालों का पेट नहीं भरा और नाले के आगे भी नींव खोदकर पिलर खड़े करने सरिए गाड़ दिए गए हैं। बारिश के दौरान पूरे मैदानी क्षेत्र में पानी भर गया था, कई कॉलोनी-बस्तियों के मकान आधे से अधिक डूब गए थे, नाले में किया गया निर्माण तुड़वाया तब जाकर मैदानी क्षेत्र में भरा पानी निकाला गया था, लेकिन नाले का निर्माण नहीं रुका, नाले पर कब्जा करने के बाद अब उसके सामने भी पिलर गाड़ने की तैयारी चल रही है, ग्राम पंचायत मैदानी को यहां हो रहे कब्जे से कोई सरोकार नहीं है, पंचायत द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई, न ही अब की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी भी जानकर अनजान बने हैं, जिसका लाभ नाले पर निर्माण करने वाले उठा रहे हैं।

# कोहरे, ओस के कारण खुले में रखी धान हो रही खराब



**जागरण, रीवा।** करहिया मण्डी को धान उपार्जन केन्द्र बनाया गया है, यहां धान तो क्रय की जा रही है, किन्तु उसका समय पर उठाव नहीं किया गया, अभी भी धीमी गति से ही धान का उठाव हो रहा है। जिससे मण्डी परिसर में धान का काफी भण्डारण हो गया है, मण्डी के शेडों में यहां के व्यापारियों का कब्जा है, जिनका माल इन शेडों में बारह महीने पड़ा रहता है, जिसके चलते क्रय की गई धान शेडों के बाहर खुले आसमां के तले रखना पड़ी। धान बोरियों में भरी होने के साथ ही जमीन पर भी बिखरी है, जो पिछले कई दिनों से गिर रही ओस व कोहरे के कारण गीली हो रही है, जिसका उठाव मंद गति से किया जा रहा है, जबकि प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि धान उपार्जन के साथ ही उसका भण्डारण भी नियमित रखा जाए, आवश्यकता पड़ने पर और भी वाहन उपलब्ध कराए जाएं, किन्तु प्रशासन के उक्त आदेश को ताक पर रख उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव समय पर नहीं करवाया गया, कई बारदाने अभी भी खुले ही शेड से बाहर पड़े हैं, उनमें भी कोहरे व ओस के कारण नमी आ गई है। यही स्थिति रही तो धान खराब होने में अधिक समय नहीं लगेगा। वैसे भी बीयर, शराब का बनाने वाले धान को सड़ाकर ही बीयर, शराब का निर्माण करते हैं, गत वर्ष उन्हें सड़ा हुआ गेहूं आसानी से मिल गया था लगता है इस वर्ष नाममात्र दाम में धान उपलब्ध हो जाएगी। नुकसानी सरकार को वहन करना पड़ेगा।

**मंद गति से किया जा रहा उठाव, हम्मालों को ही नहीं पता कब तक उठेगी**

# सेमरिया नप के बाद अब जिपं वार्ड चुनाव में भी हारी भाजपा

## कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मृत्युंजय मिश्रा को मिली जीत

जागरण, रीवा

निकाय चुनाव परिणाम के बाद व पंचायत उपचुनाव में भाजपा को झटका लगा है। जिला पंचायत के वार्ड के चुनाव परिणाम भी कांग्रेस के खाते में गया है। उल्लेखनीय है कि साल 2025 के आखिरी दिन सेमरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष चुनाव परिणाम में कांग्रेस की जीती थी अब नए साल के दूसरे दिन जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 16 के आए चुनाव परिणाम में फिर कांग्रेस के पक्ष में गए। कांग्रेस समर्थित मृत्युजय मिश्रा की जीत हुई। क्षेत्र की जनता ने भावनात्मकता के साथ दिवंगत जिला पंचायत सदस्य अश्वनी मिश्रा उर्फ मुन्ना खैरा के पुत्र को मृत्युंजय को क्षेत्र का नेतृत्व सौंपा है। बता दें कि अश्वनी मिश्रा मुन्ना खैरा के निधन के बाद खाली सीट के लिए उपचुनाव हुआ है। मैदान में 10 प्रत्याशी थे लेकिन जनता ने मृत्युंजय को ही चुना। अश्वनी मिश्रा कद्दावर कांग्रेस नेताओं में गिने जाते थे। हालांकि जिला पंचायत का चुनाव दलीय आधार पर नहीं होता लेकिन पार्टी का समर्थन रहता है।



### गंगेव हायर सेकेंडरी में स्कूल में हुई मतगणना

शुक्रवार को विकासखंड गंगेव बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में सुबह 6 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई, मत गणना के प्रारंभिक रुझान से मृत्युंजय मिश्रा जीत की ओर अग्रसर रहे और परिणाम उन्हीं के पक्ष में रहा। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनिल सिंह को लगभग 1200 वोटों के अंतर से पराजित किया। उम्मीदवारों में विजयी प्रत्याशी मृत्युंजय मिश्रा को 4094, निकटम प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी अनिल सिंह को 2819 मत मिले। इस प्रकार रामनिवास गौतम 2522, राकेश पटेल 2199, शैलेन्द्र सिंह 2005, योगेन्द्र बहादुर सिंह पटेल 1896, रोहित पटेल 1604, चंद्रप्रकाश तिवारी 1551, कल्पना रावत 1353, संगीता पटेल 291 और नोटा को 265 मत मिले। उपरोक्त आकड़ें विश्वस्त सूत्रों से मिले हैं, तथापि मामूली बदलाव की संभावना है।

# अनुबंध का पंजीयन नहीं कराने पर निरस्त होगा आवंटन

## समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने दिए निर्देश




**जागरण, रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की दुकानें 35 माह के लिए किराए पर आवंटित की जाती है। 35 माह पश्चात 15 प्रतिशत किराए में वृद्धि कर इनका नवीनीकरण कर अनुबंध का पंजीयन कराने का प्रावधान है। समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि कई काम्पलेक्स के हितग्राहियों द्वारा नवीनीकरण अनुबंध का पंजीयन नहीं कराया जाता, जिसे निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गंभीरता से लेते हुए यह निर्देशित किया है कि किराए पर आवंटित दुकानों का अनुबंध नवीनीकरण पंजीयन कराया जाय, क्योंकि पंजीयन नहीं कराने से शासन को स्टाम्प शुल्क की क्षति उठानी पड़ रही है। नगर निगम रीवा द्वारा गोलपार्क बस स्टैण्ड, रेवांचल बस स्टैण्ड, खन्ना टॉकीज के सामने, कलेक्ट्रेट के पीछे, सुरुचि कॉम्पलेक्स, खन्ना चौराहा, कोर्ट के सामने, गौरव कॉम्पलेक्स गोरहा सब्जी मण्डी, जानकी पार्क, अपना बाजार, सुपर मार्केट, लक्ष्मी मार्केट, गल्ला मण्डी, रानीगंज, परिणय कॉम्पलेक्स बिछिया, समृद्धि कॉम्पलेक्स धोबिया टंकी, मड़वास हाउस, बांसघाट, इंदिरा मार्केट कटरा, सब्जी मण्डी प्रकाश परिसर गंगा वाटिका, गांधी कॉम्पलेक्स, महामृत्युंजय कॉम्पलेक्स, यातायात नगर में निर्मित दुकाने किराए पर 35 माह के लिए आवंटित हैं और इनमें से जिन हितग्राहियों ने अनुबंध नवीनीकरण एवं पंजीयन नहीं कराया है, उन्हे पूर्व में भी नोटिस दी गई है तथा वर्तमान में भी इन पर कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने उक्त हितग्राहियों से अपील की है, उन्हे किराए पर आवंटित दुकानों का अनुबंध का नवीनीकरण एवं उसका पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें, अन्यथा आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

# प्रदूषित पानी से मौतों के विरोध में युवा कांग्रेस ने फूंका पुतला

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन



**रीवा।** इंदौर में प्रदूषित पानी पीने से 14 निर्दोष लोगों की दर्दनाक मौत के विरोध में सिरमौर चौराहे पर युवा कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्रियों को आम जनता के जीवन और स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे प्रदेश में लोग पानी पीने से जान गंवा रहे हैं। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मांग की कि ऐसे गैर-जिम्मेदार मंत्रियों से प्रदेश सरकार को तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि सरकार द्वारा शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो युवा कांग्रेस प्रदेश-भर में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। पुतला दहन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल, प्रदेश महासचिव प्रमोद पटेल, जिला महासचिव नीरज यादव, सद्दाम चौहान, विधानसभा अध्यक्ष रोहित यादव, सेमरिया विधानसभा अध्यक्ष विष्णु सिंह, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत विश्वकर्मा, बनकुइयां ब्लॉक अध्यक्ष रवि रावत, बोदाबाग ब्लॉक अध्यक्ष विपिन सेन, निशांत सिंह, रवि सुमित, विक्की यादव सिंह, मानवेंद्र सिंह सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाने के विरोध में चार घंटे का रखा उपवास

**रीवा।** केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी अधिनियम (मनरेगा) को बदल कर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) करने के विरोध में अमहिया ललऊघाट के पास दोपहर 12 से 4 बजे तक चार घंटे का उपवास सामाजिक कार्यकर्ता गफूर खांन के नेतृत्व में रखा गया और रघुपति राघव राजा रामा के नाम का संकीर्तन किया गया। उपस्थित लोगों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता गफूर खांन ने कहा कि देश की प्रत्येक राज्य सरकारें इतने कर्ज में डूब चुकी हैं कि सरकार चलाने के लिए रोज कर्ज लेना पड़ रहा है, अब उन्हें मजदूरों को मजदूरी देने के लिए भी कर्ज लेना पड़ेगा। बदले हुए कानून से ऐसा प्रतीत होता है कि केन्द्र सरकार देश के करोड़ों करोड़ खेतिहर मजदूर का निवाला छीन कर अति गरीब बनाने मे लगी हुई है। उपवास कार्यक्रम पश्चात् उपस्थित लोगों को भोजन करवाया गया और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी गई। इस अवसर पर रमाकान्त दुबे, रामलाल श्रीवास्तव, हाजी इशहाक, सुभाष सोनी, छोटे खांन, सावित्री श्रीवास्तव, अन्नू अंसारी, शुभम श्रीवास्तव, रहीम खांन, परिवर्तन पटेल सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग उपस्थित रहे।

# लीज नवीनीकरण नहीं कराया तो लगेगा दंड

## अभी प्रक्रिया करने पर प्रशमन प्रभार व अर्थदण्ड मिलेगा लाभ

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा में वेष्ठित पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम कॉम्पलेक्स, तानसेन कॉम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड, व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियों को 30 सितम्बर 1996 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित हैं, उनका लीज अवधि 30 वर्ष पूर्ण होने के 4 माह पूर्व मप्र. नगरपालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है। नियम में यह भी प्रावधान है कि यदि लीज नवीनीकरण नहीं कराया गया या लीजडीड अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, तो आवंटन निरस्त कर लीज समाप्त कर दी जावेगी। हितग्राहियों को लीज नवीनीकरण कराने हेतु समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना दी गई है और व्यक्तिगत सूचना भी दी जा रही है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अपील की है कि जिन हितग्राहियों ने लीज नवीनीकरण अभी नहीं कराया है, वह तत्काल नगर निगम कार्यालय रीवा में आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही करावें और प्रशमन प्रभार, शास्ति, आवंटन निरस्तगी, लीज समाप्ति जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचें।

### 4 प्रतिशत तक की छूट का मिलेगा लाभ

जागरण, रीवा। वित्तीय वर्ष 2025-2026 का सम्पत्ति कर जमा करने पर माह जनवरी 2025 में 4 प्रतिशत मूल सम्पत्तिकर पर छूट दी जा रही है। नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे भवन, भूमिस्वामी जो वित्तीय वर्ष 2025-2026 का सम्पत्तिकर जमा नहीं किए हैं, वह माह जनवरी 2026 में 4 प्रतिशत छूट के साथ जमा कर सकते हैं। साथ ही ऐसे भवनस्वामी जो स्वयं निवास करते हैं उन्हे 50 प्रतिशत सम्पत्तिकर में छूट दी जा रही है। गौरतलब है कि दोनो छूट मिलाकर माह जनवरी में 50ब्र54: की छूट मूल सम्पत्तिकर पर भवनस्वामियो को दी जा रही है। साथ ही ऐसे भवनस्वामी जिन्होने वर्ष 2024-25 तक का सम्पत्तिकर जमा नहीं किया है, वह शीघ्र राशि जमा करें, अन्यथा उनके भवन/प्रतिष्ठान में तालाबन्दी/कुर्की की भी कार्यवाही की जावेगी। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने रीवा शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह अपने भवन/भूमि का सम्पत्तिकर जमा कराकर नगर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

# सरलता और सादगी की प्रतिमूर्ति थे स्वामी हरिकृष्णदास

## धूमधाम से मनाया गया आशीर्वाद दिवस




**रीवा।** आंग्ल नववर्ष अवसर पर स्थानीय सिंधु भवन में गुरुदेव बाबा हरिकृष्णदास उदासी का 101वाँ जन्मोत्सव गंगवानी परिवार सेंट्रल पंचायत और सर्व संगत ने श्रद्धा भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुखमनी साहिब के सामूहिक पाठ से हुआ। श्री गुरु ग्रन्थ साहिब की पवित्र वाणी का भोग साहिब हुआ। इस अवसर पर विश्वविख्यात संत स्वामी हंसदास के संगीतमय प्रवचनों का लाभ सर्व संगत को प्राप्त हुआ। बाबा जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने बताया कि सतगुरु बाबा हरिकृष्ण दास जी सरलता और सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उन्हें आडंबर बिल्कुल पसंद नहीं था। वे स्वयं बाहरी दिखावे से दूर जीवन पर्यंत एक छोटी सी झोपड़ी में रहे, परंतु अपने भक्तों को उन्होंने न सिर्फ भौतिक बल्कि अध्यात्म क्षेत्र में भी मालामाल कर दिया। आज वो शरीर के रूप के हमारे साथ नहीं है, परंतु उनकी चैतन्यता का अनुभव उनके भक्तमंडल को आज भी होता है। ऐसी महान विभूति का जन्मोत्सव गंगवानी परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की शुभ भाव के साथ आरती और प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में जबलपुर से पधारे श्री भजनलाल की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन में मैहर से महेश दरयानी, झामनदास, मोहनदास गोकलानी, रीवा से सरदार प्रहलाद सिंह, संतूलाल आहूजा, गुरमुखदास मोटवानी, नंदलाल कोटवानी, कन्हैयालाल मंगलानी, महेश थारवानी, ज्ञानचंद मोटवानी, रवि ठरवानी, राजकुमार टिलवानी, विजय सचदेवा, कैलाश कोटवानी, कमलेश सचदेवा, दीपक जियानी, दिलीप लेखवानी, प्रकाश तारानी, वीरेंद्र चुंगवानी, सत्यपाल चुंगवानी, पप्पू मंजानी, मनीष चंदवानी, लेखराज मोटवानी, विजय थावानी, गुलाब साहनी, मनोहरलाल गंगवानी, गिरधारीलाल गंगवानी, प्रदीप, शंकर, विशाल, अमित समस्त गंगवानी परिवार सहित नगर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं व पुरुष सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का समापन भंडारा प्रसाद के साथ हुआ।

# रीवा में भी हो सकती है बड़ी घटना : मंगू

**रीवा।** कांग्रेस प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि नगर निगम व रीवा विधायक लंबे समय से शहर के लोगों को शुद्ध मीठा जल पिलाने की बात करते आ रहे हैं लेकिन सच्चाई यह की पीने के लिए नल से दूषित जल और बदले में महानगर की तर्ज में सिर्फ पानी का बिल लोगों को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि दुख इस बात कि है की शहर में विकास की बात खूब होती है और विकास की ही पुकार हो रही है। नगर निगम भी कहता है बहुत जल्दी हम मीठा पानी देंगे किंतु पिछले 15 वर्षों से रीवा के जनमानस को मीठा पानी अभी तक नहीं मिल पाया, कुछ वार्ड तो ऐसे हैं जहां अभी तक लाइन ही नहीं पहुंच पाई है । यदि इंदौर की घटना बाद भी नगर निगम के अधिकारी व जिम्मेदार लोग नहीं जागे तो रीवा में भी बड़ी घटना दूषित पानी के कारण होने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने शीघ्र ही रीवा नगर निगम से दूषित पानी सप्लाई बंद कर मीठे पानी की सप्लाई किए जाने की मांग की है, यदि ऐसा नहीं हुआ तो आगामी गर्मी के मौसम में पानी का संकट विकराल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के मौसम में हर बार नगर निगम सम्पूर्ण वार्डो में सुव्यवस्थित पेयजल कराने का दावा करता है लेकिन व्यवस्था नही होती स्थिति यह होती है कि वार्डों के अंदर टैंकरों से पानी पहुंचाया जाता है। कांग्रेस नेता ने नगर निगम आयुक्त से और भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वार्डों के अंदर जल्दी-जल्दी मीठा पानी पहुंचे व दूषित पानी पर रोक लगे और सभी सप्लाई टंकियों की जांच हो, तभी रीवा के लोग स्वस्थ्य व खुशहाल रहेंगे।

# पीड़ित जनों की सेवा का लिया संकल्प



**रीवा।** जिले के सर्वहारा वर्ग के जनप्रिय समाजवादी विचारधारा के नेता रहे पूर्व विधायक राम लखन सिंह की जयंती पर उनके ज्येष्ठ पुत्र रमाशंकर सिंह व उनके समर्थकों ने जहां गृहग्राम परसिया में उनके समाधी स्थल में पुष्पअर्पित कर वृद्धजनों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया वहीं छोटे पुत्र दयाशंकर सिंह व नाती गौरव सिंह ने कांग्रेस जिला शहर कार्यकारी पूरे अध्यक्ष अनिल मिश्रा, पूर्व पार्षद विश्वनाथ सिंह, एडवोकेट श्रीप्रकाश तोमर, बाबूलाल यादव, नासिर अंसारी, केशव वर्मा, प्रभात सिंह के उपस्थिति में साईं मंदिर एवं कोठी स्थित भगवान शिव मंदिर में रहकर अपना जीवन व्यतीत करने वाले बेसहारा वृद्ध गरीबों को फल व मिष्ठान खिलाया तथा स्व.राम लखन सिंह के बताए हुए पथ पर चलकर पीड़ित जनों की सेवा का संकल्प लिया। सभी ने नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया।

# स्टार्टअप के लिए शासन दे रहा है सहायता

**रीवा।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में पात्र हितग्राही को तथा स्टार्टअप के लिए शासन द्वारा सहायता दिये जाने का प्रावधान है। स्टार्टअप नीति के तहत प्रतिमाह 10 हजार रुपये की दर से एक वर्ष तक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 5 प्रतिशत का ब्याज अनुदान तथा 15 प्रतिशत अधिकतम 15 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जे.पी. तिवारी ने बताया कि उद्योग कार्यालय में सहायक प्रबंधक दीपक मिश्रा मोबाइल नंबर 8889960027 एवं सोनल अग्रवाल सहायक प्रबंधक मोबाइल नंबर 9685944541 को योजना के लिए अधिकृत किया गया है।

# उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मनकामेश्वर मंदिर के कार्यों का किया निरीक्षण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द शुक्ल ने निर्माणाधीन मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।



एन सी एल NCL
नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
निविदा सूचना
सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामाग्री, कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रक्योरमेंट किया जाता है।
R-59

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
कीमोथेरेपी
शिशु रोग विभाग
पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन
कैंसर का ऑपरेशन
प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आकस्मिक सुविधा
यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

पहली बार देहदान पर दिया गया गार्ड आफ ऑनर

# वृद्धाश्रम में निवासरत रामकरण गुप्ता को मरणोपरांत दिया गया दधीचि सम्मान



## एसजीएमएच को सौंपा गया पार्थिव शरीर, जिला प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

जागरण,रीवा

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अंतर्गत संचालित वृद्ध आश्रम में निवासरत रामकरण गुप्ता का निधन शुक्रवार की सुबह हो गया। उनके शरीर को मरणोपरांत मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया, इस तारतम्य में जिला प्रशासन द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। अब उनके शव से मेडिकल छात्र अध्ययन करेंगे। यह पहला मामला है जब देहदान पर गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया है। अभी हाल ही में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री व उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की पहल पर डॉ मोहन यादव सरकार द्वारा किया गया। रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि रामकरण गुप्ता पिछले 12 वर्षों से रेडक्रॉस सोसायटी रीवा द्वारा संचालित पितामह सदन वृद्धाश्रम में निवासरत रहे। चूंकि रामकरण के केवल एक बेटी ही थी और वह विदेश में रहती थी। रामकरण के निधन पर उसे सूचना दी गई तो उसने अंतिम संस्कार करने में असमर्थता जताई और रेडक्रास चेयरमैन डॉ चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी। श्री चतुर्वेदी ने देहदान का प्रस्ताव रखा और उसे समझाया तो उसने लिखित में अपनी सहमति दी। जिसके बाद देहादान की आपैचारिकता पूरी की गई। देहदान के समय सम्मान सभा का आयोजन किया गया जिसमें चेयरमैन रेडक्रास डॉ.प्रभाकर चतुर्वेदी, अधिष्ठाता श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय डॉ.सुनील अग्रवाल, सचिव रेडक्रॉस राजेंद्र पांडेय, डॉ.अर्जुन सिंह परमार, डॉ.सुशील त्रिपाठी, डॉ.अजीत सिंह, पीयूष कुमार मिश्रा, डॉ.रघुवेंद्र सिंह एवं परिजन दीपक गुप्ता, विनोद गुप्ता उपस्थित रहें एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### 12 साल बाद सामने आए कथित परिजन


बता दें कि देहदान की तैयारी के बीच रामकरण गुप्ता के परिजन पहुंच गए, कथित बेटा उनकी देह की मांग कर रहा था, हालांकि उसे देह नहीं दी गई। बताया गया कि जीवित अवस्था में रामकरण गुप्ता ने यह सूचना दी थी कि उनकी एक बेटी है और वह विदेश में रहती है। बेटी ने ही देहदान के लिए सहमति भी दी थी। हालांकि उनका कथित बेटा रोक लगाए बैठा रहा और देहदान नहीं करने दे रहा था।



शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


# फर्जी ज्वाइनिंग से सीएमओ बने प्रवीण द्विवेदी के खिलाफ दर्ज हो सकती है एफआईआर

## 'विभागी अधिकारियों के सरंक्षण' के चलते अभी तक रुकी थी कार्रवाई




**जागरण, रीवा।** लगभग डेढ़ साल पूर्व फर्जी आदेश से सीएमओ बने प्रवीण द्विवेदी के खिलाफ जल्द ही एफआईआर की कार्रवाई की जा सकती है। चर्चा है कि अभी तक विभाग के कुछ खैरख्वाह अधिकारियों के संरक्षण के कारण प्रक्रिया प्रभावित थी। दरअसल नगर परिषद गुढ़, जिला रीवा में पदस्थ रहे तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रवीण द्विवेदी के विरुद्ध कूटरचित हस्ताक्षरयुक्त आदेश के आधार पर ज्वॉइनिंग कराए जाने के गंभीर प्रकरण में एफआईआर की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी सामने आई है। यह मामला नगरीय प्रशासन विभाग में हलचल का कारण बना हुआ है और अब यह एक बड़े प्रशासनिक विवाद का रूप लेता नजर आ रहा है। मामले की जांच में यह पाया गया था कि नियमों को ताक पर रखकर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर ज्वॉइनिंग कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकरण में तत्कालीन सीएमओ के.एन. सिंह का नाम भी सामने आया था। उनके विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करने का आदेश हुआ था, लेकिन उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण लेते हुए स्थगन आदेश (स्टे) प्राप्त कर लिया। हाईकोर्ट से राहत मिलने के चलते के.एन. सिंह के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई फिलहाल रुकी हुई है। बताया जा रहा है कि यह स्थगन आदेश केवल के.एन. सिंह तक सीमित है और अन्य अधिकारियों पर लागू नहीं होता।

स्थगन आदेश की वजह से अब पूरा मामला प्रवीण द्विवेदी के इर्द-गिर्द सिमटता नजर आ रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार चूंकि प्रवीण द्विवेदी के पक्ष में किसी प्रकार की न्यायिक रोक नहीं है, इसलिए उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसे लेकर पुलिस एवं संबंधित विभाग के बीच पत्राचार भी जारी बताया जा रहा है।

## लक्ष्मण बाग में भागवत कथा कल से



**रीवा।** लक्ष्मण बाग संस्थान रीवा में चल रहे गोदम्बा उत्सव के पावन पुनीत पर्व पर 4 जनवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया गया है जिसमें कथा व्यास आचार्य कृष्णकांत जी महराज लक्ष्मण बाग होंगे कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा कलश यात्रा कल 4 जनवरी को दोपहर 2 बजे चतुर्भुजी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मण बाग पहुंचेगी और कथा का शुभारंभ होगा। कथा का समापन 10 जनवरी को होगा एवं 11 जनवरी को बृहद भंडारे के साथ श्री गोदा रंगनाथ भगवान का विवाह उत्सव मनाया जाएगा।

## माघ मेला के लिए पुलिस ने तय किए पार्किंग व होल्डिंग प्वॉइंट

**रीवा।** माघ मेला में प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रहती है, जिसे लेकर रीवा की पुलिस ने मनगवां व चाकघाट में पार्किंग व होल्डिंग प्वाइंट बनाए है। माघ की पूर्णमासी तिथि में काफी संख्या में लोग गंगा स्नान के लिए जाते हैं जो आज है, इसके साथ ही मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा व शिवरात्रि के दिन प्रयागराज गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। इसको लेकर प्रशासन ने डायवर्सन पार्किंग व होल्डिंग प्वाइंट स्थल निश्चित कर सुचारु यातायात के लिए पुलिस बल की ड्यूटी लगाई है।

## भ्रूण लिंग जांच की सूचना देने वाले को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा।** गर्भस्थ शिशु के लिंग निर्धारण परीक्षण पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। शिशु का लिंग निर्धारण परीक्षण करना दण्डनीय अपराध है। भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वाले को दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि मुखबिर पुरस्कार योजना के तहत दी जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भ्रूण लिंग जाँच की सूचना देने वालों का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। उसकी सूचना के आधार पर प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में चालान प्रस्तुत होते ही एक लाख 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसमें 50 हजार रुपए, 25 हजार रुपए की राशि पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के जिला नोडल अधिकारी को तथा 50 हजार रुपए की राशि अभियोजन अधिकारी को दी जाएगी। न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर 75 हजार रुपए, इसमें सूचना देने वाले को 30 हजार रुपए, नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मुखबिर प्रोत्साहन योजना के तहत स्टिंग ऑपरेशन करने पर स्टिंग के सफल होने तथा सत्यापन के बाद मुखबिर को 50 हजार रुपए, सहयोगी महिला को 20 हजार रुपए तथा अन्य सहयोगी को 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। साथ ही नोडल अधिकारी को 15 हजार रुपए एवं अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपए, न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर मुखबिर को 30 हजार रुपए, डिकाय महिला को 10 हजार रुपए तथा सहयोगी को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# दुकानों का ताला तोड़कर चोरी कर रहा बदमाश पकड़ाया

## ग्रामीणों ने बंधक बनाने के बाद पुलिस को सौंपा



**जागरण, रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनौती में नए साल की रात चोरों ने दुकानों का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। हालांकि ग्रामीणों ने आहट पाकर एक आरोपी पकड़कर बंधक बना लिया, जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। आरोपी एक-एक कर चार दुकानों के ताला तोड़े थे, इसी दौरान स्थानीय लोगों की नींद खुल गई और चोरों की आहट पाकर एक चोर को पकड़ लिया गया। जिसके कब्जे से सब्बल और स्कूटी बरामद की गई है। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने युवक को कब्जे में लेकर थाने लाकर पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में दुकान संचालक राजीव गुप्ता, विमलेश गुप्ता और ऋषि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि वह लोग सो रहे थे। इसी दौरान उन्हें किसी के आने की आहट मिली, जब बाहर निकाल कर देखा तो एक युवक जिसका नाम प्रिंस चतुर्वेदी है, उसके द्वारा दुकानों का ताला तोड़ा जा रहा था, जिसे अन्य दुकानदारों ने एकत्रित होकर पकड़ा और पेड़ में बांध दिया। दुकान संचालकों का आरोप है कि पकड़े गए युवक द्वारा सब्बल के माध्यम से चार दुकानों के ताले तोड़े गए थे लेकिन चोरी करने में वह सफल नहीं हो पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई दुकानों के ताले टूटे हुए पाए हैं, पकड़े गए युवक को पुलिस अपने साथ थाने ले गई जहां उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### स्कूटी में मिला धारदार हथियार

ग्रामीणों ने बदमाशों की स्कूटी भी मौके पर पकड़ ली, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से धारदार हथियार बरामद किए गए। इससे साफ है कि बदमाश चोरी के साथ किसी बड़ी वारदात की फिराक में भी थे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गिरोह में इनामी बदमाश आलोक चतुर्वेदी और सचिन जायसवाल भी शामिल थे, जो मौके से फरार हो गए। कुछ दिन पहले स्थानीय युवक अनुराग मिश्रा पर भी इनके द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। ग्रामीणों का ने बताया कि अगर वो खुद बदमाश को न पकड़ते और न बांधते, तो शायद एक और बड़ी वारदात हो जाती। वहीं गढ़ पुलिस का कहना है कि फरार बदमाशों की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं और जल्द ही पूरे गिरोह को गिरफ्तार किया जाएगा।

# शहडोल जिले से आ रहे अवैध रेत वाहनों पर कार्यवाही नहीं हुई तो करेंगे अनशन

## माइनिंग मिनिरल्स एसोसिएशन ने पूर्व में भी की थी शिकायत, नहीं हुई कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** माइनिंग मिनिरल्स एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने बताया कि शहडोल जिले से अवैध रेत परिवहन किया जा रहा है, जिसकी शिकायत कई दिनों से चल रही है किन्तु अब तक इसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिसके चलते शहर के करीब 500 मोटर मालिकों का व्यापार समाप्त हो गया है। कई लोग अपने वाहनों की किस्त नहीं भर पा रहे। कुछ दिन पूर्व एक नंबर की गाड़ियां जो वैध हैं नदी से लोड कर रमान्ना टीपी समस्त पेपर कंपलीट करके ब्यौहारी के रास्ते रीवा-सतना जा रहे थे, उनमें तहसीलदार ब्यौहारी द्वारा कार्यवाही की गई। तहसीलदार ब्यौहारी द्वारा कार्यवाही की गई जो शहडोल जिले में आता है। समस्त मोटर मालिक जानना चाहते हैं जो बुड़वा सतनी, झिरिया, कुबरी, नौगटा से 2 नंबर की गाड़ी लोड होती है, जिनमें टीपी नहीं रहती, गाड़ी में नंबर प्लेट नहीं रहती, इनके विरुद्ध कार्यवाही क्यों नहीं हुई? देवलोंद थाना से गाड़ी लोड होती है वहां से निकलने के बाद रामनगर थाना, जिगना थाना, गोविंदगढ़ थाना होते हुए रीवा में प्रवेश करती हैं, इनमें आज तक कार्यवाही क्यों नहीं हुई? रामपुर थाना में कार्यवाही नहीं जहां से दिन रात दो नंबर के रेत के वाहन चल रहे हैं। जब इनके ऊपर दबाव बनाया कि अवैध वाहनों पर कार्यवाही करें तो वैध वाहनों पर कार्यवाही कर रहे हैं। इन सब लोगों को किसका संरक्षण प्राप्त है, संगठन के माध्यम से हम ये बताना चाहते हैं कि शहडोल जिले जो अवैध बालू निकल रही है, इसमें कुछ राजनेता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। जिनकी वजह से मोटर मालिकों के ऊपर कार्यवाही हो रही है। जब शिवराज सिंह की सरकार थी तब परिस्थिति इतनी खराब नहीं थी जो कि मोहन सरकार के आ जाने के बाद है। मोटर मालिकों का कहना है कि कौन सुनेगा, कहां गुहार लगाएं। उक्त मनमानी के चलते समस्त मोटर मालिकों ने निर्णय लिया है कि अगर 5 दिवस के अंदर अवैध बालू निकासी पर कार्रवाई नहीं हुई तो अनशन में बैठेंगे और उन सभी लोगो का नाम सामने लाएंगे जो भी इसमें संलिप्त हैं।

# अपर कलेक्टर ने कई खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण




**जागरण, रीवा।** जिले भर में 96 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। राजस्व तथा अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस क्रम में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने खरीदी केन्द्र बरहुला, रिमारी, जवा तथा खरीदी केन्द्र लूक कोनी का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने कहा कि उपार्जित धान का व्यवस्थित भण्डारण कराएं। खरीदी केन्द्र प्रभारी धान का परिवहन कराकर गोदामों में पहुंचाएं। गोदामों में धान पहुंचने के बाद ही स्वीकृति पत्र जारी होता है, जिसके बाद किसानों को भुगतान किया जाता है। परिवहन में देरी से किसानों को भुगतान में देरी होगी। अपर कलेक्टर ने किसानों से संवाद करके खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी तथा खरीदी से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में 3 लाख 39 हजार टन धान की हुई खरीद

जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में 2 जनवरी तक 55198 किसानों से 3 लाख 39 हजार 559 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 65043 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं। कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 39 हजार 472 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। कुल खरीदी में से 3 लाख 16 हजार 760 टन धान परिवहन के लिए तैयार है। अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में खरीदी गई धान के 88 प्रतिशत के स्वीकृति पत्र जारी किए जा चुके हैं। किसानों को 804 करोड़ 49 लाख का भुगतान मंजूर किया गया है तथा 444 करोड़ 75 लाख रुपए का किसानों के बैंक खाते में भुगतान किया जा चुका है। धान का उपार्जन 20 जनवरी तक किया जाएगा।

# सफल हिप रिप्लेसमेंट से फिर से चलना शुरू

## 39 वर्षीय मरीज को 7 महीने के दर्द के बाद मिला सुकून



**रीवा।** ग्राम बरी कलां जिला सतना निवासी 39 वर्षीय मरीज एक सड़क दुर्घटना के बाद 7 महीनों तक लगातार दर्द और चलने में परेशानी झेल रहा था। दुर्घटना के बाद मरीज का ऑपरेशन कहीं और किया गया था, लेकिन उसके बावजूद न तो दर्द कम हुआ और न ही चलने-फिरने में सुधार आया। स्थिति ऐसी हो गई थी कि रोज़मर्रा का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया, और मरीज पलंगबद्ध हो गए थे । लगातार तकलीफ के चलते मरीज ने कई जगह परामर्श लिया, पर कोई आराम न मिला। फिर उन्होंने डॉ. शान्तनु सिंह को दिखाया। डॉ. शान्तनु ने स्पष्ट किया कि पहले किए गए ऑपरेशन के बाद हिप की स्थिति ठीक नहीं हो पाई है और सही इलाज के लिए दोबारा ऑपरेशन आवश्यक है। इसके बाद मरीज का टोटल हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हा प्रत्यारोपण) ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के अगले दिन से ही मरीज बिना दर्द के चलने लगा। जो काम वह पिछले 7 महीनों से नहीं कर पा रहा था, अब उन्हें आसानी से करने लगा है। परिवारजन जो भविष्य को लेकर चिंतित थे, अब राहत महसूस कर रहे हैं। मरीज ने बताया कि ऑपरेशन के बाद भी डॉ. सिंह ने नियमित फॉलो-अप में हर छोटी-बड़ी बात पर मार्गदर्शन किया, जिससे रिकवरी और भी बेहतर हुई। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि सही निदान, समय पर निर्णय और अनुभवी ऑर्थोपेडिक सर्जन का आत्मविश्वास मरीज के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। 7 महीने के दर्द और निराशा के बाद आज मरीज फिर से आत्मनिर्भर होकर सामान्य जीवन जी रहा है। डॉ. शान्तनु सिंह ने बताया कि वे अपने इलाज में आधुनिक तकनीक और आधुनिक सर्जिकल तरीकों का उपयोग करते हैं।

# मप्र. स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स 11 और 12 को

## मप्र. को वैश्विक स्टार्टअप डेस्टीनेशन बनाने की पहल

**जागरण, रीवा।** मप्र. स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स 2026 का आयोजन 11 और 12 जनवरी को रवीन्द्र भवन भोपाल में होगा। यह आयोजन प्रदेश में स्टार्टअप एवं नवाचार इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय पहल के रूप में होगा। इस समिट का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इससे राज्य में उद्यमिता, नवाचार एवं समावेशी आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इस आयोजन की परिकल्पना मप्र. को एक वैश्विक स्टार्टअप गंतव्य के रूप में स्थापित करने के महत्वपूर्ण कदम के रूप में की गई है।

समिट का उद्देश्य स्टार्टअप्स, निवेशकों, इनक्यूबेटर्स, उद्योग जगत के लीडर, शैक्षणिक और वित्तीय संस्थानों तथा शासकीय विभागों के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है जिससे नवाचार आधारित उद्यमशील विकास को गति दी जा सके। वर्तमान में मप्र. में एक सशक्त एवं समावेशी स्टार्टअप इकोसिस्टम विद्यमान है, जिसमें लगभग 6,344 मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स शामिल हैं। इनमें लगभग 3,023 स्टार्टअप्स महिलाओं के नेतृत्व वाले हैं। यह इकोसिस्टम 100 से अधिक इनक्यूबेटर्स के मजबूत संस्थागत ढांचे द्वारा समर्थित है। आयोजन एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत करेगा, संरचित नीतिगत विमर्श एवं स्टार्टअपङ्कनिवेशक संवाद को सक्षम बनाएगा तथा एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवार्ड्स 2026 के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करेगा। उद्घाटन सत्र के दौरान 'स्टार्टअप सक्सेस स्टोरीज़ कंपेंडियम' का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें राज्य के उल्लेखनीय स्टार्टअप्स की सफल कहानियाँ सम्मिलित होंगी और यह भावी उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करेगा।

एमपी स्टार्टअप समिट 2026 के दो दिवसीय आयोजन के रूप में नियोजित किया गया है, ताकि सभी ईकोसिस्टम हितधारकों की सार्थक एवं परिणामोन्मुखी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। पहला दिन 11 जनवरी को इकोसिस्टम सुदृढ़ीकरण एवं प्रारंभिक चरण के निवेश संवाद पर केंद्रित होगा। इसमें इनक्यूबेटर सस्टेनेबिलिटी पर मास्टरक्लास, एग्री एफपीओ को स्टार्टअप के रूप में विकसित करने पर विषयगत चर्चा, स्टार्टअप पिचिंग का क्वालिफायर राउंड तथा निवेशकों एवं इकोसिस्टम लीडर्स के साथ क्लोज्ड-डोर नेटवर्किंग डिनर होगा। दूसरा दिन 12 जनवरी को रणनीतिक सहभागिता, मान्यता एवं सेक्टर-विशिष्ट ज्ञान साझा करने पर केंद्रित रहेगा। इसमें स्टार्टअप पिचिंग के फाइनल राउंड, मुख्यमंत्री, डॉ. यादव द्वारा उद्घाटन एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ, स्टार्टअप सक्सेस स्टोरीज़ कंपेंडियम का विमोचन, एमपी स्टार्टअप इकोसिस्टम अवार्ड्स-2026 का वितरण तथा प्राथमिकता वाले विषयों पर सेक्टर-विशिष्ट सत्र शामिल होंगे। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप राज्य में स्टार्टअप विकास हेतु नीतिगत पहलों एवं भविष्य की रूपरेखा को प्रस्तुत करेंगे।

### 3 हजार प्रतिभागी होंगे शामिल

इस समिट में लगभग 3 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जिनमें स्टार्टअप फाउंडर्स, निवेशक, इनक्यूबेटर्स, एक्सेलेरेटर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान, शैक्षणिक प्रतिनिधि, छात्र, शासकीय अधिकारी एवं उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टॉल्स लगेंगे, जिसमें स्टार्टअप्स के साथ इनक्यूबेटर्स, फंड्स एवं बैंक, एक जिला एक उत्पाद पहल तथा शासकीय विभागों के लिए स्टॉल्स आरक्षित किए जाएंगे। यह प्रदर्शनी स्टार्टअप्स को अपने नवाचार प्रदर्शित करने, निवेशकों से जुड़ने और नीति निर्माताओं एवं उद्योग हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगी। मप्र. स्टार्टअप समिट 2026 को मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व एवं एमएसएमई मंत्री के नीतिगत मार्गदर्शन के अनुरूप एक रणनीतिक एवं उच्च प्रभाव वाली पहल के रूप में परिकल्पित किया गया है, जिसका उद्देश्य मप्र. को एक उभरते हुए स्टार्टअप एवं नवाचार केंद्र के रूप में सशक्त करना है। यह समिट इकोसिस्टम सहयोग को गहराई प्रदान करने, निवेश को प्रोत्साहित करने और राज्य में सतत उद्यमशील विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पुरस्कार के लिये ज्यूरी का गठन

एमपी स्टार्टअप ईकोसिस्टम अवार्ड्स 2026, समिट की एक प्रमुख गतिविधि होगी। छह स्टार्टअप श्रेणियों श्रेष्ठ महिला उद्यमी, श्रेष्ठ युवा उद्यमी, सर्वाधिक नवोन्मेषी स्टार्टअप, श्रेष्ठ प्रारंभिक चरण स्टार्टअप, श्रेष्ठ ग्रोथ-स्टेज स्टार्टअप और प्राथमिकता क्षेत्रों में श्रेष्ठ स्टार्टअप के अंतर्गत नामांकन प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त इनक्यूबेटर्स जैसे प्रमुख ईकोसिस्टम योगदानकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उद्योग जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, वेंचर कैपिटलिस्ट्स एवं वरिष्ठ ईकोसिस्टम प्रतिनिधियों से युक्त एक ज्यूरी का गठन किया गया है, जो पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदनों का आकंलन कर पुरस्कार विजेताओं की संस्तुति करेगी।

# रेलवे स्टेशनः पार्किंग छोड़ बीच सड़क पर लगा रहता है ऑटो, ई-रिक्शा का मजमा

## इनकी भरमार से लोगों का पैदल निकलना होता है मुश्किल, कोई ध्यान नहीं दे रहा



**जागरण, रीवा।** शहर का रेलवे स्टेशन इन दिनों यातायात नियमों के उल्लंघन का केन्द्र बना हुआ है। यहां पर पार्किंग व्यवस्था होने के बावजूद ऑटो व ई-रिक्शा चालक अपने वाहन पार्किंग में खड़े न कर बीच सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, वाहनों को खड़ा करने के बाद चालक सवारियों के फेर में यहां से नदारद हो जाते हैं, ऐसे में किसी ट्रेन के आने अथवा जाने के समय आने वाले लोगों को खासी परेशानी होती है। कोई चार पहिया वाहन लेकर आता है, जिनमें बुजुर्ग, कोई बीमार भी रहते हैं, जिन्हें गेट के समीप उतारने वाहन चालक अपना वाहन ले जाना चाहे तो ऑटो व ई-रिक्शा के बेतरतीब खड़े होने के कारण वाहन वहां तक पहुंचने की जगह ही नहीं रहती। मजबूरन बीमार व बुजुर्गों को वहीं उतरकर प्लेटफार्म तक पैदल जाना पड़ता है। लगभग हर शहर, कस्बा जहां रेलवे स्टेशन हैं वहां पर ऑटो, ई-रिक्शा आदि खड़े करने के लिए पार्किंग स्थल नियत किए गए हैं, और वहीं पर वाहन खड़े करवाए जाते हैं, किन्तु शहर में इन नियमों का पालन कतई नहीं हो रहा, जबकि समीपस्थ रेलवे स्टेशनों की अपेक्षा रीवा रेलवे स्टेशन के बाहर काफी जगह है, लेकिन कई बार तो यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है, खासकर उस समय जब कोई ट्रेन यहां आती है, ऑटो व ई-रिक्शा चालक अपने वाहनों सहित गेट के सामने तक घुस आते हैं, जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं, यातायात पुलिस यहां यदाकदा दिखाई देती है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## भागीरथपुरा त्रासदी से सबक लेने की जरूरत

*इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल पीने से हुई जनहानि ने शहर के प्रशासनिक ढांचे और जन-स्वास्थ्य सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह त्रासदी कोई तकनीकी विफलता नहीं,नागरिक सेवाओं के प्रति संवेदनशीलता की कमी और जवाबदेही के अभाव का परिणाम है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस घटना में अब तक 15 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि सरकार ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में जो स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की है उसमें मृतकों की संख्या केवल 4 बताई गई है। जबकि इंदौर के महापौर खुद 10 व्यक्तियों की मौत की बात स्वीकार कर चुके हैं। इतना ही नहीं एक दिन पूर्व सात मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की पेशकश की बात भी सामने आयी थी। सरकारी आंकड़ों में यह अंतर सवाल खड़ा करता है कि आखिर वास्तविकता में कितने लोगों की मौत हुई है?*

*इस घटना की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है, जो इस बात का प्रमाण है कि यह मामला अब केवल एक स्थानीय समस्या नहीं रह गया है। मुख्य सचिव से दो सप्ताह के भीतर मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि जीवन के अधिकार जैसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इस जिम्मेदारी में हुई चूक ने एक बड़े मानव निर्मित संकट को जन्म दिया है। प्रशासनिक स्तर पर हो रही कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहीं न कहीं तंत्र में बड़ी खामी मौजूद है। नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव और एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी करना और सिसोनिया को इंदौर से हटाना इस दिशा में प्रारंभिक दंडात्मक कदम हैं। साथ ही, जल वितरण विभाग के इंचार्ज सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से प्रभार वापस लेना यह दर्शाता है कि जमीनी स्तर पर निगरानी और रखरखाव में घोर लापरवाही बरती गई। भागीरथपुरा जैसे क्षेत्रों में अक्सर जल निकासी और पेयजल की लाइनें पुरानी और जर्जर होने के कारण आपस में मिल जाती हैं, जिससे पानी के दूषित होने का खतरा बना रहता है। इस तरह की तकनीकी कमियों को समय रहते दूर न करना सीधे तौर पर आपराधिक लापरवाही की श्रेणी में आता है।*

*अधिकारियों के तबादले और नोटिस एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है, क्या यह उन परिवारों को न्याय दिला पाएगा जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है? इंदौर को स्वच्छता में अग्रणी बनाए रखने वाले तंत्र को अब आत्ममंथन की जरूरत है कि क्या बाहरी चमक-दमक के बीच बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है? प्रशासन को आंकड़ों को नियंत्रित करने के बजाय मौतों के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा सुनिश्चित करना चाहिए। दरअसल, भविष्य की दृष्टि से यह अनिवार्य है कि इंदौर ही नहीं, पूरे प्रदेश की पुरानी बस्तियों की जल वितरण प्रणाली का ऑडिट किया जाए। भागीरथपुरा की यह दुखद घटना एक चेतावनी है कि यदि बुनियादी नागरिक सुविधाओं के प्रबंधन में सुधार नहीं किया गया, तो 'स्मार्ट' होने के तमाम दावे खोखले साबित होंगे। शासन को चाहिए कि वह कठोर कार्रवाई के साथ-साथ एक ऐसा पारदर्शी तंत्र विकसित करे जहां जल प्रदूषण जैसी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हो, ताकि किसी और निर्दोष को अपनी जान न गंवानी पड़े।*

अंतरराष्ट्रीय कूटनीति — **खालिदा जिया के जनाजे में एस. जयशंकर के शामिल होने से असहज हो रहे हैं यूनुस।**

## ढाका में शोक के अवसर पर दोस्ती का पैगाम

पुष्परंजन

जमात-ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान ने भारतीय राजनयिकों के साथ मुलाकात की बात मानी है। यह खबर जंगल में आग की तरह फैली है। बांग्लादेश स्थित जमात-ए-इस्लामी को भरोसे में लेने की जरूरत और भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर का पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के जनाजे में शामिल होना, ये दो घटनायें सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को असहज किये हुए है। मोहम्मद यूनुस चुनाव तक बांग्लादेश में बतौर 'गेस्ट आर्टिस्ट' हैं, बाद के दिनों में वो राष्ट्रपति बनेंगे, या मार्गदर्शक मंडल में शामिल होंगे? यह सवाल अधर में लटका पड़ा है। एक इंटरव्यू में, जमात अमीर ने कहा कि जब मैं बीमार था, जैसे दूसरे देशों के राजनयिक मुझसे मिलने आए, वैसे ही दो भारतीय राजनयिक भी कुशल-क्षेम के वास्ते मेरे घर आए थे। मैंने उनसे वैसे ही बात की, जैसे दूसरों से की थी।

जमात-ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान ने कहा, 'भारतीय राजनयिकों ने अनुरोध किया कि इस दौरे को सार्वजनिक न किया जाए। आगे भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय हितों से जुड़ी भविष्य की कोई भी बैठक की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी।' जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने पुष्टि की, कि मैंने अपनी बाईपास सर्जरी के बाद सितम्बर, 2025 की शुरुआत में एक भारतीय राजनयिक से मुलाकात की थी। अब सवाल यह है, कि क्या जमात लीडरशिप बीएनपी नेताओं के सम्बन्ध भारत के साथ सॉफ्ट करने में कोई भूमिका निभा रही है? यह भी एक किस्म की 'पोलिटिकल बाईपास सर्जरी' है, जिससे मुहम्मद यूनुस के रणनीतिकार अनजान थे।

जमात ने आखिरी बार 2001 और 2006 के बीच बीएनपी के साथ एक जूनियर गठबंधन सहयोगी के रूप में सत्ता संभाली थी, और वह फिर से उसके साथ काम करने के लिए तैयार है। बाहर से यही दिख रहा था कि भारत विरोधी माहौल बनाने में जमात पाकिस्तान के इशारों पर यह सबकुछ कर रहा था, लेकिन अब वो कयास कथा पलटती दिख रही है। बांग्लादेश में हिन्दू विरोधी माहौल से देश, और देश से बाहर किस-किस को फायदा मिलता है? इस बारे में डिप्लोमेट तो खुलकर बोलेंगे नहीं, लेकिन यह विश्लेषण का विषय है। बुधवार को, जिस तरह का हुजूम बेगम खालिदा जिया के जनाजे में दिखा, वो इस बात का संकेत है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) एक बार फिर सियासी पारी खेल सकती है। सबका यही अनुमान था कि चुनाव तक बांग्लादेश में जो पार्टियां मैदान में हैं, वो हिन्दुओं को निशाने पर लेते हुए, भारत विरोधी विष वमन करेंगी। लेकिन, किसी ने सोचा नहीं था कि



इस बीच बीएनपी की सर्वोच्च नेता खालिदा जिया को सिपुर्द-ए-खाक करने की सूरत बन आएगी, और भारतीय विदेशमंत्री शोक और दोस्ती का पैगाम लेकर ढाका जायेंगे।

विश्लेषकों ने माना है, कि एस. जयशंकर को ढाका भेजने का फैसला कूटनीतिक परिपक्वता का परिचायक है। एस. जयशंकर ढाका जितने समय थे, उन्होंने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मिलने की जहमत नहीं उठाई। इससे साफ संदेश जा रहा था, कि भारत सरकार की दिलचस्पी देश के अस्थायी व्यस्थापक में कतई नहीं है।

पीएम मोदी अदावत को दोस्ती में बदलने की कला में माहिर राजनेता हैं। उसका एक और उदाहरण बुधवार को देखने को मिल गया। जून, 2015 में बांग्लादेश यात्रा के दौरान, मोदी ने खालिदा जिया से मुलाकात की, जो उस समय विपक्ष की नेता थीं। दोनों पक्षों ने बातचीत को सकारात्मक बताया, मोदी ने बाद में इसे एक 'गर्मजोशी भरी मुलाकात' के रूप में याद किया। उसी मुलाकात का हवाला मोदी के पत्र में था, जो उनके बेटे और बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान को अपने विदेशमंत्री के माध्यम से भेजा था।

बांग्लादेश से भारत के सम्बन्ध उतार-चढ़ाव वाले ही रहे हैं। सैन्य शासन के पंद्रह साल की अवधि के दौरान, भारत और बांग्लादेश ने एक-दूसरे को बड़े पैमाने पर सुरक्षा अनिश्चितता की दृष्टि से देखना शुरू किया था। दोनों देशों ने एक-दूसरे के क्षेत्र में विद्रोहियों को गुप्त समर्थन दिया। नई दिल्ली ने बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट्स में शांति वाहिनी का समर्थन किया। इस बीच, ढाका ने भारत के उत्तर-पूर्व में विद्रोहियों को हथियारों की खेप पहुंचाने में मदद की, और उन्हें बांग्लादेशी धरती पर शिविर स्थापित करने की अनुमति दी।

जिया की बीएनपी सरकार को भी भारत विरोधी ही माना जाता था। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान और चीन के साथ रक्षा सौदों को बढ़ावा दिया गया, जो भारत के लिए चिंता का विषय था। उन्होंने भारतीय ट्रकों के लिए बांग्लादेश से होकर जाने वाले ट्रांजिट को 'गुलामी' बताया और पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंचने के लिए भारत को ट्रांजिट अधिकार देने से इनकार कर दिया। खालिदा जिया पर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवादी समूहों को पनाह देने, और आईएसआई के साथ सांठगांठ के आरोप लगे। बे ?म ि?या ने 1972 की भारत-बांग्लादेश मैत्री संधि और 1996 की गंगा जल संधि को 'गुलामी की संधि' और 'गुलामी का सौदा' करार दिया था।

डिप्लोमेटिक सूत्र इस बात की पुष्टि करते हैं, कि भारतीय राजनयिकों ने लंदन प्रवास के दौरान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेता तारिक रहमान के साथ अनौपचारिक संपर्क बना रखा था। इसलिए एस. जयशंकर का ढाका जाना, आपदा में अवसर जैसा ही था। बीएनपी नेता तारिक रहमान के लन्दन से लौटने के बाद, जितनी तेज रफ्तार से सियासी मौसम में बदलाव आया है, उससे मुहम्मद यूनुस की सरपरस्ती वाले छात्र नेता असमंजस में हैं। छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने 28 फरवरी, 2025 को नेशनल सिटीजन पार्टी की स्थापना की थी। नाहिद की नेशनल सिटीजन पार्टी सत्ता में आने के सपने देखने लगी थी। संभवतः इनके लिए ही मुहम्मद यूनुस ने दिसंबर के बदले दो माह आगे चुनाव टाल दिया था। एक और छात्र संगठन 'इंकलाब मंच' के सह-संस्थापक शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद, बीएनपी ने इनके घावों पर मरहम लगाना शुरू किया है। इस सबके बावजूद, शेख हसीना से दोस्ती के पुराने दिन याद करने का कोई मतलब नहीं रह गया। अब वो नई दिल्ली के लिए गले की हड्डी बन चुकी हैं। इस बार अवामी लीग को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। अर्थात, बांग्लादेश में भारत के लिए अवामी लीग के रूप में कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में बांग्लादेश की राजनीति में जो विकल्प दिखते हैं, उन्हीं के साथ भारत को संबंध दुरुस्त करने होंगे।

खुला मंच

## लाइकतंत्र के भरोसे नहीं चलता लोकतंत्र

आलोक पुराणिक

वर्ष 2025 खत्म हो गया पर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म नहीं हो रहा है। कई बार लगता है कि बस अंत हो गया है, पर फिर चलता जाता है। लगता है कि इस युद्ध को चलाने वालों ने एकता कपूर के सीरियल स्कूल से ट्रेनिंग ली है, हर बार स्टोरी आगे बढ़ा देते हैं। पुतिन हर बार कहते हैं–'हम शांति चाहते हैं।' और फिर अगले दिन मिसाइलें भेज देते हैं। जेलेंस्की हर मंच पर कहते हैं–'हम जीत रहे हैं।' और फिर अगले दिन मदद की गुहार लगाते हैं। दुनिया देख रही है कि यह युद्ध अब असली से ज्यादा राजनीतिक रियलिटी शो बन गया है।

पाकिस्तानी नेता, आर्मी जब अपनी एयरलाइंस नहीं बेच रहे होते हैं, तो वो किसी देश के पास भीख मांग रहे होते हैं। अब आईएमएफ ने बोर्ड पर लिख दिया है–'पाकिस्तानियों के लिए अलग लाइन।'

ट्रंप का जलवा कायम रहा, कॉमेडियनों और कार्टूनिस्टों के बीच। रोज कुछ बयान ऐसे देते हैं ट्रंप कि कार्टूनिस्टों को रोजगार मिल जाता है। ट्रंप की मानें तो हजारों युद्ध रुकवा चुके हैं, यह अलग बात है कि इतने युद्ध फिर शुरू हो गये हैं।

दिल्ली कुछ समय पहले तक भीषण स्मॉग से परेशान थी, अब जनता ठंड से परेशान है। ठंड और स्मॉग मिलकर अद्भुत कॉकटेल बना रहे हैं दिल्ली में। अब तक तमाम डिपार्टमेंट के अफसर, कर्मचारी दिल्ली में पोस्टिंग की जुगाड़ लगाते हैं। बहुत जल्दी यह होगा कि जिन्हें दंड देना होगा, उनकी पोस्टिंग दिल्ली में होगी- पनिशमेंट पोस्टिंग।

आजकल नेताओं से ज्यादा पॉपुलर हो रहे हैं सोशल मीडिया स्टार। लाखों फॉलोअर हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के। लोग नेताओं की नहीं, सोशल इनफ्लुएंसरों की सुन रहे हैं। इस ख्याल से कई इनफ्लुयएंसर पॉलिटिक्स में आ जाते हैं। लेकिन पांच लाख फॉलोअर वाले को पांच सौ वोट न मिलते। जनता बहुत चतुर हो गयी है। वह सोशल इन्फ्लुएंसर को भी बेवकूफ बना लेती है। इससे पता लगता है कि जनता चतुर हो रही है और नेता बेवकूफ। लोकतंत्र या लाइकतंत्र, जनता के सामने ठोस रिजल्ट देने होंगे। सिर्फ लफ्फाजी से काम न चलेगा।

धुरंधर फिल्म सुपर कामयाब रही है। पाकिस्तान की चिंताएं बढ़ गयी हैं क्योंकि धुरंधर टू भी आने वाली है। पहले सन्नी देयोल ही खंभा उखाड़ परफारमेंस देते थे, अब रणवीर सिंह खंभा नहीं, आईएसआई उखाड़ परफारमेंस दे रहे हैं।

पाकिस्तान से युद्ध लड़ने में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री बिजी है। सीनियरटी के लिहाज से इस युद्ध में सन्नी देओल को 'ब्रिगेडियर' माना जा सकता है और रणवीर सिंह को 'कर्नल'।

प्रसंगवश

## गिग-वर्कर्स की मांगों पर गंभीरतापूर्वक हो विचार

*बाजार आने-जाने के झंझट से बचा लोगों के घरों में तुरत-फुरत जीवन उपयोगी सामान पहुंचाने वाले गिग-वर्कर्स की जटिल कार्यपरिस्थितियां और पसीने का मोल न मिलना, बेहद चिंता की बात है। अपना व परिवार का पोषण करने वाले ये युवा अकसर सरपट मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियां चढ़कर ऊंची मंजिलों में दरवाजों तक सामान पहुंचाते देखे जा सकते हैं। बेहद कम मेहनताने, कंपनी मालिकों के दबाव व ग्राहकों की उपेक्षा झेलते गिग वर्कर्स ने नये साल की पूर्व संध्या पर हड़ताल करके अपनी बदहाली को ही उजागर किया है। संवेदनशील कार्य परिस्थितियों और नौकरी की असुरक्षा के चलते गिग-वर्कर्स हड़ताल पर थे। हालांकि, नये साल पर काम के दबाव व पूरी तरह संगठित न होने के कारण इनकी हड़ताल का कुछ ही इलाकों में असर देखा गया। पूरे देश में सामान की आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसा भी कोई समाचार नहीं मिला है। लेकिन गिग-वर्कर्स की विषम कार्य-परिस्थितियों की ओर पूरे देश का ध्यान जरूर गया है। पिछले दिनों आप के राघव चड्ढा और राजद के मनोज कुमार झा जैसे सांसदों ने गिग वर्कर्स के शोषण का मुद्दा संसद में उठाया था। निस्संदेह, देश की गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन में अपनी क्षमता साबित की है। विडंबना है कि भारत युवाओं को देश का कहा जाता है, लेकिन हम उनकी आकांक्षाओं का रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। दरअसल, गिग-वर्कर्स की प्रमुख मांग है कि उनके काम का बेहतर भुगतान हो और उनके लिये बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनायी जाएं। उनकी इस हड़ताल ने इन मुद्दों पर देश का ध्यान खींचा है। लेकिन देश के प्रमुख खाद्य वितरण करने वाली कंपनी ने 31 दिसंबर को इस हड़ताल के बावजूद ऑर्डर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की। वहीं थके-हारे बाइकर्स अपनी अनगिनत शिकायतें व्यक्त करते रहे। दरअसल, विडंबना यह है कि खूब काम लेने के बावजूद गिग-वर्कर्स को पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी के दायरे से बाहर आजीविका कमाने वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है।*

*दरअसल, गिग-वर्कर्स को नई अर्थव्यवस्था में नियोक्ता एक कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने के दायित्व से बचने का प्रयास करते हैं। लेकिन नियोक्ताओं की हायर व फायर की रणनीति के चलते, वे असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को बाध्य होते हैं। इसके बावजूद वे आज शहरी जीवन व्यवस्था के लिये अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दौड़ते रहते हैं। वे सामान दस मिनट तक दरवाजे पर पहुंचाने के दबाव में हांफते-भागते, मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियों पर सामान चढ़ाते अकसर नजर आते हैं। आम तौर पर उपभोक्ताओं का व्यवहार भी अच्छा नहीं होता। देरी होने पर इन्हें झिड़का जाता है। सामान में नुक्स निकालकर इन्हें दौड़ाया जाता है। आज भारत में इनकी संख्या सवा करोड़ से अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इन कामगारों की संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक हो सकती है। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि मेहनताने में कटौती, जरा सी चूक पर आर्थिक दंड तथा समय से पहले पहुंचाने के दबाव से गिग-वर्कर्स त्रस्त हैं। मुश्किल परिस्थितियों में काम करते रहने के बावजूद ये कामगार हड़ताल में बड़ी संख्या में भाग नहीं ले पाये। दरअसल, प्लेटफॉर्म अकसर प्रोत्साहन और अतिरिक्त वेतन के जरिये श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन को दबा देते हैं।*

*निश्चित रूप से गिग-वर्कर्स का लगातार 14 घंटे काम करने के बावजूद सात-आठ सौ रुपये कमाना और दुर्घटना बीमा से वंचित रखना, इस व्यवस्था की उन खामियों की ओर भी इशारा करता है, जिन्हें केवल फौरी लालच या प्रोत्साहन से ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में हालिया श्रम सुधारों का महत्व बढ़ जता है। जिसमें पहली बार, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को कानून के तरह औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर के टर्नओवर का एक से दो फीसदी सामाजिक सुरक्षा कोष में अनिवार्य योगदान और आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर को कानूनी मान्यता की दिशा में एक लंबे समय से प्रतीक्षित बदलाव का संकेत देते हैं। हालांकि, कार्यान्वयन ही यह निर्धारित करेगा कि ये सुधार परिवर्तनकारी साबित होते हैं या केवल प्रतीकात्मक रहते हैं।*



सोना संग्रहण — **शादी, विरासत और गिफ्ट में मिले गोल्ड पर टैक्स के नियम जानना जरूरी।**

## बिना बिल के कितना सोना रख सकते हैं घर में ?

सुनयना चड्ढा

इन दिनों शादी का सीजन चल रहा है। इसका मतलब है घरों में लॉकर से सोना निकालकर दुल्हन के गहनों में शामिल किया जा रहा है। भारत में किसी व्यक्ति या परिवार के पास सोने की मात्रा पर कोई कानूनी सीमा नहीं है। शर्त सिर्फ यह है कि सोना खरीदने या पाने का स्रोत बताया जा सके। ज्यादातर लोग जिन सीमाओं का जिक्र करते हैं, वे सीबीडीटी की नॉन-सीजर गाइडलाइंस से जुड़ी हैं। ये गाइडलाइंस आयकर विभाग की तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के दौरान लागू होते हैं। ये सोना रखने की सीमा नहीं हैं, बल्कि वे मात्रा हैं जिनके भीतर होने पर, दस्तावेज न होने की स्थिति में भी आमतौर पर गहने जब्त नहीं किए जाते।

**कितना सोना रखना कानूनी रूप से सही है?**

चार्टर्ड अकाउंटेंट मोहम्मद एस चोखावाला के अनुसार, अगर सोने के गहने या आभूषण वैध आय से प्राप्त किए गए हैं और करदाता उसका स्रोत समझा सकता है, तो उन्हें रखने पर कोई पाबंदी नहीं है।

इसमें विरासत में मिला सोना भी शामिल है। हालांकि, एक तय मात्रा तक घर में सोना रखने के लिए स्रोत बताने की जरूरत नहीं होती।

**यह मात्रा है–**

**विवाहित महिला**– 500 ग्राम तक सोने के गहने रख सकती है।

**अविवाहित महिला**– 250 ग्राम तक सोने के गहने रख सकती है।

**पुरुष**– 100 ग्राम सोने के गहने रख सकते हैं।

**हिंदू अविभाजित परिवार**– सोने की मात्रा का आकलन परिवार की आय और सामाजिक स्थिति के आधार पर किया जाता है, इसके लिए कोई तय सीमा नहीं है।



यानी कि एक सामान्य परिवार, जिसमें पति, पत्नी और एक अविवाहित बेटी शामिल हों, उसके लिए कानूनी रूप से स्वीकार्य सोने की मात्रा कुल 850 ग्राम है। मौजूदा 22 कैरेट सोने की कीमतों के हिसाब से, मेकिंग चार्ज जोड़ने के बाद भी इसकी कीमत 1.2 करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है। यह सोना घर में कानूनी रूप से रखा जा सकता है। भले ही उसके बिल न हों, बशर्ते वह घरेलू इस्तेमाल के गहने हों और कमर्शियल स्टॉक न हों। ये सीमाएं भारतीय सामाजिक परंपराओं को ध्यान में रखकर तय की गई हैं और इन्हें घरों में रखे जाने वाले सोने की उचित मात्रा माना जाता है। यह भी जान लें कि ये तय सीमाएं केवल उसी व्यक्ति के परिवार के सदस्यों पर लागू होती हैं, जिसके खिलाफ आयकर विभाग की तलाशी (टैक्स सर्च) की कार्रवाई की जाती है। यदि तलाशी के दौरान परिवार के सदस्यों के अलावा किसी और के आभूषण पाए जाते हैं, तो उन्हें कर अधिकारियों द्वारा जब्त किया जा सकता है।

इन सीमाओं को भारतीय परिवारों के लिए सांस्कृतिक रूप से उचित माना जाता है और आमतौर पर आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान इन्हें लागू किया जाता है।

**यह स्पष्टता क्यों जरूरी है?**

यह जानकारी परिवारों के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इससे टैक्स सर्च के दौरान बेवजह की घबराहट से बचाव होता है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में गहनों के महत्व को मान्यता मिलती है। वैध घरेलू संपत्ति और अघोषित आय के बीच साफ फर्क किया जा सकता है। गलत जानकारी के कारण होने वाली महंगी कानूनी या अनुपालन संबंधी गलतियों से बचाव होता है। अधिकांश गलतियां दो छोरों पर होती हैं– या तो लोग मान लेते हैं कि बिना बिल का कोई भी सोना अवैध है, या फिर बड़ी मात्रा में रखे गए, बिना स्रोत बताए गए सोने के लिए जरूरी दस्तावेजों को दुरुस्त रखने की जरूरत ही नहीं समझते और इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर देते हैं।

सिंघानिया एंड कंपनी में पार्टनर रितिका नैय्यर के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति वर्षों में घोषित आय से खरीदे गए सोने का स्रोत साबित कर सकता है, तो वह कितनी भी मात्रा में सोना रख सकता है। इसी तरह, उपहार या विरासत में मिले सोने के मामले में भी संबंधित बिल, वसीयत, डीड या अन्य दस्तावेज होने चाहिए। इसलिए, अगर तय सीमा से ज्यादा सोना रखा गया है, तो खरीद या प्राप्ति से जुड़े सभी दस्तावेज और सबूत संभालकर रखना बेहद जरूरी है। उपहार के मामलों में मौके, रिश्तेदार, राशि और बिल जैसी जानकारी दर्ज होनी चाहिए, ताकि टैक्स जांच से बचा जा सके या आयकर विभाग की किसी भी तलाशी या आकलन प्रक्रिया के दौरान अपने दावे को सही तरीके से साबित किया जा सके। ये लचीले नियम सिर्फ व्यक्तिगत और घरेलू इस्तेमाल के गहनों पर लागू होते हैं।

उन्होंने कहा कि तय सीमा से ज्यादा और बिना हिसाब-किताब वाला सोना टैक्स चोरी माना जा सकता है। ऐसे मामलों में सोने की कीमत के करीब 60 फीसदी तक टैक्स, इसके अलावा सरचार्ज और सेस लगाया जा सकता है। साथ ही अतिरिक्त ब्याज और जुर्माना भी देना पड़ सकता है। गंभीर मामलों में, परिस्थितियों के आधार पर सोने की जब्ती भी हो सकती है।

**इन बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए**

निवेश के तौर पर जमा किया गया सोना, बड़ी मात्रा में रखे गए बुलियन, सिक्के या सोने की ईंटें, बिना वित्तीय स्रोत बताए ट्रेडिंग या सट्टे के लिए जमा किया गया सोना आदि के स्रोत के सही दस्तावेज अपने पास रखें।

अगर सोने की मात्रा तय सीमा से ज्यादा है और उसका स्रोत नहीं बताया जा सकता, तो अतिरिक्त सोना अघोषित निवेश माना जा सकता है। ऐसे में भारी टैक्स और जुर्माना लगाया जा सकता है।

जीवन दर्शन

## पछतावे योग्य कर्मों को टालने में है समझदारी

दीर्घसूत्रता एक सार्वभौमिक संघर्ष है, जो हमारी प्रगति में बाधा डालती है और पछतावे की ओर ले जाती है। प्राचीन ज्ञान इस बाधा को पार करने के लिए मूल्यवान पाठ प्रदान करता है। पौराणिक रामायण में, लंका के युद्ध के अंत में, रावण भगवान राम से पराजित होकर जमीन पर पड़ा हुआ था। अंतिम साँसें लेते हुए, उसने लक्ष्मण को गहरे जीवन पाठ सिखाए। उसने सकारात्मक अवसरों को हाथ से जाने से पहले ही पकड़ने की वकालत की और नकारात्मक प्रवृत्तियों के आगे झुकने से सावधान किया।



रावण ने जगदंबा सीता के अपहरण में जल्दबाजी करने और दूसरी ओर, स्वर्ग की सीढ़ी बनाने में देरी करने के अपने निर्णय पर पछतावा व्यक्त किया। अपनी गलतियों को ईमानदारी से स्वीकार करते हुए, रावण ने लक्ष्मण को समय द्वारा लाए जाने वाले अद्भुत रूपांतरण और पछतावे योग्य कर्मों को टालने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। मानव शरीर के अनमोल उपहार और इसकी क्षणभंगुरता को पहचानना महत्वपूर्ण है।

केवल मानव रूप में ही हमें उच्चतम बुद्धि और साथ ही विवेक शक्ति प्राप्त होती है जो लाभकारी और सुखदायक के बीच अंतर करने के लिए हमें सक्षम बनाती है। यही हमें जीवन के हर क्षण का विवेकपूर्ण उपयोग करने में समर्थ बनाती है बजाय जीवन के अंत में पछतावे के आगे झुकने के।

रावण ने मानव रूप द्वारा प्रस्तुत प्रचुर अवसरों को पकड़ने के महत्व को उजागर किया और पुण्य कार्यों को टालने से सावधान किया। मानव शरीर के अनमोल उपहार और इसकी क्षणभंगुरता को पहचानना महत्वपूर्ण है।

जीवन इसकी क्षणभंगुरता की कई ऐसे सूक्ष्म याद दिलाने वाली बातों से भरा है। बच्चों की लापरवाह प्रवृत्ति को देखिए, जो परीक्षाएँ नजदीक आते ही केंद्रित दृढ़ निश्चय में बदल जाती है। परीक्षा से एक दिन पहले उनका समर्पण अडिग होता है। क्यों? क्योंकि वे बीतते हुए समय के महत्व और पढ़ाई में सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर क्षण के उपयोग को समझते हैं।

इसलिए, जीवन की क्षणभंगुर प्रकृति को पहचानिए और हर क्षण का अधिकतम उपयोग कीजिए, क्योंकि उद्देश्यपूर्ण और पूर्णता से भरा जीवन उन्ही का इंतजार करता है जो ऐसा करते हैं।

अंततः, ब्रह्मांड हम सभी को हर दिन एक समान संसाधन देता हैङ्कऔर वह है समय। यह हमारे ऊपर है कि हम उसका उपयोग बुद्धिमानी से करें, घड़ी की सुइयों की फुसफुसाहट को सुनें और उसके संकेतों को समझें। ऐसा करके हम अपने समय का अधिकतम उपयोग कर सकते हैं और उत्पादकता और संतोष के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन उन्हें छोटे, क्रियात्मक चरणों में बाँटना एक महत्वपूर्ण अंतर ला सकता है।

**जॉन बैरिएट**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**अपि चेदसि पापेभ्य**
**सर्वेभ्यः पापकृत्तमः।**
**सर्वं ज्ञानप्लवेनैव**
**वृजिनं संतरिष्यसि॥**

**भावार्थ**

यदि तू अन्य सब पापियों से भी अधिक पाप करने वाला है, तो भी तू ज्ञानरूप नौका द्वारा निःसन्देह सम्पूर्ण पाप-समुद्र से भलीभाँति तर जायेगा।

## न्यूज कार्नर

### 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर व्याख्यान माला आज

**रीवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में अपरान्ह 3:30 बजे से 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है, जिसके मुख्य वक्ता रीवा विभाग के विभाग प्रचारक हरिनारायण होंगे। कार्यक्रम संयोजक एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला रीवा के अध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने बताया कि व्याख्यानमाला के साथ ही संघ साहित्य चिंतन प्रवाह के बारे में अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल के प्रान्त अध्यक्ष प्रो. राकेश सोनी उद्बोधन देंगे। इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अखिल भारतीय सह कोषाध्यक्ष कमलाकान्त गर्ग का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रवादी चिन्तक समीर शुक्ला करेंगे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहेंगे। अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल के प्रान्त महामंत्री चन्द्रकान्त तिवारी ने नगर के साहित्यकार, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकगण के अलावा नगर के व्यापारी वर्ग, अधिवक्ता बन्धुओं, मातृ शक्तियों सहित प्रबुद्ध जनों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

### छात्रों को महत्वपूर्ण जीवन कौशल के सिखाए गुर

**रीवा।** शा.आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में उन्नति फाउंडेशन द्वारा आयोजित 30 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को संचार कौशल, आत्मविश्वास निर्माण, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, समय प्रबंधन एवं व्यावसायिक व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाए गए। इसके अतिरिक्त पाठ्यक्रम से हटकर कई अतिरिक्त एवं कॅरियर उन्मुख गतिविधियों का भी प्रशिक्षण दिया गया, जो विद्यार्थियों के भविष्य में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न इंटरएक्टिव सत्रों, समूह गतिविधियों, प्रस्तुतियों एवं व्यावहारिक अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास एवं समस्या समाधान क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। समापन समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों ने इस उपयोगी कार्यक्रम के आयोजन हेतु महाविद्यालय प्रशासन एवं प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी, महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी डॉ. विवेक वर्मा तथा उन्नति फाउंडेशन की डॉ. तृप्ति दुबे को विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया।

### ग्रामीण संसाधनों की वास्तविक स्थिति को दर्शाया



**रीवा।** समपी खौर गाँव में पीआरए गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एस.के. त्रिपाठी, केवीके प्रमुख डॉ. ए.के. पांडेय, कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय सिंह तथा खौर समूह प्रभारी डॉ. संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस पीआरए प्रक्रिया में गाँव के स्थानीय लोगों की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन दो समूहों के माध्यम से किया गया, जिनका नेतृत्व वंशिका एवं दीपिका चौहान ने किया। उनके कुशल नेतृत्व में पीआरए गतिविधियों को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से पूरा किया गया। पीआरए के दौरान गाँव में उपलब्ध सभी संसाधनों जैसे-खेत, खलिहान, नदी, तालाब, कच्ची एवं पक्की सड़कें, स्कूल, अस्पताल, कॉलेज, ग्राम पंचायत भवन, कुएँ, कृषि भूमि आदि को रंगोली एवं प्राकृतिक सामग्रियों (रेत, गिट्टी, पेड़ों की पत्तियाँ आदि) की सहायता से दर्शाया गया। पूरी गतिविधि को पूर्णत: प्राकृतिक स्वरूप में तैयार किया गया, जिससे ग्रामीण संसाधनों की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट रूप से समझा जा सका। इस पीआरए गतिविधि में अन्य छात्राओ पूर्णिमा, इशिका, महिमा, अनुराधा, ज्योति, आँचल, सुमन, निक्की, दिव्या, आरती, युकी, मानसी, पूजा एवं सुमन का भी सराहनीय योगदान रहा।

## राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

# जबलपुर, इंदौर व शहडोल ने जीते अपने मैच, मेजबान रीवा टीम को मिला वॉक ओवर

### 12 विवि की टीमों के बीच मुकाबला, 4 को होगा समापन



**जागरण,रीवा**

अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय स्टेडियम में शुक्रवार को राज्य स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज किया गया। यह प्रतियोगिता की मेजबानी उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यूटीडी द्वारा की जा रही है। प्रतियोगिता के शुभारंभ के दिन ही जबलपुर, इंदौर, शहडोल ने टीम ने अपना दबदबा बनाते हुए मैच जीते और अगले क्रम में अपनी जगह पक्की की वहीं मेजबान रीवा को भी प्रतिद्वंदी टीम ने नहीं आने पर वॉक ओवर दिया गया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 12 विश्वविद्यालय की टीमों को सम्मिलित होना था पर गुना विश्वविद्यालय की टीम नहीं पहुंची। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य अमित तिवारी, डॉ.अनुराग मिश्रा प्राध्यापक हिंदी विभाग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ.सुरेंद्र सिंह परिहार ने की। प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव डॉ.राम भूषण मिश्रा संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया।

### हार-जीत से खिलाड़ी को मिलती है सीख : कुलसचिव

अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव डॉ.सुरेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि खेलने में विजय और पराजय के साथ हर खिलाड़ी को सीखने को मिलता है। हार-जीत खेल का पहलू है लेकिन इससे खिलाड़ियों को और बेहतर करने की सीख मिलती है। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने कहा कि आज हर युवा को किसी न किसी खेल को खेलना आवश्यक होता है क्योंकि खेल से व्यक्ति में अनुशासन उत्पन्न होता है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर डॉ.संजीव मिश्रा, डॉ.गायत्री शुक्ला, डॉ.मनीष मिश्रा, डॉ.विजय पाल, रूक्मणी द्विवेदी, डॉ.रावेन्द्र सिंह, डॉ.राजेश भारती, डॉ.उपेन्द्र पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

### ऐसा रहा टीमों का प्रदर्शन

प्रतियोगिता का पहला मैच अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के बीच में खेला गया। जिसमें जबलपुर विश्वविद्यालय की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। यह मैच 15-15 ओवर का खेला गया। 15 ओवर में जबलपुर की टीम ने 145 रन बनाये। जबकि जवाब में ग्वालियर की टीम ने 15 ओवर में 130 रन बनाकर 15 रनों से मैच हार गई। प्रतियोगिता का दूसरा मैच एमपी सीए ग्राउंड में पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल और महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर के बीच में खेला गया जिसमें शहडोल की टीम के कप्तान ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। शहडोल की धारदार गेंदबाजी के सामने छतरपुर के विकेट पतझड़ के समान गिरते गए और 12 ओवर में 64 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। जवाब में शहडोल की टीम ने चार विकेट खोकर 11वें ओवर में 64 रन बनाकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। शहडोल की ओर से जबरदस्त बॉलिंग करने वाले प्रयाग चतुर्वेदी ने 4 ओवर में 12 रन देकर 5 विकेट लिए। प्रयाग चतुर्वेदी को आयोजन समिति की ओर से मैच की बाल उन्हें प्रदान की गई। गुना विश्वविद्यालय की टीम के ना आने के कारण अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा को वॉक ओवर प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का चौथा मैच अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय सागर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के बीच खेला गया। जिसमें सागर ने टॉस जीतकर इंदौर को बल्लेबाजी करने को आमंत्रित किया। इंदौर अश्वनी तिवारी ने 136 और विधान सिंह ने 104 की साक्षेदारी की बदौलत 17 ओवर में 271 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में सागर 17 ओवर में 104 रन बना सकी। इस प्रकार इंदौर ने 167 रनो से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के अंपायर विश्वविद्यालय स्टेडियम में निशी मिश्रा, अमित शर्मा और स्कोरर विकास सिंह एवं एमपीसीए ग्राउंड में रोहित सिंह, पवन तिवारी और स्कोरर रोशन मिश्रा रहे।

## वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**रीवा।** बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय दिव्यगवां में ईको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता, जैव विविधता संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक वाल पेंटिंग्स बनाई गईं। सभी चित्रों में विद्यार्थियों की सृजनात्मकताए कल्पनाशीलता तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। प्रतियोगिता के दौरान ईको क्लब के डॉ.किरण साकेत, डॉ.सुनीता बघेल, डॉ.सविता बेग, डॉ.विष्णु प्रजापति एवं विद्यासागर द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में अत्यंत सफल रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## शिक्षा विभाग ने दिव्यास्त्र चलाया

# हमारे शिक्षक ऐप से ही नेत्रहीन शिक्षकों की भी लगेगी ई-अटेंडेंस

### अभी तक थी छूट, अब विभाग ने जारी किए आदेश




**जागरण,रीवा।** नेत्रहीन शिक्षकों को ई-अटेंडेंस लगाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कई बार इस मामले में उच्चस्तरीय शिकायत भी दर्ज कराई गई। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग ने हमारे शिक्षक एप में परिवर्तन कराया और अब नेत्रहीनों की ई-अटेंडेंस संस्था प्रमुख द्वारा उसी ऐप पर लगाई जाएगी। ऐप में दिव्यांग शिक्षकों की सूची भी प्रदर्शित होगी, जिससे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। नेत्रहीनों ने इस नई व्यवस्था के लिए यह कहकर आभार जताया कि यह ऐप दिव्यास्त्र के समान है। संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार शिक्षकों की सुविधा हेतु हमारे शिक्षक ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इसमें हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से प्रतिदिन ई-अटेंडेंस दर्ज करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। इस संबंध में दृष्टिबाधित दिव्यांग शिक्षकों को हमारे शिक्षक ऐप पर उपस्थिति दर्ज करने में आ रही समस्याओं के समाधान को देखते हुए प्रक्रिया का सरलीकरण कराया गया है।

### यह है आदेश

इसके तहत एजुकेशन पोर्टल पर शिक्षकों की ई-सेवा पुस्तिका में दर्ज जानकारी के अनुसार जो शिक्षक दृष्टिबाधित दिव्यांग हैं उनकी सूची विद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित हो रही है। विद्यालय के लॉगिन पर संस्था प्रमुख द्वारा यह प्रमाणित किया जाएगा कि संबंधित शिक्षक शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग है एवं हमारे शिक्षक ऐप पर उपस्थिति दर्ज करने में असमर्थ है। इसके बाद संस्था प्रमुख द्वारा उनके विद्यालय में कार्यरत दृष्टिबाधित दिव्यांग लोक सेवकों की दैनिक उपस्थिति संस्था लॉगिन से प्रतिदिन दर्ज की जाएगी। उपरोक्त कार्यवाही संस्था प्रमुख द्वारा 3 जनवरी तक अनिवार्यत: पूर्ण की जाएगी। संबंधित दृष्टिबाधित दिव्यांग लोक सेवक की दैनिक उपस्थिति 5 से आगामी आदेश तक निरंतर संस्था प्रमुख द्वारा संस्था लॉगिन से दर्ज की जाएगी।

### टॉपर विद्यार्थियों की आंसरशीट अपलोड

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और 12वीं की परीक्षाओं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों की आंसरशीट अपनी वेबसाइट पर अपलोड की है, ताकि अन्य छात्र उनसे सीख सकें कि अच्छे अंक लाने के लिए उत्तर कैसे लिखे जाते हैं। यह पहल छात्रों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करती है। पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाना और विद्यार्थियों व शिक्षकों को बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। शिक्षक भी इन आंसरशीट का उपयोग कक्षा में उदाहरण के रूप में कर सकेंगे, जिससे विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सही दिशा मिल सकेगी। यह कदम छात्रों के बीच डर और भ्रम को कम करेगा तथा उन्हें यह समझने में सहायता करेगा कि किस प्रकार के उत्तरों को अधिक अंक मिलते हैं।

### रिटायमेंट पर उप संचालक केपी तिवारी का किया गया सम्मान

**रीवा।** जेडी कार्यालय में पदस्थ केपी तिवारी उपसंचालक की सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जेडी रीवा नीरव दीक्षित ने शाल एवं स्मृति चिन्ह, श्रीफल से श्री तिवारी को सम्मानित किया तथा भावपूर्ण विदाई दी गई। श्री तिवारी द्वारा रीवा संभाग के शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों को आभार व्यक्त किया गया है तथा उन्होंने कहा कि ऐसी समारोह पूर्ण विदाई ने उन्हें भाव विभोर कर दिया है। श्री तिवारी की कर्तव्य निष्ठा, टीम वर्क एवं कार्य के प्रति समर्पण को उपस्थित अधिकारियों ने तहे दिल से याद किया। विदाई समारोह में नीरव दीक्षित जेडी ने श्री तिवारी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एग्जाम के बीस दिन पहले तक परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे स्वाध्यायी परीक्षार्थी

### लगभग 25 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल, शिक्षा विभाग कर रहा तैयारी

**जागरण, रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 7 फरवरी से शुरू हो जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां तैयारियां कर रहा है। जिले में करीब 25 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। हालांकि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को परीक्षा के 20 दिन पूर्व तक आवेदन भर सकते हैं, उन्हें विलंब शुल्क 15 हजार रुपए परीक्षा फीस के साथ जमा करना होगा। जानकारी के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12 वीं की परीक्षा 7 फरवरी और कक्षा 10 वीं की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी। परीक्षा के लिए केंद्रों का निर्धारण किया जा चुका है। इसके अलावा कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति, परीक्षा के लिए निरीक्षण दल, संवेदनशील केंद्रो के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है। शिक्षा विभाग के द्वारा परीक्षा केंद्रों से जुड़ी सभी तैयारियां कराई जा रही है। जिससे बोर्ड परीक्षा में किसी तरह की असुविधा की स्थिति नहीं बने।

### विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं स्वाध्यायी छात्र

नियमित और स्वाध्यायी छात्रों को जुलाई से परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुल्क 1200 रुपए निर्धारित किया गया था। 16 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन का समय था। 26 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक स्वाध्यायी छात्रों के लिए 2 हजार विलंब शुल्क से साथ आवेदन का समय दिया था। इसके बाद 11 नवम्बर से 25 नवम्बर तक 5 हजार, 26 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 10 हजार, 11 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक 12 हजार और 1 जनवरी 2026 से परीक्षा के 20 दिन पूर्व तक 15 हजार विलंब शुल्क के साथ छात्र आवेदन कर सकेंगे।

### 7 फरवरी से होगी परीक्षा

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 7 फरवरी से शुरू हो जाएगी। कक्षा 12 वीं की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होगी। 7 फरवरी से 5 मार्च तक परीक्षा का आयोजन होगा। वहीं कक्षा 10 वीं की परीक्षा 11 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम तैयार किया जा चुका है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की गाइडलाइन के मुताबिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

भारतीय थल सेना
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टियाँ

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

(क) 67वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (महिला) अक्तूबर 2026 के लिए।
(ख) 67वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (पुरूष) अक्तूबर 2026 के लिए।

2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-
(क) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स - महिला - 06 जनवरी से 04 फरवरी 2026
(ख) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स - पुरूष - 07 जनवरी से 05 फरवरी 2026

OFFICER ENTRIES

1. Applications are invited for the following courses:-

(a) 67th Short Service Commission (Tech) Women Course Oct 2026.
(b) 67th Short Service Commission (Tech) Men Course Oct 2026.

2. Online applications will remain open as under:-

(a) SSC (Tech) Course - Women - 06 Jan to 04 Feb 2025
(b) SSCW (Tech) Course - Men - 07 Jan to 05 Feb 2025

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0064/2526

## मनमानी: फाइव डे वीक के बाद भी 12 बजे कार्यालय पहुंच रहे हैं शिक्षा विभाग के बाबू

### अटैचमेंट के चलते स्कूलों को छोड़ कार्यालयों में मजे कर रहे बाबू और शिक्षक




**जागरण,रीवा।** स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यालयों में फाइव डे वीक का प्रावधान है। इसका पालन पूरी तन्मयता से किया जाता है और कभी जरूरत पड़े तो भी नियमों की दुहाई देकर बाबू कार्य पर नहीं आते, लेकिन सच्चाई यह है कि फाइव डे का पालन करने वाले ही दफ्तरों में 12 बजे तक कार्यालय आते हैं और एक से डेढ़ घंटे बाद ही लंच पर चले जाते हैं। ठंड के दिनों में कब 5 बज जाता है किसी को पता ही नहीं चलता और इस प्रकार मात्र चंद घंटों की नौकरी कर शासन को चूना लगाया जा रहा है। वहीं बाबुओं की लेटलतीफी का खामियाजा शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जेडी कार्यालय, बीईओ कार्यालय, डाइट, राज्य विज्ञान और मनोविज्ञान कार्यालय में नियमित और अटैचमेंट से बाबुओं की तैनाती की गई है। कुछ तो शिक्षक भी यहां बाबुओं का कार्य करते हैं। इनमें से अधिकांश समय का पालन नहीं करते और सुबह 10 बजे के स्थान पर 12 बजे तक कार्यालय आते हैं, जिससे कोई भी कार्य ठीक से नहीं हो पाता। सबसे बड़ी बात तो यह है कि ई-अटेंडेंस के दौर में भी इन बाबुओं और शिक्षकों को मैन्युअल अटेंडेंस का लाभ दिया जा रहा है और जो ई-अटेंडेंस लगा भी रहे हैं उनकी लोकेशन चेंज कर दी गई है। कुल मिलाकर बड़े कार्यालयों के बाबुओं को पूरी छूट दी जा रही है। इससे शिक्षा विभाग के कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

## अपाक्स संघ कार्यालय में हुई संगोष्ठी



### नव वर्ष मिलन कर दी गई बधाई

**जागरण,रीवा।** अनुसूचित जाति जनजाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के संघ कार्यालय मेंनववर्ष के पहले दिन संगोष्ठी कर सभी कोनववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इसके पूर्व संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व मेंनववर्ष के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.राजेंद्र कुड़रिया एवं कुलसचिव प्रो.सुरेंद्र सिंह परिहार, वित्त नियंत्रक आरडी चौधरी, डॉ.नीरजा नामदेव, सहायक कुलसचिव बाबूलाल साकेत एवं विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सप्रेम भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष रामसुजान साकेत कहा कि नववर्ष के पावन अवसर पर नई ऊर्जा नई सोच नए संकल्प के साथ हम सब संगठित होकर के कर्मचारी एवं छात्र हित में कार्य करें जिससे कि विश्वविद्यालय में कर्मचारी एवं छात्रों को समस्याओं का निराकरण करने में आसान हो सके, हम सब संस्था के प्रति समर्पित भाव से संकल्प को दोहराते हुए ऐसा कार्य करें, जिससे कि विश्वविद्यालय एवं प्रशासन के बीच में अच्छा वातावरण स्थापित हो सके। कर्मचारी संघ के नियमों के अनुसार संघ के प्रति एकजुटता का परिचय दें और संगठन को मजबूत करें, यही नववर्ष का संकल्प है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष रामसुजान साकेत को संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर का छायाचित्र भेंट किया गया।

# कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## कोलगवां टीआई ने कार्यवाही कर दबोचा

जागरण सतना

खेत में बकरी चराने की बात पर जान से मारने की नियत से कुल्हाडी से हमला करने वाले आरोपियों को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह व सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है ।



### ये है मामला

पुलिस ने बताया कि 31 दिसम्बर को फरियादी मोनू चिकवा पिता श्यामलाल चिकवा उम्र 28 वर्ष निवासी माधवगढ़ चिकान मोहल्लान थाना कोलगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 31 दिसम्बर को अपने बकरी लेकर कब्रिस्तान माधवगढ़ के पास चरा रहा था शाम करीब 5 बजे बकरी सादिक खान के खेत में चली गई थी इसी बात पर सादिक खान व उसका भाई बाबू खान मां बहन की गाली देते हुये टगिया लेकर आये तथा सादिक खान मेरे सिर में टगिया से तथा बाबू खान मेरे पेट में टगिया से मारा। खून बहने लगा और वही पर गिर गया। बकरी खेत में चले जाने के कारण सादिक खान व बाबू खान जान से मारने की नियत से टगिया से जानलेवा हमला किये हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोलगवां में अपराध दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले के दोनो आरोपियों को माधवगढ से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा दोनो आरोपियों जेल भेज दिया गया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

मो शाबिर उर्फबाबू पिता मो सादिक उम्र 30 वर्ष निवासी माधवगढ छिपहटी मोहल्ला सतना मो साजिद उर्फसादिक पिता मरहूम मो सादिक उम्र 32 वर्ष निवासी माधवगढ छिपहटी मोहल्ला थाना कोलगवां को गिरफ्तार कर घटना में प्रयोग की गई कुल्हाड़ी जब्त की गई है।

## चुरहट नेहरू तिराहे के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**जागरण, चुरहट।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरू तिराहे के पास एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान आशा रावत पिता छोटे लाल रावत उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी खामौनिया खुर्द के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रीवा में काम करता था और वहां से चुरहट आया था।

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 304 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - मऊगंज
ग्राम - सेमरिया कुज्जबहेरिया
क्षेत्रफल - 0.004 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 95, | 0.001 |
| 2 | 247, | 0.001 |
| 3 | 378/1, 378/2 | 0.001 |
| 4 | 523/1, 523/2/1, 523/2/2 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी) अनुविभागीय अधिकारी नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा) कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23783/25

## NDVSU-College of Vety. Sci. & A.H., Rewa, (M.P.)

No. 17/Pur./Store/Vety/Rewa/2026 Date 02.01.26

**TENDER NOTICE (Second Call)**

E-tenders are invited from the reputed firms for the Departmental Store, Stationary, Photocopy and Computer work Shop & Laundry, Dry cleaning work Shop at the college for financial year 2025-26. The detailed information is available on website https://mptenders.gov.in Purchase of tenders from 02.01.26 to 15.01.26. The last date of submission of tender bid up to 15.01.26. Corrigendum, if any, will only be posted in the above website. No press notice will be issued separately.

DEAN

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-GSU-15-25 दिनांक: 30.12.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता (गति शक्ति यूनिट) उत्तर मध्य रेल झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य लागत लगभग | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| JHS-N-GSU-15-25 | रु. 6124835.34 | रु. 122500.00 |

**कार्य का नाम:** ईआई अल्ट्रेशन एण्ड अदर एस एन टी वर्क इन कनेक्शन विथ कन्स्ट्रेक्शन ऑफ आर0यू0बी0 इन लियू ऑफ गेट नम्बर एलसी-414 इन झाँसी-बाँदा सेक्शन ऑफ झाँसी डिविजन।

**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil **निविदा खुलने की तिथि:** 21.01.2026, Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 12 माह

• निविदा दिनाँक 21.01.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (JHANSI DIVISION-GATI SHAKTI, NORTH CENTRAL RLY) पर देखें। 2544/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## जागरुकता सह-उपचार शिविर में 240 पशुपालकों ने की सहभागिता



**जागरण, रीवा।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार को कुसमी विकासखंड, जिला सीधी के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्राम तमसार, धुपखड़ एवं कामच्छ में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत जनजातीय उप-योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता-सह-उपचार शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. अजीत प्रताप सिंह द्वारा की गई। इसका उद्देश्य पशुपालकों को पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों की जानकारी देना, उनकी रोकथाम एवं नियंत्रण के उपायों के प्रति जागरूक करना तथा पशुओं को नि:शुल्क उपचार एवं परामर्श सुविधाएँ उपलब्ध कराना था। इस शिविर के माध्यम से वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा देते हुए पशुधन स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन डॉ. बीसी दास द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 240 पशुपालकों की सहभागिता रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ सुमन संत, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. बीके ओझा, डॉ. जितेन्द्र सिंह राजौरिया एवं डॉ. प्रिया सिंह उपस्थित रहे।

## बनकुईया में लगाया गया आयुर्वेद चिकित्सा शिविर




**जागरण, रीवा।** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय रीवा द्वारा नि:शुल्क बवासीर, भगंदर निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन आयुर्वेद औषधालय ग्राम बनकुइयां में शुक्रवार को लगाया गया। जिसमें 107 मरीजों का परीक्षण कर नि:शुल्क औषधियां प्रदान की गई एवं क्षारसूत्र चिकित्सा के योग्य मरीजों को आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय में भर्ती होने की सलाह दी गई। शिविर में बवासीर, भगंदर के अलावा भी विभिन्न रोगों के आए मरीजों का भी परीक्षण किया गया। 45 रोगियों का ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ प्राचार्य शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा, डॉ. अरविंद त्रिपाठी व्याख्याता, डॉ. मीत, डॉ. काजल, डॉ. शुभम, डॉ. मानसी पी जी स्कॉलर ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में आशीष गुप्ता, अंतर सिंह डावर फार्मासिस्ट, अनिल मिश्रा ने अपनी सेवाएं दी। स्थानीय आयुर्वेद औषधालय बनकुड्यां के स्टाफ डॉ. सौरभ त्रिपाठी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, रीता तिवारी, बिमला, कामता शुक्ला, जयभान पीटीएस का भी पूर्ण सह्योग प्राप्त हुआ।

## हत्या के आरोप में जेल में बंद शिक्षक निलंबित

**सतना।** जिले में हत्या के आरोप में जेल में बंद एक सरकारी शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई नागौद थाना क्षेत्र के अटरा गांव में हुए हत्याकांड के संबंध में की गई है जिसमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती अटरा के शिक्षक रामदुलारे सिंह को 29 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें अन्य आरोपियों के साथ न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार शिक्षक पर लगे गंभीर आपराधिक आरोपों और न्यायिक अभिरक्षा में होने के कारण यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान रामदुलारे सिंह का मुख्यालय रामपुर बाघेलान विकासखंड कार्यालय निर्धारित किया गया है। अटरा हत्याकांड 26 दिसंबर की रात करीब 10 बजे ग्राम अटरा में हार्वेस्टर को लेकर हुए विवाद के बाद हिंसक रूप ले लिया था। प्रह्लाद सिंह उर्फशंखू अपने चाचा द्वारिका प्रसाद पटेल के साथ खेत में महुआ के पेड़ के पास आग ताप रहे थे तभी पंकज सिंह वहां पहुंचा और गाली.ग़लौज करते हुए विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर पंकज सिंह ने अपने भाइयों और साथियों को बुला लिया।

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 360 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - नईगढ़ी
ग्राम - मालेगावा 825
क्षेत्रफल - 0.003 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 106 | 0.001 |
| 2 | 378, 377 | 0.001 |
| 3 | 562 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी) अनुविभागीय अधिकारी नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा) कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23785/25

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांक-झाँसी/कैटरिंग/एमपीएस/ई-नीलामी/2025 दिनांक : 30.12.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), झांसी निम्नलिखित श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित करता है:-

**वर्ग- एमपीएस** **सूची क्रमांक : एम.पी.एस.झाँसी-1-26**

**संपत्ति विवरण : पांच साल के लिए बहुउद्देशीय स्टॉल का आवंटन** एमपीएस स्टॉल का आकार- लंबाई-300 सेमी (ट्रैक के समानांतर), चौड़ाई-250 सेमी (ट्रैक के लंबवत), अंदर की ऊँचाई -210 सेमी, अधिकतम ऊंचाई-270 सेमी, स्टॉल टॉप पैनल-60 सेमी में जोनल

| स्टेशन | पी.एफ. | जगह | स्टॉल संख्या/आरक्षण |
|---|---|---|---|
| भरूआसुमेरपुर | 01 | पी.एफ-01 पुराने IPS और बैंटरी रूम के पास | RMPS-01 (अनु.जाति) |
| पतारा | 01 | S&T भवन के पास, पी.एफ-01 | GMPS-01 |
| हमीरपुर | 01 | पी.एफ-01, स्टेशन भवन और दिव्यांग शौचालय के बीच | RMPS-01 (अनु.जाति) |
| बिरला नगर | 01 | पोल संख्या 1019 के पास | GMPS-01 (FF/WW/WR) |
| घाटमपुर | 02 | वाटर बूथ के पास, COP और FOB सीढ़ियों के बीच | GMPS-01 (महिला) |
| कालपी | 02/03 | पी.एफ-2/3, ओ.एच.ई.पोल संख्या 1274/35 के पास | RMPS-02 (ओ.बी.सी.) |
| एट | 01 | पी.एफ-01, ओ.एच.ई.पोल संख्या 1216/37 के पास | RMPS-01 (अनु.जाति) |
| ललितपुर | 2/3 | पोल संख्या 1037/36 के निकट | GMPS-02 |

**नीलामी शुरू : 15.01.26 12:30:00** **नीलामी समाप्त : 15.01.26 14:10:00**

**टिप्पणी-** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण ऊपर उल्लिखित कैटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध हैं। 2545/25 (AS)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.- C/JHS/158/GWL-ORA/WVMs/e-Auction/2025 दिनांक: 30.12.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

**श्रेणी:** Misc-Static-Service-Water Vending Machines

**केटलोग संख्या :** WVM-ORAI-1-26

**एसेट्स डिटेल**

झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वाटर मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी।

| यूनिट्स (स्टेशन) | प्लेटफार्म एवं लोकेशन |
|---|---|
| 02-यूनिट (उरई रेलवे स्टेशन) | (1) पिलर नंबर 1241/26 और 1241/24 के बीच-कानपुर (CNB) छोर प्लेटफॉर्म संख्या 01.(2) पिलर नंबर 1241/20 और 1241/21 के बीच झाँसी (JHS) छोर प्लेटफॉर्म संख्या 01. |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांकः 15.01.2026 को समय- 15:00 से।

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांकः 15.01.2026 को समय- 15:30 तक।

**नोटः-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग के अंतर्गत उपलब्ध है। 2548/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 348 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - मऊगंज
ग्राम - दुबगंवा कुर्मियान
क्षेत्रफल - 0.008 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 1598/1/1,1598/1/2,1598/2 | 0.001 |
| 2 | 1431, | 0.001 |
| 3 | 1108, | 0.001 |
| 4 | 1233, | 0.001 |
| 5 | 991/1,991/2,991/3,991/4,991/5,991/6 | 0.001 |
| 6 | 787/1,787/2,787/3 | 0.001 |
| 7 | 644, | 0.001 |
| 8 | 1464/1,1464/2,1464/3,1464/4 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी) अनुविभागीय अधिकारी नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा) कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23740/25

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 356 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - मऊगंज
ग्राम - अटरा खुर्द 5
क्षेत्रफल - 0.002 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 175 | 0.001 |
| 2 | 115 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी) अनुविभागीय अधिकारी नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा) कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23766/25

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 362 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - मऊगंज
ग्राम - जाकी कोठार
क्षेत्रफल - 0.002 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 10 | 0.001 |
| 2 | 31 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी) अनुविभागीय अधिकारी नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा) कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23739/25


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

जी.एस. सिक्यूरिटी सर्विसेज को मुंबई महाराष्ट्र के लिए तत्काल सुरक्षाकर्मी की आवश्यकता है। वेतन 20000 रूपये प्रति माह + P.F. & ESIC + रहने के लिए रूम मिलेगा। योग्यता 10वीं पास, लम्बाई-5 फीट 10 इंच, इच्छुक उम्मीदवार मोबाइल- 8982149857, 8396010263 पर सम्पर्क करें। RN. GM Sir 7/1

## आवश्यकता है

कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी/हेल्पर की आवश्यकता है। 8770231515 पर सम्पर्क करें। R 83128/3/1

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

क्रमांक-880/ई-टेंडर/स्वास्थ्य शाखा/न.पा.नि/2025 रीवा, दिनांक 29/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्दर्यकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_470246_1 02/01/2026 | CLEANING AND SWEEPING OF VARIOUS TYPES OF ROADS WITH MANUAL CLEANING AND MECHANIZED CLEANING AT REWA MUNICIPAL CORPORATION. (2+1 year) | 06.18 CR. | 20000/- 309000/- | 02/02/2026 17:30 बजे तक |

**नोट:**-निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा एवं पदेन अपरसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र 929/भू-अर्जन/2025 रीवा दिनांक 22/12/2025

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर ओर पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची खाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11 की उपधारा 2 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

**अनुसूची**

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा (1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| रीवा | सिरमौर | नेवरिया | 0.002 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.) | डी.बी. निर्माण हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**(प्रतिभा पाल)**
कलेक्टर
जिला रीवा एवं पदेन अपर सचिव
राजस्व विभाग

G-23729/25

## MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER CITY/O&M CIRCLE,
M.P.P.K.V.V.Co.Ltd., PANNA
Telephone no. 07732-252290, e-mail: sepanna2021@rediffmail.com

No. SE/O&M/PNN/3407 dtd:- 02.01.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Tenders are invited for **Outsourcing of Unskilled, Semi-skilled and Skilled Manpower Required for Miscellaneous Works at O&M Circle, MPPKVVCL PANNA.** The bid seals will be received online on the e-portal http://mptenders.gov.in, http://www.mpez.co.in up to date & time indicated below. The online tenders will be opened in the office of the undersigned as mentioned in tender time schedule (key date). If desired, the bidder or their duly authorized representatives may remain present at the time of opening of tender: -

| Sr. No. | Tender Specification No. | Name of the Work / Services | APPROX. VALUE (Rs. in Crores) | TENDER FEE (in Rs) | EMD (In Rs.) | Due date of Opening of Tender Online From 14:00 Hrs. (*) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/O&M/PNN/ 3407 Date 02.01.2026 (e-Tender No. 2026_PKVVC_ 472770_1) | Outsourcing of Manpower Required for Miscellaneous Works under the jurisdiction of O&M Circle MPPKVVCL, Panna. | 19.34 (Including GST 18%) | 11800 (Including GST 18%) | 1.00 Lakh | 29.01.2026 |

*For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in

SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW S.E. (O&M) MPPKVVCL, Panna

'' विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू. 50,000 तक का इनाम ! ''

G.P. Pandey
Public Relation Officer

अनुज तिवारी
कार्या. सहा. श्रेणी III

## कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र.423/नजारत/2025 रीवा दिनांक 29/12/2025

**//निविदा विज्ञप्ति//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर रीवा द्वारा 1 वर्ष हेतु कलेक्टेट परिसर में वाहन पार्किंग फीस वसूली करने के लिए निविदाऐं लम्प-सम दर पर MP Tender Portal URL:- https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म, शुल्क जमा कर निविदा में भाग ले सकता है।

दस्तावेजों के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निविदाकार की स्वयं की होगी। निविदा संबंधित प्रमुख तिथियां निम्नानुसार है:-

1. निविदा फार्म खरीदने की प्रारंभ तिथि - 01.01.2026 समय सुबह 09:00 बजे से।
2. निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि - 15.01.2026 समय सायं 3:00 बजे तक।
3. निविदा फार्म जमा करने की प्रारंभ तिथि - 01.01.2026 समय सुबह 09:00 बजे से।
4. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - 15.01.2026 समय सायं 3:00 बजे तक।
5. निविदा खुलने की तिथि - 16.01.2026 समय सायं 4:00 बजे तक।
6. निविदा प्रतिभूति राशि - रू.25000/- (पच्चीस हजार)
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य - रू. 1000/- (एक हजार)

| क्र. | कार्य का नाम | न्यूनतम निर्धारित प्रीमियम राशि | प्रतिभूति (EMD) राशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय कलेक्टर रीवा क्षेत्रान्तर्गत कलेक्टर परिसर में वाहन पार्किंग | रु.5,00,000.00 पांच लाख मात्र | रु.25000/- रुपये (पच्चीस हजार) | रु.1000/- | 01 वर्ष (इससे अधिक समय लगने पर आगामी निविदा प्राप्त न होने तक समानुपातिक राशि जमा करना होगा) |

निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें MP Tender Portal URL:- https://mptenders.gov.in माध्यम से निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं।

(कलेक्टर द्वारा आदेशित)

G-23713/25

अपर कलेक्टर
जिला-रीवा (म.प्र.)

# कहीं दूषित पानी मिला, तो जिम्मेदारी निगमायुक्तों की होगी: सीएम

## सीएम ने सभी 16 निकायों के मेयर और निगमायुक्त से किया वर्चुअल संवाद, विजयवर्गीय भी रहे मौजूद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सभी निगमायुक्तों से कहा है कि लोगों को हर हाल में स्वच्छ पानी उपलब्ध होना चाहिए। ये जिम्मेदारी कमिश्नर की होगी। इस मामले में महापौर भी संजीदगी दिखाएं और ये सुनिश्चित कराए कि उनके निकाय में कहीं भी पानी में दूषित जल तो नहीं मिल रहा है। सीएम ने कहा कि जिन निकायों में सीवेज की समस्या है,उसे तत्काल दूर कराया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को देर शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी 16 नगर निगमों के आयुक्त और महापौर से संवाद कर रहे थे। उन्होंने सभी निकायों से पेयजल की वर्तमान स्थिति की जानकारी। सीएम ने कहा कि हमारा नैतिक दायित्व है कि हम लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराए। इसके लिए निगमों को पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता से इस दिशा में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि निगम पेयजल पाइप लाइन बिछाते समय विशेषज्ञों से राय लें और उसी आधार पर पाइप लाइन डाली जाए। उन्होंने कहा कि जिस भी निकाय में यह कार्य कराए जाए या हो रहे हो,तो निगमायुक्त स्वयं उसका निरीक्षण परीक्षण कर उस कार्य का आकंलन करे। ऐसा नहीं होने पर निगमायुक्त को सीधे जिम्मेदार माना जाएगा। सीएम ने महापौरों से कहा कि उनके द्वारा भी इस संवेदनशील मामले में अधिकारियों के साथ बैठकर निर्णल लेने होंगे। इस कार्य में यदि कहीं बजट की कमी आती है,तो इसके लिए शासन को पत्र लिखा जाना चाहिए। उन्होंने नगरीय विकास संचालनालय केअधिकारियों से भी इस विषय पर



गंभीरता से काम करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर निगमों के अलावा नगर पालिका और नगर परिषदों में भी पेयजल व्यवस्था दुरस्त होनी चाहिए। इस मामले में किसी भी स्तर के अधिकारी यदि लापरवाही करते है,उनके खिलाफ सख्त एक्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निकायों में जल कार्य समिति की बैठकें नियमित होनी चाहिए और उसमें सदस्यों के जो सुझाव आते है,उसका अक्षरशःपालन होना चाहिए। सीएम ने इंदौर की घटना का भयावह बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं की कहीं भी पुनर्रावृत्ति नहीं हो,इसका ध्यान अधिकारियों को रखना होगा। उन्होंने इस मामले में जिलों के कलेक्टर को भी सजग और सक्रिय होने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि पेयजल का कार्य विशेषज्ञ इंजीनियर को ही दिया जाए और उनसे हर माह रिपोर्ट ली जाए कि उनके निकाय में पेयजल की व्यवस्था दुरस्त है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन स्वास्थ्य सरकार के लिए सर्वोपरि है। जन सुविधाओं की उपलब्धता में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की किसी भी स्थिति में बक्शा नहीं जाएगा। सीएम ने कहा कि सभी नगरपालिक निगम लोगों को साफ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अभियान के तहत काम करे। इसके लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एसओपी के तहत

### हार्डिया बोले हर बस्ती में दूषित पानी की सप्लाई

विसं भोपाल। इंदौर में दूषित पानी की सप्लाई को लेकर भाजपा के विधायक महेन्द्र हर्डिया ने अपनी ही सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा में ही नहीं बल्कि हर बस्ती में दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। पूर्व मंत्री व इंदौर 5 के विधायक महेंद्र हार्डिया ने आरोप लगाते हुए कहा खराब पानी की हजारों शिकायतें नगर निगम के पास हैं। उन्होंने युद्ध स्तर पर काम करने की भी जरूरत जताई।

### विभाग ने जारी की एसओपी

मुख्यमंत्री के निर्देश के उपरांत नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय ने सभी नगर निगम,नगर पालिका और नगर परिषद को आयुक्त व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को लोगों को साफ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अभियान चलाने के लिए एसओपी जारी कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि जलापूर्तियों प्रणालियों का उचित अनुरक्षण ,जल गुणवत्ता की सतत निगरानी एवं पाइप लाइन रिसाव के समय पर पहचान की जाए। इसके लिए प्रत्येक निकायों में बिछाई गई सभी जल वितरण प्रणाली का 7 दिन के अंदर सर्वे कराया जाए। ऐसे क्षेत्र जहां पर सघन आबादी अथवा 20 साल से अधिक पुरानी पाइप लाइन बिछी हुई है,उन्हें चिन्हित किया जाए। ऐसी पाइप लाइनों को भी चिन्हित किया जाए,जो नालियों,सीवर लाइन के समीप अथवा नीचे से निकल रही है या फिर बार-बार लीकेज हो रही है। इन सभी पाइप लाइनों का 48 घंटे के अंदर मरम्मत सुनिश्चित किया जाए।

### ये भी दिए निर्देश

- जल शोधन संयंत्र तथा उच्च स्तरीय टंकियॉ की साफ-सफाई का 07 दिवस के अंदर निरीक्षण किया जाये।
- सभी जल शोधन संयंत्रों प्रमुख जल स्त्रोतों तथा उच्च स्तरीय टंकियों पर तत्काल जल नमूना परीक्षण कराया जाये।
- उच्च स्तरीय टंकियों एवं प्रत्येक वार्ड/ में संचालन-संधारण के अमले/ अमृत मित्र/सफाई मित्र के माध्यम से जल की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाये।
- नगरीय क्षेत्र में जल के अन्य स्त्रोतों (कुँएं, बावड़ी, तालाब तथा नलकूपों) में निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच की जाये।



### यूथ कांग्रेस ने कैलाश का पोस्टर डूबोया

इंदौर घटना के खिलाफ शुक्रवार को यूथ कांग्रेस ने राजधानी के छोटे तालाब में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुतले को डूबोया। कार्यकर्ताओं ने नाव में सवार होकर छोटी झील में कैलाश विजयवर्गीय के पोस्टर को प्रतीकात्मक तौर पर पहले दूषित पानी पिलाया और फिर गंदे पानी में पुतले को डूबोया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शर्म से डूब मरो के नारे भी लगाए।

### जीतू ने एक करोड़ मुआवजे की रखी मांग

कांग्रेस ने दूषित पानी मामले में शुक्रवार को इंदौर में भाजपा सरकार को घेरा। कार्यकर्ताओं ने पोस्टर लगाकर इंदौर में तत्काल नया प्रभारी मंत्री बनाए जाने की मांग की। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भी पीड़ितों को 1-1 करोड़ के मुआवजे की मांग की है। पटवारी ने इंदौर में कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल एक ऐसा प्रभारी मंत्री नियुक्त करना चाहिए जिसे जिसे स्पष्ट अधिकार हों कि वह जवाबदेही तय करे। साथ ही दोषियों पर कार्रवाई करे और आवश्यक होने पर उनसे इस्तीफा लें। पटवारी ने कहा कि यह भाजपा सरकार की घोर संवेदनहीनता और संख्या के अहंकार को दिखा रहा है। पटवारी ने कहा, इंदौर ने भाजपा को जनता ने सांसद, 9 विधायक, महापौर और पूरा नगर निगम दिया। बदले में भाजपा ने शहर को जहरीला पानी दिया और मौतें दीं। मामले में लापरवाहों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। इंदौर के महापौर भी इस प्रशासनिक विफलता के लिए जिद्धमेदार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्रियों के स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल।** मंत्रालय में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्रि-गण के विशेष सहायकों, विशेष कर्त्तव्य अधिकारी और निज सचिवों को ई-केबीनेट एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। शीघ्र ही केबिनेट बैठकें ई-केबिनेट एप्लीकेशन पर आयोजित होंगी। प्रतिभागियों को मुख्य सचिव कार्यालय के उपसचिव डी के नागेंद्र, एनआईसी के डायरेक्टर अमित जैन, रजिस्टार वल्लभ भवन मनोज श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में ई-केबीनेट के एजेंडा की जरूरत के बारे में जानकारी दी गई। केबीनेट से संबंधित सूचनाओं और दस्तावेजों के डिजीटल रूप में तत्काल, सुरक्षित, स्मार्ट और प्रभावी प्रस्तुति और ई-केबीनेट में प्रयोग के साथ ही बैठक की तैयारी एवं समीक्षा में होने वाली आसानी को बताया गया। प्रशिक्षण में इस नवीन प्रणाली से समय के प्रबंधन और बचत के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे कागज रहित, सुरक्षित और आसानी से उपयोग होने वाला आधुनिक, डिजीटल इंटरफेस पूर्णतः गोपनीयता रखता है। इससे कभी भी कहीं भी बैठक की कार्य सूची को अपनी सुविधा अनुसार देखा जा सकता है। इस दौरान प्रतिभागियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया गया।

### अब मकर संक्रांति पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस साल 4 स्थानीय अवकाश के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। यदि शासन इस प्रस्ताव को मंजूर कर देता है तो जिले के 30 हजार अधिकारी व कर्मचारियों को इस साल ये अवकाश मिलेंगे। भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी,19 अक्टूबर को महानवमीं, 3 दिसंबर भोपाल गैस त्रासदी की बरसी का अवकाश शामिल है। इस बार रंगपंचमी व गणेश चतुर्थी की जगह अनंत चतुर्दशी को व महानवमीं पर अवकाश घोषित करने का प्रस्ताव है। पिछले साल सरकार ने 1 अक्टूबर महानवमीं को पूरे प्रदेश में अवकाश घोषित कर दिया था, जिससे एक स्थानीय अवकाश बच गया था।

### सिंगापुर का स्किल मॉडल एमपी में भी होगा लागू

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राच्य मंत्री गौतम टेटवाल सिंगापुर दौरे पर शुक्रवार को वहां की जानी मानी औदियोगिक संस्था आईटीईएस का दौरा करने परहुंचे। उन्होने वहां के विश्वस्तरीय स्किलिंग मॉडल का अध्ययन कर इसे एमपी में लागू करने की बात कही। मंत्री टेटवाल ने बताया कि भोपाल में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बनाने में भी इस संस्था का अहम सहयोग रहा है और इसी ग्लोबल पार्क से निकले 16 विद्यार्थियों ने सिंगापुर में अपना एक्सपोज़र प्रशिक्षण पूरा किया है।उन्होंने कहा कि सिंगापुर का मॉडल सीधे तौर पर उद्योगों की मांग से जुड़ा है, जिसे मध्यप्रदेश में भी प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। उन्होने कहा कि इस मॉडल के लागू होने से एमपी के युवाओं के लिए विदेशों में भी रोजगार के द्वार खुलेंगे।

### पिछड़ा वर्ग, अजा कल्याण की समीक्षा सम्पन्न

**मुख्य संवाददाता. भोपाल।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु कल्याण तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को विन्ध्याचल भवन स्थित पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण संचालनालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई और निराकरण के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने जाति प्रमाण पत्र से संबंधित छानबीन समिति की बैठक 15 दिनों के भीतर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने भोपाल में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सिम्युलेटरी स्पेस सेंटर की स्थापना के लिए प्रस्ताव केंद्र को भेजने के निर्देश दिए।

# अंधेरे में प्रकाश फैलाना सनातन संस्कृतिः सीएम

## कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री शेखावत रहे मौजूद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, जहां अंधेरा है, वहां प्रकाश फैलाना ही सनातन संस्कृति है। इसी भाव से हमारे आदर्श भगवान श्रीराम ने लाखों वर्ष पहले अन्याय और अत्याचार की समाप्ति के लिए कार्य किया। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के माध्यम से दुनिया में भारत का नाम है।

सीएम शुक्रवार को जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, वैसे तो भारतीय सनातन संस्कृति में 33 करोड़ देवी-देवताओं का उल्लेख है, लेकिन प्रभु श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से पूरे विश्व में भारत की पहचान बनी। ऐसे ऐतिहासिक आधार के कारण भारत विश्वगुरू की संज्ञा प्राप्त करता रहा है। प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन को देखें तो अनेक जटिल प्रश्नों के उत्तर आसानी से मिल जाते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि रामायण काल में महर्षि विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले गए और संतों के यज्ञ में बाधा डालने वाले असुरों का अंत कराया। भगवान श्रीराम ने बुद्धि, पराक्रम के बल पर राजा जनक के दरबार में स्वयंवर जीता। श्रीराम ने निषादराज और शबरी माता के प्रसंगों से मित्रता एवं प्रेम का संदेश दिया है। राम राज्य का स्मरण करने से जीवन में कठिन से कठिन समय दूर हो जाता है। लगभग 550 वर्ष के संघर्ष के बाद




अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, ऋषि जाबाली की पावन भूमि-जबलपुर में वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का यह आयोजन अद्भुत है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में सुशासन और राम राज्य स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं। भारतीय संस्कृति को मिटाने के लिए हजारों सालों तक प्रयास हुए। सनातन संस्कृति का संरक्षण संतों के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि श्रीराम की महिमा दुनिया के कोने-कोने में है। तुलसीदास जी ने सरल भाषा में रामायण के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र से दुनिया को परिचित किया। इसी कारण आज जन-जन में सनातन का प्रवाह हो रहा है। आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कालखंड में सनातन के मूल्य दुनिया में स्थापित हो रहे हैं, लेकिन इसी के साथ भारत विरोधी ताकतें डिजिटल माध्यमों के जरिए सनातन और भारतीय संस्कृति को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही हैं।

### प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास की बयारः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास की बयार है। विकास की यह गति अब और तेज होगी। सरकार प्रदेश के समग्र विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन जिले के खाचरौद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश अब विकास की नई ऊंचाइयों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी वर्ग या व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। सीएम ने कहा कि वर्ष 2026 किसानों के कल्याण का साल है। इस दौरान हमारा पूरा फोकस किसानों पर ही रहेगा। इस साल हम कृषि आधारित उद्योगों के विकास पर विशेष ध्यान देंगे, जिससे किसानों और कृषि से जुड़े उद्यमियों को नई दिशा और अवसर मिलेंगे।

# पुलिस में अब कलेक्टर का सर्टिफिकेट तय करेगा जेंडर

## एमपी पुलिस में होगी थर्ड जेंडर की एंट्री, ओबीसी कोटे से होगी भर्ती, उसी आधार पर होगा फिटनेस टेस्ट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस में अब ट्रांसजेंडर (किन्नर) भी खाकी वर्दी पहनकर अपनी सेवाएं दे सकेंगे। राज्य सरकार के गृह विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। नए नियमों के मुताबिक प्रदेश पुलिस में थर्ड जेंडर को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण और पात्रता दी गई है और इनकी फिटनेस की श्रेणी तय करने के संबंध में भी फैसला ले लिया है। पुलिस भर्ती एवं चयन शाखा ने इन्हें अलग से आरक्षण देने के बजाय ओबीसी श्रेणी में शामिल किया है जिससे इनकी नियुक्ति अब आरक्षण रोस्टर के आधार पर होगी। एमपी पुलिस में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में एक भी थर्ड जेंडर उम्मीदवार सिलेक्ट नहीं हुआ है लेकिन पुलिस आरक्षक भर्ती 2025, सब इंस्पेक्टर परीक्षा 2025 और क्लेरिकल स्टाफ परीक्षा 2025 के लिए कई किन्नर उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। इन आवेदकों की मेडिकल और फिटनेस श्रेणी को लेकर संशय बना हुआ था। सरकार ने उभयलिंगी की परिभाषा को अब स्पष्ट कर दिया है। इसके दायरे में उभय-पुरुष, उभय-स्त्री, अंतःलिंग विभिन्नताओं वाले व्यक्ति, किन्नर, हिजड़ा, अरावाणी और जोगता जैसी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान रखने वाले सभी आवेदक शामिल होंगे।



### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आदेश

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को पुलिस भर्ती में किन्नरों को अवसर देने के निर्देश दिए थे। तमिलनाडु 2017 में किन्नरों की भर्ती करने वाला पहला राच्य बना था, जिसके बाद छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, बंगाल और कर्नाटक जैसे राच्यों ने भी इस दिशा में कदम उठाए हैं। अब मध्यप्रदेश भी इस सूची में शामिल होकर ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। पीएचक्यू की चयन एवं भर्ती शाखा के डीआईजी वीरेंद्र सिंह के अनुसार थर्ड जेंडर को आगामी परीक्षाओं के लिए सरकारी आदेश के अनुसार ओबीसी के दायरे में ही रखा गया था।

### कलेक्टर का प्रमाण-पत्र होगा अनिवार्य

भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले उभयलिंगी उम्मीदवारों के लिए जिला मजिस्ट्रेट (कलेक्टर) द्वारा जारी पहचान प्रमाण-पत्र सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। यह सर्टिफिकेट मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर बनाया जाएगा। गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार, यदि किसी उम्मीदवार के कलेक्टर द्वारा जारी प्रमाण-पत्र में पुरुष अंकित है तो उस पर मेल केंडिडेट के लिए तय शारीरिक मानक और नियम लागू होंगे। वहीं यदि प्रमाण-पत्र में महिला अंकित है तो फीमेंल कैंडिडेट के लिए तय नियम लागू होंगे। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद उम्मीदवारों का शारीरिक फिटनेस टेस्ट (दौड़, लंबाई आदि) उनके प्रमाण-पत्र में दर्ज श्रेणी (महिला या पुरुष) के आधार पर ही लिया जाएगा । यह सर्टिफिकेट न केवल भर्ती के समय बल्कि चयन के बाद ट्रेनिंग के लिए भी आधार बनेगा। इसी के जरिए यह तय होगा कि चयनित उम्मीदवार की ट्रेनिंग पुरुषों के बैच में होगी या महिलाओं के साथ।

# युवतियों और बालिकाओं को सुरक्षा के लिए जागरुक करने नियुक्त होंगे मास्टर ट्रेनर

## समन्वय से संयुक्त दल गठित कर किए जाएंगे जागरुकता कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** कालेज में पढ़ने वाली युवतियों और स्कूल की बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जल्दी ही उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस मिलकर एक संयुक्त दल का गठन करेंगे। यह संयुक्त दल भोपाल संभाग के सभी जिले के 50-50 कालेज और स्कूलों में जाकर युवतियों और बच्चियों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। शुक्रवार को भोपाल संभाग आयुक्त कार्यालय में हुई समय सीमा पत्रों की बैठक के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने विभिन्न विभागों की बैठक ली और संयुक्त दल गठन करने के संबंध में जानकारी दी। संभाग आयुक्त ने अधिकारियों को सख्त लहजे में समझाते हुए कहा कि बच्चियों को जागरूक करने और उनकी सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करूंगा। शुरुआत से ही प्लानिंग बनाकर काम किया जाए। संभाग आयुक्त ने स्पष्ट कर दिया कि यह अभियान संभाग के सभी कालेजों और स्कूलों में चलाया जाना है, जिसकी अभी से तैयारी शुरू कर दी जाए। अभियान के तहत बच्चियों को घरेलू हिंसा, बाल विवाह मुक्त, प्रतिज्ञा, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, जागरूकता अभियान, सायबर सुरक्षा, आत्मरक्षा कार्यक्रम के साथ महिला सम्मान एवं सुरक्षा को लेकर बालिकाओं एवं समाज में व्यापक संवेदनशीलता विकसित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिले स्तर पर मास्टर ट्रेनर नियुक्त होंगे जो पुलिस के साथ मिलकर छात्राओं को जानकारी देंगे। जिला टास्क फोर्स और ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम का विकास होगा, जिसकी मॉनिटरिंग महिला एवं बाल विकास विभाग के हाथ होगी। इसकी कार्ययोजना अगली टीएल बैठक तक बनाने के आदेश संभाग आयुक्त ने दिए हैं।

# मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट अवार्ड्स 11-12 जनवरी को


**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड्स 2026 का आयोजन 11 और 12 जनवरी को रवीन्द्र भवन भोपाल में होगा। यह आयोजन प्रदेश में स्टार्टअप एवं नवाचार इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय पहल के रूप में होगा। समिट का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इससे राज्य में उद्यमिता, नवाचार एवं समावेशी आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इस आयोजन की परिकल्पना मध्यप्रदेश को एक वैश्विक स्टार्टअप गंतव्य के रूप में स्थापित करने के महत्वपूर्ण कदम के रूप में की गई है। समिट का उद्देश्य स्टार्टअप्स, निवेशकों, इनक्यूबेटर्स, उद्योग जगत के लीडर, शैक्षणिक और वित्तीय संस्थानों तथा शासकीय विभागों के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है जिससे नवाचार आधारित उद्यमशील विकास को गति दी जा सके। प्रदेश में एक सशक्त एवं समावेशी स्टार्टअप इकोसिस्टम विद्यमान है, लगभग 6,344 -मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स शामिल हैं।

आयोजन

युवा संवाद में मिली युवाओं को सीख, एआई को कंट्रोल करना है, कंट्रोल होना नहीं है

# समाज में सार्थक फैशन को बढ़ाएं युवा: संघ प्रमुख

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि बेहतर करियर वह है जिसमें आप उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएं और डर भी न लगे, क्योंकि सुविधा से सुख नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि हम ऐसे युवाओं का निर्माण कर रहे हैं, जो समाज में सार्थक फैशन को बढ़ाएं। संघ प्रमुख शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में युवा शक्ति से संवाद कर रहे थे। उन्होंने युवाओं द्वारा सुरक्षा और केरियर को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि सुरक्षा की गारंटी कोई नहीं दे सकता। बिना चिंता जीवन जिए। मनुष्य अलग है, क्योंकि वह रिस्क लेता है। दुनिया सक्सेस को देखती है, लेकिन जैसे ही उस पथ पर चलने की कोशिश करते हैं तो संघर्ष देखकर डर जाते हैं। एआई के सवाल पर मोहन भागवत ने कहा कि हमें एआई को कंट्रोल करना है, न कि कंट्रोल होना है। उसका उपयोग विकास में करना है। हमें ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो एआई या अन्य तकनीक का उपयोग देश हित में करें। उन्होंने कहा कि भारत



का युवा जाग गया है, वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि संघ अपने जन्म से ही लक्ष्य लेकर चल रहा है कि अपने धर्म-संस्कृति का संरक्षण कर, अपने भारत को परम वैभव पर लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि नेता, नीति और व्यवस्था, ये सब तब सहायक होते हैं जब समाज गुणसम्पन्न होता है। सरसंघचालक ने कहा कि युवाओं को ही देश बनाना है और वे हर बात में आगे भी आते हैं। जब आप देश की बात करते हैं तो प्रश्नों के जवाब देने होंगे और उसके लिए योग्यता लाना पड़ेगी। संघ में आकर तैयार होना पड़ेगा। मैं युवाओं से आहवान करता हूं कि वे आए और संघ का अनुभव लें। 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की भूमिका पर उन्होंने कहा कि विश्व शक्ति की सुनता है और संघ संपूर्ण समाज को साथ लेकर धर्म की रक्षा करते हुए देश को नया रास्ता दिखाता है।

### नकारात्मक प्रचार किया विरोधियों ने : दीपक विस्पुते

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने कहा कि संघ को 100 वर्ष में खूब प्रसिद्ध मिली। लेकिन विरोधियों ने संघ का नकारात्मक भाव से प्रचार किया। इन्होंने कभी संघ को समझने का प्रयास नहीं किया। संघ स्वामी विवेकानंद की तीन बातों का अनुशरण करते हुए काम करता है। संघ ने समय-समय पर जरूरत को देखकर अन्य संगठन खड़े किए। इसमें युवाओं के लिए अभाविप, मजदूरों के लिए मजदूर संघ, किसानों के लिए, सेवा कार्यों के लिए सेवा भारती संगठन खड़े किए। भोपाल करुणा धाम के प्रमुख सुदेश शांडिल्य महाराज ने कहा कि अक्सर हम सुनते हैं समरथ को नहीं दोष गुसाई। इसका यह मतलब नहीं है कि कोई बलवान है, उसको दोष नहीं दिया जाता। वास्तव समर्थ वह है जिसकी नीयत में दोष नहीं हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थ बनेगा तभी भारत विश्वगुरु बनेगा। इसलिए संघ का समर्थ होना जरूरी है। परोपकार, सद्चरित्र, जनकल्याण की भावना और यश के पीछे नहीं भागने की भावना कहीं दिखाई दे रही है, तो वह केवल संघ है। इस अवसर पर मध्यभारत प्रांत के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी उपस्थित भी रहे।

# थम नहीं रहा दिग्विजय सिंह का विरोध





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की संगठनात्मक प्रशंसा करने के बाद अपने ही दल के निशाने पर आए दिग्विजय सिंह का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के लगे पोस्टर हटा दिए। गौरतलब है कि संघ की संगठनात्मक शक्ति की तारीफ करने के बाद दिग्विजय सिंह के खिलाफ कांग्रेस के कुछ नेताओं ने विरोधी बयानबाजी की है। इसी क्रम में शुक्रवार को पीसीसी में लगे उनके पोस्टरों को कुछ कार्यकर्ताओं ने हटा दिया। ये कार्यकर्ता दिग्विजय सिंह का खुले आम विरोध कर रही निधि चतुर्वेदी के समर्थक बताए जा रहे है। हालांकि इसकी किसी ने पुष्टि नहीं की है।

## संक्षिप्त समाचार

जारी है लापता की तलाश!

### भाजपा ने जारी किया तेजस्वी यादव का पोस्टर




**पटना, जेएनएन।** नए साल की शुरुआत के साथ ही बिहार में राजनीतिक माहौल काफी गर्म हो गया है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद, भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर सार्वजनिक जीवन में उनकी सीमित मौजूदगी को लेकर सीधा और तीखा हमला किया है। भाजपा बिहार के ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर जारी एक विवादित पोस्टर में तेजस्वी यादव के सार्वजनिक जीवन से गायब रहने पर सवाल उठाया गया है। बीजेपी द्वारा शेयर किए गए पोस्टर का टाइटल है, बीता साल, लेकिन जारी जारी है लापता की तलाश!

### फिल्म धुरंधर लद्दाख में की गई टैक्स-फ्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बॉलीवुड फिल्म धुरंधर को अब केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में टैक्स-फ्री कर दिया गया है। लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता ने इसकी घोषणा की है। लद्दाख की स्थानीय सरकार भी फिल्म की लोकप्रियता और सिनेमाई महत्व को मान्यता दे रही है। इस फिल्म में दिखाए गए खूबसूरत नजारे और एक्शन सीक्वेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर अपार सफलता हासिल कर रही है, इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म में रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं, जो हमजा नाम के एक रॉ एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। उनके साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसी प्रमुख हस्तियां नजर आ रही हैं। फिल्म लद्दाख में शूट हुई है। इसने रिलीज के पहले ही हफ्तों में दर्शकों और फिल्म समीक्षकों की जमकर तारीफ बटोरी।

एआई का दुरुपयोग

### महिलाओं को कम कपड़े में दिखाने पर भड़की प्रियंका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महिलाओं को टारगेट करने वाले डीपफेक वीडियो और फोटो के खिलाफ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने हाल ही में सामने आए मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि ये फर्जी कंटेंट महिलाओं को बदनाम करने के लिए बनाए जा रहे हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि एआई टूल्स से महिलाओं की फोटो को कम कपड़े में या अश्लील तरीके दिखाया जा रहा है, जिससे उनकी गोपनीयता और सम्मान को गहरा आघात पहुंच रहा है। यह सिर्फ व्यक्तिगत हमला नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के खिलाफ सुनियोजित साजिश है।



### रेहान-अवीवा के रिश्ते पर रॉबर्ट वाड्रा ने लगाई मोहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रॉबर्ट वाड्रा ने बेटे रेहान के अवीवा संग रिश्तों को लेकर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि मेरे बेटे को उसकी जीवनसंगिनी मिल गई है। मेरी दुआएं उसके साथ है। उसे जीवन में खुशियां मिले। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि मेरा बेटा जीवन के एक नए पड़ाव पर कदम रख रहा है और उसे अपनी जीवनसंगिनी मिल गई है। मैं दोनों को दिल से आशीर्वाद देता हूं कि उनका जीवन खुशियों से भरा रहे, उनका साथ अटूट हो, प्रेम और विश्वास हमेशा मजबूत बना रहे। ईश्वर करे वे हाथ थामे इस सुंदर यात्रा पर आगे बढ़ें और साथ-साथ फलें-फूलें। रेहान और अवीवा बेग ने राजस्थान में एक निजी समारोह में सगाई की है, जिसकी तस्वीरें खुद रेहान ने अपनी इंस्टा पोस्ट पर शेयर की हैं।





पोलैंड में भारी बर्फबारी की वजह से राजधानी वारसॉ और बाल्टिक पोर्ट के बीच एक मोटरवे पर 20 किमी (12.43 मील) तक लंबी लाइनें लग गईं पुलिस ने बुधवार को बताया कि रात में डांस्क शहर में ट्रैफिक जाम हो गया। इस स्थिति की वजह से सैकड़ों लोग अपनी कारों में ठंड में फंस गए थे, लेकिन बुधवार सुबह तक ट्रैफिक फिर से चलने लगा था। ओस्ट्रोडा में पुलिस की स्पोक्सपर्सन एना कार्ज़ेवस्का ने कहा कि अधिकारियों ने उन ड्राइवरों की मदद करने की कोशिश की जो फंस गए थे। ओस्ट्रोडा, ओल्स्ज़्टिन से लगभग 40 किमी पश्चिम में हाईवे पर है। उन्होंने कहा, हमने जितनी हो सकी मदद की, और हमारे पास ड्राइवरों के लिए कॉफी और गर्म चाय थी, जो ओस्ट्रोडा सिटी हॉल ने हमारे लिए तैयार की थी। रेलवे और एयरपोर्ट में भी कुछ रुकावट आई थी, लेकिन सर्विस नॉर्मल हो रही हैं।

## एलन मस्क को उन्हीं के एआई ने पहना दी बिकनी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एलन मस्क की कई फोटोज में बिकनी पहने नजर आ रहे हैं। यह कुछ और नहीं बल्कि मस्क के एआई मॉडल ग्रोक द्वारा बनाई जा रहीं फोटोज हैं। यूजर्स ग्रोक का इस्तेमाल करके एलन मस्क की बिकनी या छोटे कपड़ों में फोटोज बना रहे हैं और उन्हें एक्स पर शेयर कर रहे हैं। यह ट्रेंड काफी वायरल हो रहा है। खासबात तो यह है कि मस्क को इस तरह की फोटोज से कोई आपत्ति नहीं है। मस्क अपनी बिकनी वाली फोटोज पर फनी लहजे में रिप्लाई दे रहे हैं। एक पोस्ट पर उन्होंने परफेक्ट लिखा तो एक पर रोल्फ इमोजी बनाकर रिस्पांस दिया है। हालांकि, यह प्राइवेसी को लेकर बड़ा खतरा है। अगर हम गूगल के जेमिनी और ओपनएआई के चैटजीपीटी की बात करें तो ये एआई मॉडल्स इस तरह की फोटोज बनाने से बचते हैं। पहले कई बार ऐसी खबरें आई हैं, जिसमें बताया गया है कि अगर इन एआई मॉडल को प्रॉम्प्ट देकर इस तरह की फोटो बनवाने की कोशिश की गई है तो मॉडल्स ने साफ मना कर दिया है। वहीं, ग्रोक बहुत आसानी से ये फोटोज बना रहा है।



### बिल गेट्स भी हुए एआई का शिकार, बिकनी में दिखे मस्क

एक्स पर एलन मस्क की बिकनी में कई सारी फोटोज शेयर की जा रही हैं। ये फोटोज ग्रोक से बनाई गई हैं। ज्यादातर फोटो में वे नीली बिकनी पहने हुए दिख रहे हैं। ये फोटोज काफी असली लग रहीं। मस्क ने मजाकिया अंदाज में ऐसी एक फोटो में परफैक्ट लिखा है। सिर्फ एलन मस्क ही नहीं बल्कि बिल गेट्स भी ग्रोक एआई का शिकार हुए हैं। एक फोटो में बिल गेट्स काली कलर की बिकनी पहने हुए दिख रहे हैं। एलन मस्क ने इस फोटो पर भी आग और हंसने वाली इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब एआई से पूछा गया कि वह ऐसी फोटोज क्यों बना रहा है, तो उसने जवाब दिया कि वह अपने स्पाइसी मोड की मदद से लोगों के कपड़े बदल सकता है।

हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच ट्रंप की चेतावनी पर ईरान की प्रतिक्रिया

## अली खामेनेई की धमकी: आंदोलन में राष्ट्रपति ट्रंप कूदे तो होगी तबाही




**तेहरान, जेएनएन।** डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी पर ईरान की प्रतिक्रिया सामने आई है। ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर ईरान के आंदोलन में डोनाल्ड ट्रंप कूदे तो तबाही हो जाएगी। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार ने शुक्रवार को बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप से पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था फैल जाएगी।

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच ईरानी शासन को कड़ी चेतावनी दी है।

खामनेई के सलाहकार शमखानी ने इसको लेकर एक्स पर पोस्ट भी लिखी है। उन्होंने लिखा है कि ईरानियों को अमेरिका का रेस्क्यू रिकॉर्ड बहुत अच्छे से पता है। इराक से लेकर अफगानिस्तान और गाजा तक इसका गवाह है। उन्होंने आगे लिखा कि किसी भी बहाने से ईरान की सुरक्षा में हस्तक्षेप करने वाले हाथ को काट दिया जाएगा और इसका उत्तर बहुत कड़वा होगा। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा लाल रेखा है, यह रोमांचक ट्वीट्स का मामला नहीं है।

#### अमेरिका हस्तक्षेप के तैयार बोले ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों का दमन किया गया, तो अमेरिका मूकदर्शक बना नहीं रहेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर जारी एक संदेश में स्पष्ट किया कि अगर ईरानी सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई या उनकी हत्या की, तो अमेरिका हस्तक्षेप करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

#### अक्रोश : जनता सड़क पर उतरी

ईरान की खराब अर्थव्यवस्था से आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई है। ये प्रदर्शन प्रांतों में भी फैल गए। सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में सात लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि देश की सरकार प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने के मूड में है। लेकिन प्रदर्शनकारी भी अड़े हुए हैं।

#### 2022 के बाद बड़ा प्रदर्शन

राजधानी तेहरान में प्रदर्शन भले ही धीमे पड़ गए हों, लेकिन अन्य जगहों पर इनमें तेजी आई है। बुधवार को दो और बृहस्पतिवार को पांच लोगों की मौत चार शहरों में हुई। यह विरोध प्रदर्शन 2022 के बाद से ईरान के सबसे बड़े प्रदर्शन के रूप में उभरा है। वर्ष 2022 में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद देशभर में प्रदर्शन हुए थे। अर्थव्यवस्था को लेकर सबसे अधिक हिंसा ईरान के लोरेस्टान प्रांत के अजना शहर में देखी गई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में वहां सड़कों पर जलती हुई वस्तुएं दिखाई दे रही हैं साथ ही गोलियों की आवाजें गूंजती हैं।

## पाक को जयशंकर की दो टूक, भारत को बुरे पड़ोसियों से रक्षा का अधिकार

### आईआईटी मद्रास के कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आतंकवाद को लेकर एक बार फिर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की नीति स्पष्ट की है। आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि भारत उन पड़ोसियों से अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार रखता है जो आतंकवाद का समर्थन करते हुए नई दिल्ली से सहयोग की उम्मीद करते हैं। उन्होंने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए साफ कहा कि अच्छे पड़ोसी संबंध और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। विदेश मंत्री एस जयशंकर तमिलनाडु के आईआईटी मद्रास में आयोजित फायरसाइड चैट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए चेन्नई पहुंचे। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने इशारों-इशारों में पाकिस्तान की जमकर लताड़ लगाई।



#### हमारे पास बुरा पड़ोसी : विदेश मंत्री

भारत की पड़ोसी नीति पर विस्तार से बताते हुए, विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण सामान्य ज्ञान पर आधारित है, जो सहयोगी पड़ोसियों और शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों के बीच स्पष्ट रूप से अंतर करता है। उन्होंने कहा, आपके बुरे पड़ोसी भी हो सकते हैं। दुर्भाग्य से, हमारे हैं। जब आपके बुरे पड़ोसी होते हैं, तो पश्चिम की ओर देखें। यदि कोई देश यह तय करता है कि वह जानबूझकर, लगातार और बिना पछतावे के आतंकवाद जारी रखेगा, तो हमें अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का अधिकार है। हम उस अधिकार का प्रयोग करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा, कोई भी हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या । हम अपनी रक्षा के लिए जो कुछ भी करना होगा, वह करेंगे।

#### अच्छे पड़ोसियों की भारत करता है मदद

भारत की पड़ोस नीति के बारे में एस. जयशंकर ने कहा, मैं दो दिन पहले बांग्लादेश में था। हमें कई तरह से बहुत सारे पड़ोसी मिले हैं। अगर आपका कोई पड़ोसी अच्छा है या नुकसान नहीं पहुंचा रहा है, तो आप स्वाभाविक रूप से उसके साथ संबंध बनाते हैं। भारत ऐसे पड़ोसी की मदद करता है, स्वाभाविक रूप से। हमारे ज्यादातर पड़ोसियों को वैक्सीन की पहली खेप भारत से मिली। आतंकवाद पर बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा, जब बात बुरे पड़ोसियों की आती है तो वह आतंकवाद पर अड़े रहते हैं। इसलिए हमें अपने लोगों को आतंकवादियों से बचाने का हक है। हम अपनी रक्षा के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करते हैं। लेकिन अगर आपके यहां दशकों से आतंकवाद है, तो आपके पास अच्छा पड़ोसी नहीं हो सकता। आप ऐसे किसी व्यक्ति के साथ अच्छे पड़ोसी वाले संबंध नहीं रख सकते और पानी साझा नहीं कर सकते जो आतंकवाद जारी रखे हुए है।

#### अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और हमेशा रहेगा

विदेश मंत्री ने कहा कि अरुणाचल भारत का हिस्सा है और हमेशा रहेगा, और इस तरह की चालों से जमीन पर कुछ भी बदलने वाला नहीं है। शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों के अरुणाचल प्रदेश की एक महिला के परेशान करने को लेकर जयशंकर ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि हमने असल में इसका विरोध किया, और हमने यह बात भी साफ कर दी कि इस तरह की हरकतें करने से असल में कुछ भी बदलने वाला नहीं है।

## न्यूयार्क के मेयर ममदानी ने तिहाड़ में बंद खालिद उमर को लिखा खत

**न्यूयार्क, जेएनएन।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बीते लगभग 5 साल से बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी का समर्थन मिला है। जोहरान ममदानी ने उमर खालिद को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि हम आपके बारे में सोच रहे हैं। यह पत्र गुरुवार को सोशल मीडिया पर तब सामने आया, जिस दिन ममदानी ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर के तौर पर शपथ ली। भारतीय मूल के ममदानी अमेरिका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर हैं। बिना तारीख वाले खत में ममदानी ने खालिद के परिवार के सदस्यों के साथ हुई बातचीत के बारे में बताया है। ममदानी के खत को उमर खालिद की पार्टनर बनोज्योत्सना लाहिरी ने अपने एक्स हैंडल से शेयर किया है। हाथ से लिखे नोट में ममदानी ने कहा, डियर उमर, मैं अक्सर कड़वाहट के बारे में तुम्हारी बातों और इसे खुद पर हावी न होने देने की अहमियत के बारे में सोचता हूं। उन्होंने आगे लिखा, तुम्हारे माता-पिता से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हम सब तुम्हारे बारे में सोच रहे हैं।



**खालिद के लिए पहले भी उठाई आवाज:** ममदानी पहले भी उमर खालिद के समर्थन में सार्वजनिक रूप से बोल चुके हैं। जून 2023 में न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा

### झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** झूठा दुष्कर्म का आरोप लगाने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। दरअसल, एक केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि झूठे आरोपों में किसी व्यक्ति को फंसाए जाने से आरोपी को ऐसे घाव मिलते हैं जो जिंदगी भर नहीं मिट सकते और कथित पीड़िता एवं आरोपी दोनों के लिए इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा दिल्ली पुलिस द्वारा निचली न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिए दायर एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई कर रही थीं। पीड़िता के अपने पूर्व बयानों से पलट जाने के बाद निचली अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। इस मामले में 15 दिसंबर को दिए गए आदेश में हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि, यदि किसी व्यक्ति को झूठे आरोपों में फंसाया जाता है, तो उसकी प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान, कारावास, सामाजिक कलंक और मानसिक पीड़ा जैसी परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है।




धुरंधर के तूफान के बीच रणवीर की डेब्यू

### फिल्म बैंड बाजार बारात री-रिलीज होगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 5 दिसंबर को रिलीज हुई रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर की आंधी जनवरी तक कम नहीं हुई है। फिल्म को रिलीज हुए 29 दिन हो चुके हैं और इसकी कमाई अभी भी डबल डिजिट में हो रही है। फिल्म की कमाई वर्ल्ड वाइड 1000 करोड़ रुपये पार कर चुकी है। इन सभी के बीच रणवीर सिंह की एक और फिल्म रिलीज होने वाली है। दरअसल खबर है कि रणवीर सिंह की डेब्यू फिल्म बैंड बाजा बारात भी सिनेमाघरों में फिर से रिलीज़ होने वाली है। इसकी तारीख भी सामने आ गई है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी ओरिजिनल रिलीज के 15 साल बाद मनीष शर्मा के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म जिसमें अनुष्का शर्मा भी लीड रोल में थीं, 16 जनवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। यह फैसला यश राज फिल्म्स ने पीआरवी आईनोक्स ने के साथ मिलकर लिया है। री-रिलीज़ के बारे में बात करते हुए मनीष शर्मा ने कहा, बैंड बाजा बारात एक बहुत ही सिंपल आइडिया से बनी थी। मैंने एक मैग्जीन में युवा भारतीय एंटरप्रेन्योर्स के बारे में एक आर्टिकल पढ़ा था और कुछ बात मेरे मन में रह गई।



### गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा रोहिणी

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर-24 में शुक्रवार शाम प्रॉपर्टी डीलर के घर के बाहर फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। बताया जाता है कि बदमाशों ने लगभग दो दर्जन फायर किए। इनमें कुछ फायर हवा में किए और कुछ फायर घर के बाहर पार्किंग में खड़ी गाड़ी पर भी किए। फायरिंग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रोहिणी जिला पुलिस ने बताया कि हवाई फायरिंग के अलावा बदमाशों ने नीले रंग की टोयोटा इनोवा कार को निशाना बनाया। कार की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान पाए गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 26 व 29 दिसंबर को एक अनजान इंटरनेशनल नंबर से कई वाट्सएप कॉल और वाइस मैसेज आए। कॉल करने वाले ने खुद को एक बड़ा गैंगस्टर बताया और जबरन वसूली के तौर पर मोटी रकम मांगी और उसे धमकियां दीं, जिसकी जानकारी उसने पहले पुलिस को नहीं दी थी।

प्रयोग | चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर गई एक मादा चुहिया ने पृथ्वी पर लौटकर 9 स्वस्थ बच्चे पैदा किए

## इंसानों का भविष्य तय करेगी स्पेस में गर्भवती हुई चुहिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन पर गई एक मादा चुहिया ने पृथ्वी पर लौटकर 9 स्वस्थ बच्चे पैदा किए। यह घटना मानव जाति के अंतरिक्ष में बसने के सपने के लिए बहुत बड़ा संकेत है। वैज्ञानिकों का कहना है कि छोटी अवधि की स्पेस यात्रा से स्तनधारी जीवों की प्रजनन क्षमता पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। यह प्रयोग चीन की शेनझोउ-21 मिशन का हिस्सा था।

#### स्पेस में हुआ पूरा प्रयोग?

31 अक्टूबर को चीन ने शेनझोउ-21 स्पेसक्राफ्ट से चार चूहों (नंबर 6, 98, 154 और 186) को अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा। ये चूहे पृथ्वी से करीब 400 किमी ऊपर स्थित स्टेशन पर दो हफ्ते रहे। यहां उन्होंने माइक्रोग्रैविटी (कम गुरुत्वाकर्षण), स्पेस रेडिएशन और अंतरिक्ष की खास स्थितियों का सामना किया। 14 नवंबर को ये सुरक्षित पृथ्वी पर लौटे। फिर 10 दिसंबर को एक मादा चूहिया ने 9 स्वस्थ बच्चे पैदा किए। इनमें से 6 बच्चे जीवित रहे, जो सामान्य दर है। मां ठीक से दूध पिला रही है। बच्चे सक्रिय हैं। अच्छे से बढ़ रहे हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज की रिसर्चर वांग होंगमेई ने कहा कि यह साबित करता है कि छोटी स्पेस यात्रा से चूहों की प्रजनन क्षमता खराब नहीं होती। पहले के प्रयोगों में स्पेस से लौटे चूहों के स्पर्म से पृथ्वी पर अंडे फर्टिलाइज किए गए थे, लेकिन इस बार पूरी मादा चूहिया स्पेस गई। लौटी गर्भवती होकर और जमीन पर बच्चे पैदा किए।



#### क्यों महत्वपूर्ण है यह प्रयोग?

चूहे इंसानों से जेनेटिक रूप से बहुत मिलते-जुलते हैं। जल्दी बच्चे पैदा करते हैं। तनाव पर इंसानों जैसी प्रतिक्रिया देते हैं। अगर स्पेस में प्रजनन की कोई बड़ी समस्या होती, तो पहले चूहों में दिखती। अब वैज्ञानिक इन स्पेस पप्स पर नजर रखेंगे। उनके बढ़ने, विकास और आगे प्रजनन करने की क्षमता पर कि क्या अगली पीढ़ी में कोई छिपा असर दिखेगा?

#### अंतरिक्ष में मानव प्रजनन संभव

यह सब इंसानों के लिए है। मंगल पर लंबी यात्रा या चंद्रमा पर स्थायी बस्ती बनाने से पहले जानना जरूरी है कि कम गुरुत्वाकर्षण में गर्भ ठहरना, बढ़ना और जन्म होना सामान्य रहेगा? स्पेस की किरणें अंडे या स्पर्म को नुकसान पहुंचाएंगी? एक चूहिया का मां बनना सभी सवालों का जवाब नहीं देता, लेकिन यह उम्मीद जगाता है कि अंतरिक्ष में मानव प्रजनन संभव हो सकता है। यह मानव जाति के सितारों तक पहुंचने के सपने के लिए बड़ा कदम है।

#### मिशन में चुनौतियां भी आईं

मिशन आसान नहीं था। शेनझोउ-20 की वापसी में देरी हुई, जिससे चूहों का वहां रहना लंबा हो गया और खाने की कमी का खतरा पैदा हो गया। ग्राउंड टीम ने इमरजेंसी में एस्ट्रोनॉट्स का खाना टेस्ट किया। जैसे कंप्रेस्ड बिस्किट, कॉर्न, हेजलनट्स और सोया मिल्क। अंत में सोया मिल्क सबसे सुरक्षित पाया गया। अंतरिक्ष में चूहों के हैबिटेट में सुबह 7 बजे लाइट ऑन और शाम 7 बजे ऑफ होती थी, ताकि पृथ्वी जैसा दिन-रात का चक्र बना रहे। खाना पौष्टिक लेकिन सख्त था, क्योंकि चूहों को दांत घिसने की जरूरत होती है. हवा का फ्लो बाल और कचरे को अलग कंटेनर में ले जाता था। एआई सिस्टम चूहों की हरकत, खाना और नींद पर नजर रखता था।

## 1500 करोड़ के जमीन घोटाले में पूर्व कलेक्टर गिरफ्तार

### गुजरात के सुरेंद्रनगर में ईडी ने की कार्रवाई

**सुरेंद्रनगर, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 1500 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले में गुजरात में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्र पटेल को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को ईडी की तीन टीमें गांधीनगर स्थित राजेंद्र पटेल के आवास पर पहुंचीं, जहां पहले पूछताछ की गई। इससे पहले ईडी की टीम ने 20, 21 दिसंबर को सुरेंद्रनगर जिले में छापेमारी की थी। इसमें सुरेंद्रनगर के कलेक्टर राजेंद्र पटेल के अलावा उनके पीए जयराज सिंह झाला, डिप्टी तहसीलदार चंद्र सिंह मोरी और क्लर्क मयूरसिंह गोहिल के घर पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान मोरी के घर से 60 लाख से अधिक का कैश भी जब्त किया गया था। यह कैश उनके बेडरूम में छिपाकर रखा गया था। रुपए मिलने के बाद मोरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद 23 दिसंबर को पीएमएलए की धारा 17 के तहत दर्ज बयान में मोरी ने माना था कि जब्त किया गया कैश रिश्वत का पैसा है, जो आवेदकों से सीधे या बिचौलियों के जरिए लिया गया था। मोरी को सौराष्ट्र घरखेड़ टेनेंसी सेटलमेंट एंड एग्रीकल्चरल लैंड्स ऑर्डिनेंस, 1949 के तहत सीएलएयू (भूमि उपयोग में बदलाव) आवेदनों के टाइटल वेरिफिकेशन और प्रोसेसिंग का काम सौंपा गया था, लेकिन मोरी ने पावर का दुरुपयोग किया। आरोप है कि उन्होंने थान के विद इलाके में 1500 करोड़ की 3600 बीघा से अधिक जमीन की फाइल को जल्दी मंजूरी दिलाने रिश्वत ली। ईडी ने कहा कि रिश्वत की रकम प्रति वर्गमीटर के हिसाब से तय की गई थी। ईडी की जांच में पता चला है कि इस जमीन के सर्वे नंबर में कई नाम जोड़े गए थे सर्वे में नाम जोड़ने के लिए रिश्वत ली जा रही थी। ईडी की जांच में सर्वे में जोड़े गए कई नामों का खुलासा हो सकता है।



## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

573

85,762

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Coal India | 429.50 | 6.85% |
| NTPC | 353.00 | 4.70% |
| Hindalco | 927.30 | 3.44% |
| Trent | 4,437.90 | 2.61% |
| Jio Financial | 303.00 | 2.03% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| ITC | 360.00 | -3.79% |
| Nestle | 1,299.00 | -1.18% |
| Kotak Mahindra | 2,227.90 | -1.02% |
| Shriram Finance | 1,025.00 | -0.92% |
| Axis Bank | 1,281.80 | -0.59% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 90.190 |
| € यूरो | 105.71 |
| ¥ येन | 0.5748 |
| £ पौंड | 121.36 |

# स्विगी-जोमैटो डिलीवरी बॉयज को मिलेगा बीमा

## रजिस्ट्रेशन के लिए 90 दिन काम करना जरूरी, सोशल सिक्योरिटी के ड्राफ्ट रूल्स जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देशभर के लाखों डिलीवरी बॉयज, कैब ड्राइवर्स को अब हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस और एक्सीडेंट कवर जैसी सुविधाएं मिलेंगी। केंद्र सरकार ने सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 के तहत नए ड्राफ्ट नियमों को नोटिफाई कर दिया है। एक साल में कम से कम 90 दिन काम करने पर वर्कर्स को फायदा मिलेगा। सरकार ने ड्राफ्ट रूल्स पर फीडबैक मांगा है, जिसके बाद इसे फाइनल कर लागू कर दिया जाएगा। हड़ताल के बाद सरकार ने ये कदम उठाया है। इससे पहले जोमैटो-स्विगी जैसी कंपनियों ने भी न्यू ईयर जैसे मौकों पर पीक आवर्स में हर ऑर्डर पर 120-150 देने का वादा किया था। अगर आप किसी भी फूड या राइड-शेयरिंग एप के साथ काम करते हैं, तो सरकारी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। कंपनियां इसमें गिग वर्कर्स की मदद करेंगी। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार नंबर जरूरी है। उम्र 16 साल से ज्यादा होनी चाहिए। डेटा शेयर होते ही एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर जनरेट होगा। वर्कर्स को एक पहचान पत्र मिलेगा, जिसे पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा।

### 1 साल में 90 दिन काम करना जरूरी

हर गिग वर्कर इन फायदों का हकदार नहीं होगा। इसके लिए सरकार ने कुछ शर्तें रखी हैं:-

**वर्किंग डेज :** एक साल में कम से कम 90 दिन एक ही कंपनी के साथ काम किया हो। एक साथ अलग-अलग एप्स पर काम करते हैं, तो 120 दिन का काम होना जरूरी है।



**दिन की गणना:** अगर आप एक ही दिन में तीन अलग-अलग कंपनियों के लिए डिलीवरी करते हैं, तो उसे तीन दिन गिना जाएगा।

**उम्र सीमा:** 60 साल की उम्र पूरी होने पर यह पात्रता खत्म हो जाएगी। साथ ही, अगर आप लगातार 90-120 दिन काम नहीं करते हैं, तो भी आप स्कीम से बाहर हो सकते हैं।

**क्या-क्या फायदे मिलेंगे:** सरकार कंपनियों से कंट्रीब्यूशन लेकर एक विशेष सोशल सिक्योरिटी फंड बनाएगी।

**ये फायदे मिलेंगे:** इंश्योरेंस-लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस की सुविधा मिलेगी। काम के दौरान दुर्घटना होने पर पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस का फायदा मिलेगा। नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड में गिग वर्कर्स के 5 सदस्यों को शामिल किया जाएगा, जो नई योजनाओं पर सुझाव देंगे।

### गिग वर्कर्स हड़ताल के बाद राइडर्स की सुरक्षा पर बहस तेज

गिग वर्कर्स यूनियन की 31 दिसंबर को बुलाई गई हड़ताल के बाद अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी और राइडर्स की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। हालांकि, नए साल के मौके पर जोमैटो और ब्लिंकइट की सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहीं, लेकिन सोशल मीडिया पर यह बहस छिड़ गई कि क्या 10 मिनट की डिलीवरी का वादा राइडर्स की जान जोखिम में डालता है।

## प्यूरीफायर पर जीएसटी 5% करने की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जीएसटी काउंसिल अगले 15 दिनों में मीटिंग बुला सकती है। इस मीटिंग में एयर और वॉटर प्यूरीफायर पर लगने वाले इनडायरेक्ट टैक्स को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। बढ़ते हुए स्वास्थ्य खतरों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। इस बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बात कही। काउंसिल को हर तीन महीने में कम से कम एक बार मीटिंग करनी होती है। इसकी आखिरी मीटिंग सितंबर में हुई थी, जिसमें कई चीजों पर टैक्स दरों में बड़ा बदलाव किया गया था। प्यूरीफायर पर टैक्स घटाने के लिए सभी राज्य के वित्त मंत्रियों की सहमति जरूरी होगी। सूत्रों के मुताबिक, काउंसिल इस प्रस्ताव पर गौर करेगी कि इन प्रोडक्ट्स को लग्जरी या वैकल्पिक चीजों की बजाय जरूरी सामान मानकर जीएसटी दर 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दी जाए। यह चर्चा तब हो रही है जब देश के बड़े हिस्से में हवा की गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है।

## जनवरी में 12 नए फंड होंगे लॉन्च, 100 से निवेश शुरू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** म्युचुअल फंड इंडस्ट्री का आकार लगातार बढ़ रहा है और निवेशकों में इसकी लोकप्रियता भी उतनी ही तेजी से बढ रही है। नए साल में इस मजबूत मोमेंटम का फायदा उठाने के लिए एसेट मैनेजमेंट कंपनियां अपनी नई स्कीम्स के साथ एकदम तैयार बैठी हैं। इस महीने कोटक, ग्रो, जियोब्लैकरॉक, महिंद्रा मैनुलाइफ, बंधन, सैमको और एडलवाइस म्युचुअल फंड मिलकर इक्विटी, डेट और हाइब्रिड कैटेगरी में कुल 12 एनएफओ लॉन्च करने वालें है। यानी की जनवरी में न्यू फंड ऑफर यानी एनएफओ की बारिश होने वाली है। अगर आप म्युचुअल फंड में अपनी निवेश यात्रा शुरू करने की सोच रहे हैं, तो यह एक बेहतर अवसर हो सकता है। ये सभी फंड अलग-अलग थीम और निवेश उद्देश्यों के साथ लॉन्च किए जा रहे हैं, ताकि हर निवेशक अपनी जरूरतों और लक्ष्यों के अनुरूप सही विकल्प चुन सके।

## 98.4 फीसदी 2000 के नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस लौटे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने 2000 के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया पर एक महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रचलन से हटाए गए 2000 के कुल नोटों में से 98.41 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। 19 मई, 2023 को शुरू हुई इस प्रक्रिया के बाद अब बाजार में इस मूल्यवर्ग के बहुत ही कम नोट शेष रह गए हैं। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, जब 19 मई, 2023 को इन नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी, तब बाजार में कुल 3.56 लाख करोड़ मूल्य के 2000 के नोट प्रचलन में थे। 31 दिसंबर, 2025 को कामकाज की समाप्ति तक, यह मूल्य घटकर मात्र 5,669 करोड़ रह गया है। यह डेटा दर्शाता है कि पिछले ढाई वर्षों में भारतीय नागरिकों और संस्थाओं ने उच्च मूल्य वाली इस मुद्रा को वापस करने में सक्रियता दिखाई है।आरबीआई ने साफ किया है कि भले ही ये नोट अब आम लेनदेन के लिए बैंक शाखाओं में स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं, लेकिन ये अभी भी लीगल टेंडर बने हुए हैं। नोटों को वापस करने की समयसीमा में कई बदलाव किए गए थे। देश की सभी बैंक शाखाओं में 2000 के नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 तक उपलब्ध थी। 9 अक्टूबर 2023 से, भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में व्यक्ति या संस्थाएं सीधे जाकर अपने बैंक खातों में इन नोटों को जमा कर सकते हैं। आम जनता के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए, देश भर के किसी भी डाकघर से इंडिया पोस्ट के माध्यम से भी नोट भेजे जा सकते हैं। ये नोट सीधे आरबीआई के निर्गम कार्यालयों को भेजे जाते हैं और संबंधित व्यक्ति के बैंक खाते में राशि क्रेडिट कर दी जाती है।



## निफ्टी रिकॉर्ड हाई 26340 पर पहुंचा, सेंसेक्स 573 अंक चढ़ा

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में 2 जनवरी को तेजी रही। सेंसेक्स 573 अंक चढ़कर 85,762 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने आज कारोबार के दौरान नया रिकॉर्ड हाई बनाया, इसने 26,340 के स्तर को छुआ। इसके बाद निफ्टी 182 अंक चढ़कर 26,328 के स्तर पर बंद हुआ। ये निफ्टी का नया क्लोजिंग हाई भी है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 5 में गिरावट रही। एनटीपीसी, ट्रेंट और बजाज फाइनेंस के शेयर में 4.5 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिली। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में 1 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 2.27 प्रतिशत ऊपर 4,309 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.37 प्रतिशत नीचे 50,339 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.76 प्रतिशत ऊपर 26,338 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.094 प्रतिशत बढ़कर 3,968 पर बंद हुआ।

# मप्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 48 कार्मिकों के उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए

**जबलपुर।** मप्र. पूर्व क्षेत्र कंपनी ने अपने 48 कार्मिकों के तृतीय समयमान एवं उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए हैं । मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.) कार्यालय से जारी आदेशानुसार अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, प्रबंधक, कार्यालय सहायक एक / तीन, कनिष्ठ शीघ्रलेखक, वरिष्ठ परीक्षण सहायक / परीक्षण सहायक / परीक्षण पर्यवेक्षक, सुरक्षा निरीक्षक, अनुभाग अधिकारी, कार्यालय सहायक श्रेणी तीन एवं वाहन चालक समयमान वेतनमान का लाभ प्राप्त करने वाले कार्मिक शामिल है ।

कंपनी द्वारा जारी आदेश में शीबू सेमुअल एवं श्रीराम पाण्डेय (सेवानिवृत्त) कुल 02 अधीक्षण अभियंताओं को 30 वर्षीय तृतीय विकल्प नियम के तहत अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद का समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । हितेश शर्मा एवं राजीव चतुर्वेदी कुल 02 कार्यपालन अभियंताओं को 18 वर्षीय द्वितीय विकल्प नियम के तहत अधीक्षण अभियंता के पद का उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया । मुकेश चौरे एवं पूष्पेन्द्र यादव कुल 02 सहायक अभियंताओं को 09 वर्षीय प्रथम विकल्प नियम के तहत सहायक अभियंता के पद का उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया । राजेन्द्र कुमार चौरसिया, सहायक अभियंता (सेवानिवृत्त) को 18 वर्षीय द्वितीय विकल्प नियम के तहत अधीक्षण अभियंता के पद का उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया । रामजी गुप्ता एवं कैलाश नारायण चतुर्वेदी सहित कुल 06 कनिष्ठ अभियंताओं को 09 वर्षीय प्रथम विकल्प नियम के तहत सहायक अभियंता के पद का उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया । विकास गोंडुडे, कनिष्ठ अभियंता को 09 वर्षीय प्रथम विकल्प नियम के तहत उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया । शैलेन्द्र कनौजिया, कनिष्ठ अभियंता को 30 वर्षीय तृतीय समयमान वेतनमान नियम के तहत अधीक्षण अभियंता के पद का समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । सलीम खान एवं राम किशोर गुप्ता कुल 02 कनिष्ठ अभियंताओं को 30 वर्षीय तृतीय विकल्प नियम के तहत अधीक्षण अभियंता के पद का समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । राकेश सिंह, प्रबंधक को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । चन्द्रकांत लखेरा, कनिष्ठ अभियंता को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । राजेश कुमार दुबे, कनिष्ठ अभियंता को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । महेश प्रसाद गर्ग एवं श्रवण कुमार वर्मा सहित कुल 07 कार्यालय सहायक एक / तीन को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया। राम बाबू गुप्ता एवं सतीश कुमार पाठक कुल 02 कनिष्ठ शीघ्रलेखकों को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । रामायण प्रसाद शुक्ला एवं रविकांत भार्गव सहित कुल 14 वरिष्ठ परीक्षण सहायक / परीक्षण सहायक / परीक्षण पर्यवेक्षक को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । जागेश्वर प्रसाद रैदास, सुरक्षा निरीक्षक को 09 वर्षीय प्रथम विकल्प नियम के तहत उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया । रजनीश स्टीफन, अनुभाग अधिकारी को 25 वर्षीय प्रथम विकल्प नियम के तहत प्रशासनिक अधिकारी के पद का उच्च वेतनमान का लाभ दिया गया । अंजनी कुमार पटेल एवं काली चरण पटेल, कुल 02 कार्यालय सहायक श्रेणी तीन को 30 वर्षीय तृतीय समयमान वेतनमान नियम के तहत अनुभाग अधिकारी के पद का समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया । रवि किरण गुप्ता, वाहन चालक को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया ।

## एलपीजी से लेकर कार खरीदना हुआ महंगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नए साल की शुरुआत हो चुकी है और साल का पहला दिन देश में कई बड़े बदलाव लेकर आया है। 1 जनवरी 2026 से कई ऐसे चेंज लागू हुए हैं, जो घर की रसोई से लेकर कार के शौकीनों तक की जेब का बोझ बढ़ाने वाला साबित होगा। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने जहां दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत सभी शहरों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में तगड़ा इजाफा किया है, तो वहीं ऑटोमोबाइल सेक्टर की दिग्गज कंपनियों ने अपनी कारों के दाम में बढ़ोतरी कर झटका दिया है। 1 जनवरी 2026 की शुरुआत महंगाई के झटके के साथ हुई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने देशभर में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इजाफा कर दिया है। 1 जनवरी 2026 की शुरुआत महंगाई के झटके के साथ हुई है।ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने देशभर में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इजाफा कर दिया है।



## एसपी ओसवाल ठगी मामले में ईडी की दूसरी गिरफ्तारी, 14 लाख रु. जब्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जानकारी दी कि लुधियाना के मशहूर उद्योगपति एस पी ओसवाल से जुड़े डिजिटल अरेस्ट और धन शोधन मामले में दूसरी गिरफ्तारी हुई है। जांच एजेंसी ने कानपुर में छापेमारी के बाद 31 दिसंबर को अर्पित राठौर को हिरासत में लिया। जांच में पता चला कि अर्पित राठौर ने न केवल ओसवाल को बल्कि कई अन्य निर्दोष लोगों को भी साइबर ठगी का शिकार बनाया था। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने उसके पास से कुछ डिजिटल उपकरण और 14 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। जालंधर की एक विशेष अदालत ने आरोपी को पांच जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले एजेंसी ने 23 दिसंबर को असम से रूमी कलिता को पकड़ा था, जो अभी भी हिरासत में है। यह मामला लुधियाना पुलिस की एफआईआर से जुड़ा है। अगस्त 2023 में ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर वर्धमान समूह के चेयरमैन ओसवाल को डिजिटल अरेस्ट किया और उनसे सात करोड़ रुपये ठग लिए थे। ईडी का आरोप है कि राठौर इन अपराधों को अंजाम देने के लिए विदेशी साथियों के संपर्क में था। वह उन्हें ऐसे बैंक खाते उपलब्ध कराता था, जिनका इस्तेमाल अवैध पैसों के लेन-देन के लिए होता है। वह ठगी की रकम को विदेश भेजने में मदद करता था। ईडी ने आरोप लगाया कि, इस काम के बदले वह क्रिप्टोकरेंसी और नकद रुपये लेता था।



## समाधान योजना का प्रथम चरण पूर्ण, दूसरा चरण शुरू: ऊर्जा मंत्री

### 01 जनवरी से 28 फरवरी तक सरचार्ज में 90 फीसदी तक छूट का अवसर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर बकायादार उपभोक्तारओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। अब समाधान योजना का दूसरा चरण 01 जनवरी से शुरू हो गया है जो कि 28 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्ता जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्तां हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के द्वितीय चरण में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्तन अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3लाख 29 हजार 167 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्यण क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 373 करोड़ 30 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 204 करोड़ 75 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है।

**समाधान योजना 2025-26: एक नजर में :** समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हुआ जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कुछ कम है। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक थी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया गया। अब यह द्वितीय और अंतिम चरण है जो कि 01 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है। पंजीयन हेतु अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत विवरण तीनों कंपनियों की वेबसाइटों पर भी देखा जा सकता है साथ ही विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर भी योजना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

## जिला प्रशासन में फेरबदल, बदले एडीएम के प्रभार अंकुर मेश्राम और शाक्य देखेंगे मुख्यालय का काम

### सुमित पांडेय को भोपाल नॉर्थ का जिम्मा, प्रकाश नायक बने एडीएम साउथ

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को भोपाल जिले में पदस्थ चार अपर कलेक्टर्स (एडीएम) के बीच नए सिरे से काम का विभाजन किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत अब एडीएम सुमित पांडेय को भोपाल नॉर्थ और प्रकाश नायक को भोपाल साउथ की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा प्रकाशचंद शाक्य को एडीएम मुख्यालय और अंकुर मेश्राम को एडीएम मुख्यालय-1 में पदस्थ किया गया है। नए कार्य विभाजन के अनुसार पांडेय की अनुपस्थिति में उनके दायित्व प्रकाश नायक निभाएंगे जबकि नायक की गैर मौजूदगी में एडीएम सुमित पांडेय उनके कार्य संपादित करेंगे। इसी तरह की व्यवस्था एडीएम प्रकाशचंद शाक्य और अंकुर मेश्राम के बीच भी की गई है।

### नायक के पास गोविंदपुरा-बैरागढ़ की जिम्मेदारी

गोविन्दुपरा, बैरागढ़ के नजूल प्रकरण, प्रभार क्षेत्र में भू राजस्व संहिता के तहत अपील, निगरानी राजस्व प्रकरण के लिए कलेक्टर की शक्तियां रहेंगीं। जिले के सभी बैंको की वसूली के मामले पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज के मामले, सोलेशियम योजना, आरबीसी, सड़क दुर्घटना निधि सहायता योजना, वैध उत्तराधिकारी व संरक्षक प्रमाण पत्र जारी करने, अपने क्षेत्र में जुलूस, रैली, प्रदर्शन, लाउडस्पीकर की अनुमति, किशोर न्याय अधिनियम, आबकारी अधिनियम, आवश्यक वस्तु अधिनियम, सूचना एवं प्रोद्योगिकी, मंत्रालय समन्वय कार्य, विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा की।




### पांडेय को इन शाखाओं का जिम्मा

एडीएम नॉर्थ के अलावा निर्वाचन कार्य, हुजूर वृत्त के नजूल प्रकरण, अपने प्रभार क्षेत्र अपील, निगरानी, राजस्व प्रकरणों के लिए कलेक्टर की शक्तियां, बैंको की रिकवरी, विवाह पंजीयन अधिकारी, मजिस्ट्रेट ड्यूटी के तहत निषेधाज्ञा और अनुमतिया जारी करने, धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, प्रेस, पत्रिकाओं के पंजीकरण, प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में समाचार पत्र-पत्रिकाओं के पंजीकरण के आवेदन, अपने इलाके के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, लाउडस्पीकर की अनुमति देने, वीजा से संबंधित प्रकरण और शहर के ट्रेफिक से जुड़े काम, शस्त्र लाइसेंस और नवीनीकरण, विस्फोटक अधिनियम, सिविल डिफेन्स व सैनिक कल्याण बोर्ड, भू-अर्जन, जिला प्रोटोकाल अधिकारी, नगरीय कल्याण शाखा व शहरी विकास अभिकरण, नगर भूमि सीमा, राहत, सूखाराहत,आपदा प्रबंधन एनडीआरएफ व एसडीआरएफ भुगतान और जिले में होने वाले मुख्य कार्यक्रमों का संयोजन ।

## बांग्लादेश, भूटान और नेपाल भारत से कोयले की सीधी खरीदी कर सकेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कोयला कंपनी, कोल इंडिया लिमिटेड ने सीमा पार व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि 1 जनवरी, 2026 से बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के कोयला उपभोक्ता अब भारतीय ट्रेडर्स की मदद लिए बिना सीधे ऑनलाइन कोयला नीलामी में भाग ले सकेंगे। सीआईएल के इस फैसले का उद्देश्य घरेलू स्तर पर उपलब्ध सरप्लस कोयला संसाधनों का बेहतर उपयोग करना, पारदर्शिता बढ़ाना और भारत की क्षेत्रीय बाजार में पकड़ मजबूत करना है। इससे पहले, इन पड़ोसी देशों के खरीदारों को भारतीय कोयला प्राप्त करने के लिए घरेलू कोयला व्यापारियों पर निर्भर रहना पड़ता था। ये व्यापारी बिना किसी एंड-यूज प्रतिबंध के कोयला खरीदकर उसे सीमा पार बेचते थे। अब कोल इंडिया ने अपनी सिंगल विंडो मोड एग्नोस्टिक नीलामी प्रणाली में बदलाव कर विदेशी संस्थाओं को भी इसमें शामिल होने की अनुमति दे दी है। एसडब्ल्यूएमए एक एकीकृत ई-नीलामी प्रणाली है जिसे 2022 में लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य कोयला खरीद की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और बाजार-संचालित बनाना है। हाल ही में सीआईएल बोर्ड ने इस योजना के तंत्र में आवश्यक बदलावों को मंजूरी दी है, जिससे विदेशी खरीदारों के लिए रास्ता साफ हो गया है। कोल इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, विदेशी खरीदारों के लिए संशोधित ढांचे में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। विदेशी संस्थाओं को नीलामी में भाग लेने के लिए एक बार पंजीकरण कराना होगा। पूरी बोली प्रक्रिया डिजिटल होगी। भुगतान की प्रक्रिया विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के अनुसार होगी। नेपाल के खरीदार रुपये या डॉलर में भुगतान कर सकते हैं। बांग्लादेश और भूटान अमेरिकी डॉलर में भुगतान करना होगा, इसका मूल्य भारतीय रुपये के आधार पर तय किया जाएगा। कोयले का निर्यात अधिसूचित लॉजिस्टिक्स चैनलों के जरिए किया जाएगा ताकि आपूर्ति शृंखला में कोई बाधा न आए। कोल इंडिया का यह कदम न केवल कंपनी के लिए राजस्व के नए स्रोत खोलेगा, बल्कि भारत के नेबरहुड फर्स्ट (पड़ोसी प्रथम) नीति को भी मजबूती प्रदान करेगा। अधिकारी ने साफ किया कि यह विस्तार कोयले की घरेलू जरूरतों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ही किया जा रहा है।




**कार्रवाई** — प्रवेश कराने हाईकोर्ट पांच को दे सकता है अंतिम फैसला

# संबद्धता के अभाव में फिक्स नहीं हुई 72 नर्सिंग कॉलेजों की फीस

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रवेश एवं शुल्क विनियमक समिति ने प्रदेश के 72 नर्सिंग कालेजों की वर्तमान सत्र 2025-26 की बीएससी नर्सिंग, पीबी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग कालेजों की फीस तय नहीं की है। जबकि फीस कमेटी कालेजों की सुनवाई पूरी कर चुका है। वर्तमान सत्र 2025-26 की प्रवेश की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। काफी संख्या में सीटें रिक्त हैं। प्रवेश होने के बाद प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों ने नर्सिंग कालेजों को संबद्धता देने के लिए व्यवस्था कर ली है। इसके चलते प्रदेश का कोई भी कालेज संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता नहीं ले सका है। जबकि कालेजों ने फीस तय कराने के लिए नर्सिंग काउंसिल से मान्यता, वर्तमान सत्र की बैलेंस शीट और फीस का प्रस्ताव कमेटी में प्रस्तुत कर दिया। उन्होंने संबंधित विवि से जारी होने वाली संबद्धता नहीं दी। इसके कारण फीस कमेटी ने उनके प्रस्ताव पर कमेटी ने चर्चा कर फीस का आकलन कर लिया है। कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक कालेज संबद्धता नहीं दे देते हैं। तब तक उनकी फीस निर्धारित नहीं की जाएगी।

**संबद्धता का होगा सत्यापन:** विवि द्वारा जारी होने वाली संबद्धता को कालेज फीस कमेटी में प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद कमेटी बैठक में संबद्धता को रखकर उसका सत्यापन कराकर स्वीकृति लेगी। इसके बाद उनकी फीस निर्धारित करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा। फीस कमेटी जो फीस निर्धारित करेगी। कालेज वही फीस विद्यार्थियों से ले सकेंगे।

**फीस के लिए संबद्धता भी जरुरी:** कालेजों के वर्तमान सत्र में प्रवेश हो चुके हैं। हालांकि कालेजों को अभी तक तक संबद्धता नहीं दी गई है। फीस कमेटी का कहना है कि कालेजों ने मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल (एमपीएनआरसी) से मिली मान्यता प्रस्तुत कर दी है। संबंधित विवि से संबद्धता के अभाव में उनकी फीस फिक्स नहीं की जाएगी। गत माह कमेटी ने पीबी नर्सिंग की न्यूनतम फीस 41 हजार और अधिकतम फीस 54 हजार तक, बीएससी नर्सिंग की 53 हजार 300 से 70 हजार तक और एमएससी नर्सिंग की 94 हजार से एक लाख 25 हजार रुपये सालाना तक तय की थी।



### बीयू के दायरे में 40 कालेज

बीयू के पास करीब 40 कालेजों को संबद्धता देना है। इसके लिए बीयू ने आवेदन जमा करने के लिए लिंक भी खोली थी। कालेजों को 25 दिसंबर तक सामान्य शुल्क के साथ और 31 दिसंबर तक 25 फीसदी विलंब शुल्क के साथ आवेदन करना था। बीयू उक्त तिथियों तक ज्यादा संख्या में आवेदन नहीं मिले हैं। बीयू को जो आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उनके आधार पर बीयू कालेजों का निरीक्षण कराकर के रिपोर्ट तैयार करेगा, जिसके आधार ही बीयू द्वारा कालेजों को संबद्धता दी जाएगी। प्रवेश कराने के लिए काउंसलिंग के लिए मामला हाईकोर्ट में लंबित बना हुआ है। हाईकोर्ट पांच जनवरी को काउंसलिंग कराने के संबंध में आदेश जारी कर सकता है।

> कोई भी कालेज संबंधित विवि से संबद्धता लेकर नहीं आया है, जिसके कारण उनकी फीस तय नहीं की गई है। वे संबद्धता पत्र कमेटी में प्रस्तुत कर देते हैं, तो उनकी फीस निर्धारित करने के आदेश जारी कर दिए जाएंगे।
>
> **रविंद्र रामचंद्र कान्हेरे**
> अध्यक्ष, प्रवेश एवं शुल्क विनियामक समिति

# आगामी कार्य योजना बनाकर हमें दीजिए, मैं उसे हर हाल में क्रियान्वित कराऊंगा : मऊगंज विधायक

## विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में हनुमान जी पार्क हनुमना का हुआ लोकार्पण




**हनुमना, नि.प्र.।** नगर परिषद हनुमना के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता मोहनलाल कचेर और वर्तमान उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शरद जय गुप्ता ने संवाददाता को बताया कि हनुमना नगर परिषद वार्ड क्रमांक 06 में अमृत टू, योजना अंतर्गत तहसील के पास 23 लाख रुपए की लागत से नगर का पहले पार्क का लोकार्पण नव वर्ष के प्रथम दिवस की पावन वेला में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल के मुख्य आतिथ्य भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष केसरी की अध्यक्षता, नगर परिषद उपाध्यक्ष शरद गुप्ता एवं मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला की उपस्थिति में लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ और यह पार्क जनता को समर्पित हुआ, कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, मंडल अध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद के द्वारा भारत माता के चित्र पर धूप दीप जलाकर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात फीता काटकर यह पार्क जनता को समर्पित किया गया, तत्पश्चात सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा विधायक प्रदीप पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ राजेंद्र मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला, नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण त्यागी आदि लोगों ने पार्क के लोकार्पण अवसर पर अपनी अपनी बात रखी।

### विकास करने धन की कमी नहीं आएगी

मुख्य अतिथि ने कहां कि आप अपनी आगामी कार्य योजना बनाकर हमें दीजिए मैं उसे हर हाल में क्रियान्वित कराऊंगा और मैं आपको अस्वस्थ करता हूं की धन की कमी नहीं आएगी बस मैं चाहता हूं कि नगर का विकास हो। विशिष्ट अतिथि डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि केंद्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार जो कहती है वही करती है इसी कड़ी में यह सब सर्वांगीण विकास हो रहा है। यह पार्क इसी कड़ी का एक हिस्सा है, नगर हनुमना का अभी और कई विकास कार्य होना बाकी है, जैसा अध्यक्ष और पार्षदों ने बताया, आप सबके पास एक युवा टीम है, आप प्रस्ताव बनाईए विधायक और हम सब मिलकर आगे प्रयास कर मंजूरी एवं बजट उपलब्ध कराएंगे, वही मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने भी अपनी बात रखी, नगर परिषद अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को नगर में व्यवस्थित सब्जी मंडी, एक और पार्क, एक तालाब के और सौंदर्यकरण, अंतरराज्यीय बस स्टैंड के निर्माण में आ रही अर्चनो पर ध्यान दिलाएं और नगर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों पर उन्होंने प्रकाश डाला।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में तहसीलदार शिवम गौतम, सेवानिवृत्ति प्राध्यापक रवि द्विवेदी, परिवहन विभाग से सेवानिवृत हुए अधिकारी केडी शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव दत्त मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरूण त्यागी, उपयंत्री अनिल मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिंह, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष रमेश जाय सवाल, राजेश गुप्ता, राजेश मिश्रा, रज्जू, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्षद अखिलेश गुप्ता, डॉ शंकर लाल यादव, पूर्व पार्षद अग्रसेन तिवारी, राम कैलाश तिवारी, पन्नालाल शुक्ला, सेवानिवृत शिक्षक विजय पाल सिंह, संतोष पांडे, पूर्व महामंत्री संतोष कोल,तारकेश्वर गुप्ता, युवा नेता सुमित गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित मिश्रा, रितेश गुप्ता, पार्षद नव नीता गुप्ता, पार्षद निर्मला कोल, नगर परिषद के संविदा कार कृष्ण मुरारी गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि गंगा प्रसाद, अन्य पार्षद गण, श्यामधर द्विवेदी, कृष्णकांत तिवारी, विष्णु प्रसाद तिवारी, शिव शंकर दुबे उर्फ बबलू, पार्क के संविदा कार, यश कंस्ट्रक्शन कंपनी, जगदंबा प्रसाद मिश्रा नगर परिषद के समस्त कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, वार्ड की महिलाओ, बच्चों आदि सभी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सिविल अस्पताल जवा के निर्माण कार्य में मापदंडों की अनदेखी, जिम्मेदार मौन



## 7 करोड़ की लागत से सिविल अस्पताल भवन का हो रहा अमानक निर्माण कार्य

**जवा ब्यूरो ।** सिविल अस्पताल जवा में 50 बिस्तरों के नवीन भवन के निर्माण कार्य में अनियमितता के आरोप लगे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि निर्माण एजेंसी द्वारा शासन के निर्धारित मापदंडों की अनदेखी कर एक ओर जहां अमानक स्तर का निर्माण कार्य कराया गया है। वही भवन निर्माण के बाद खिड़कियों एवं गेटों में लगी चौखट जाली खिड़की लगते ही टूट गई हैं। साथ ही दीवारों में जगह जगह क्रेक दिखाई देने लगे हैं। दीवारों में जो प्लास्टर किया गया है वह भी जगह जगह फट रहा है जो अपने आप अमानक निर्माण कार्य की पोल खोल रहा है साथ ही बिजली फिटिंग के नाम पर भी की जा रही खाना पूर्ति उच्च स्तरीय जांच का विषय है। ज्ञात हो कि जवा में सिविल अस्पताल खोले जाने की मांग वर्षों से की जाती रही है जिसके परिपालन में सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जवा में 50 बिस्तर का सिविल अस्पताल स्वीकृत किया गया था साथ ही शासन द्वारा सिविल अस्पताल के भवन निर्माण हेतु करोड़ों रूपय में निर्माण कार्य का ठेका भी स्थानीय ठेकेदार अनुपम सिंह कांट्रेक्शन कंपनी को दिया गया था जिससे उच्च गुणवत्ता पूर्ण सिविल अस्पताल भवन का निर्माण कार्य हो सके लेकिन ठेकेदार सहित विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों की मिली भगत से सिविल अस्पताल जवा का हो रहे घटिया एवं अमानक स्तर का निर्माण कार्य चिंता एवं उच्च स्तरीय जांच का विषय है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर रीवा सहित जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों से घटिया निर्माण कार्य की जांच कराकर शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार भवन निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की है।

### निर्माण स्थल में नहीं लगा सूचना बोर्ड

शासन का स्पष्ट आदेश है कि मौके पर निर्माण कार्य की जानकारी संबंधित बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं उसके बावजूद किसी भी तरह का बोर्ड तक नहीं लगाया गया है जिससे आम जनमानस को निर्माण संबंधित जानकारी तक नहीं मिल पाती है। आम ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर रीवा से निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# निरीक्षण और कार्यवाही के बाद भी धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था



## मनमानी से किसान त्रस्त

**त्योंथर ब्यूरो।** क्षेत्र के धान उपार्जन केंद्रों में अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण का दावा और कार्यवाही के बावजूद केंद्रों में अव्यवस्थाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई धान खरीदी केंद्रों में किसानों के साथ जमकर शोषण किया जा रहे हैं और मजबूर किसान अपना दुख दर्द किसी से साझा नहीं कर पा रहा है। बारदाने की कमी से इस भीषण कड़ाके की ठंड के बीच क्षेत्र के कई धान खरीदी केंद्रों में किसान रात गुजारने को मजबूर है। जहां परिवहनकर्ता और नोडल अधिकारियों पर सीधे सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी कड़ी में श्री राम वेयर हाउस डीह ढखरा क्रमांक-02 में धान खरीदी केंद्र पर बारदाने की कमी के साथ ही कई अन्य समस्याएं किसानों के बीच बनी हुई है। किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधक की मनमानी के चलते केंद्र पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर निःशुल्क तौलाई और खरीदी की व्यवस्था होने के बावजूद केंद्र पर 6 रुपये के करीब प्रति बोरी तौल के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूला जा रहा है। इसके साथ ही निर्धारित वजन से अत्यधिक तौल भी कराया जा रहा है। किसानों ने कहां की क्वालिटी के नाम पर भी परेशान किया जा रहा है और कई लोगों के घटिया स्तर की धान खरीदी जा रही है। आरोप है कि निरीक्षण के दौरान अधिकारी केंद्रों पर पहुंचकर सिर्फ़ औपचारिक खानापूर्ति कर लौट जाते हैं, लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होता हैं।

# नववर्ष मिलन समारोह आयोजित कर पत्रकार, समाजसेवी, डॉक्टर, प्रोफेसर को शाल श्रीफल से किया सम्मानित

**सिरमौर, नि.प्र.।** सिरमौर में नव वर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद सिरमौर के पूर्व उपाध्यक्ष बृजेश पांडेय, समाज सेवी सरस्वती विद्यालय सिरमौर के पूर्व व्यवस्थापक चंद्र प्रकाश पांडेय, अध्यक्ष एड विनय मिश्रा के संयुक्त तत्वावधान में विश्राम गृह सिरमौर में नव वर्ष मिलन समारोह एवं क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी , डॉक्टर, प्रोफेसर, स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी का शाल श्रीफल से सम्मानित कर नई परंपरा की शुरुआत की गई । गरिमामयी कार्यक्रम की शुरुआत समारोह के मुख्य अतिथि यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश द्विवेदी, सेवानिवृत्त बीएमओ डॉ डीपी पांडेय, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष एड गणेश प्रसाद पांडेय, सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर नरेश प्रसाद पांडेय, समाजसेवी एवं वरिष्ठ संविदाकार सुरेश कुमार मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष बृजेश पांडेय, पत्रकार संघ सिरमौर के अध्यक्ष विष्णु नारायण शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि डॉ ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा यह को परंपरा की शुरुआत हुई है निश्चित ही समाज के लिए हितकर है। हम लोगों की प्रगति का चिंतन कर उसमे आरोप, लांछन लगाने में लगे रहते है । जबकि हमे स्वयं आत्मलोकन करना चाहिए । यदि संघर्ष के साथ आप अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करेंगे तो सफलता मिलेगी । श्री द्विवेदी ने स्वयं की जीवनी पर भी प्रकाश डाला । विशिष्ट अतिथि डॉ डी पी पांडेय ने सामाजिक एवं नगर के विकाश पर प्रकाश डाला । अध्यक्षता कर रहे एड गणेश प्रसाद पांडेय ने नव निर्वाचित पत्रकार संघ सिरमौर के अध्यक्ष सहित सभी को बधाई देते हुए सभी को नव वर्ष में अच्छी सोच के साथ सकारात्मक कार्य के लिए उत्प्रेरित किया । समाजसेवी सुरेश मिश्रा, विष्णु नारायण शुक्ला, गया प्रसाद मिश्र, अशोक पांडेय, मुन्नीलाल वर्मा ने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम के संयोजक नप सिरमौर के पूर्व उपाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने नव वर्ष मिलन समारोह में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये शुभकामनाएं दी । आभार प्रदर्शन उदय प्रकाश पांडेय के द्वारा किया गया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रो कीर्ति शर्मा, प्रेम शंकर गुप्ता, एडवोकेट विनय मिश्रा, एड मनकामना पांडेय, चरण सिंह, शिवेंद्र सिंह, संतोष सिंह , कमलेश कुशवाहा , लक्ष्मण कुशवाहा, राजेश्वर पांडेय , एड राकेश कुमार मिश्र, शिवेंद्र सिंह , अशोक पांडे, राज कुमार शुक्ला, वेदपाणि पांडेय , गोविंद पांडेय, राकेश कुमार पांडेय, लालपति लोध, रामदयाल सेन, राजबली पांडेय, केशव तिवारी , प्रदीप द्विवेदी , शुशील चंद्र गुप्ता ,मुन्नीलाल मुड़हा , प्रमोद कुमार पांडेय, लल्लू लोधी ,पुष्पेंद्र सिंह, मनोज श्रीवास्तव , रवि गुप्ता, विनोद पांडेय , रामनरेश सेन, घनस्याम सोनी , गोपाल पांडेय, रवि गुप्ता , गोपाल गुप्ता, कृष्ण कुमार पांडेय, शिब्बू पांडेय, रोहणी गुप्ता, उदय प्रकाश पांडेय, रामकरण मिश्रा , प्रवीण तिवारी, संजय गुप्ता , महेंद्र दाहियां, प्रेमा दहिया, सहित सैकड़ो की संख्या में नगरवासी नववर्ष मिलन समारोह में शामिल होकर आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर एवं तिलक लगाकर नव वर्ष की बधाइयां व शुभकामनाएं दी ।

# नव वर्ष पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनगवां में मरीजों को वितरित किए फल





## आंचलिक पत्रकारों को किया सम्मानित

**मनगवां नि.प्र.।** नव वर्ष 2026 की नवीनतम बेला पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनगवां में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया गया एवं पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति, विशिष्ट अतिथि विकास तिवारी जनपद अध्यक्ष गंगेव, डॉ देवव्रत पांडे बीएमओ, मंडल अध्यक्ष मनगवा अरुणेंद्र मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी सहेवा सरपंच जगत नारायण मिश्रा, विधायक श्री प्रजापति ने कहा कि नववर्ष के उपलक्ष में मरीज को फल वितरित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमारे सरकार की मंशा है कि आम लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे अंतिम पंक्ति पर बैठे हुए व्यक्ति को भी सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। वहीं देश के चौथे स्तंभ मीडिया का सम्मान करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया सभी नेता और राजनेताओं को आइना दिखाती है । हमें सही कार्य करने के लिए सजक भी करते हैं, उन सभी को धन्यवाद देता हूं एवं नए वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नामवर सिंह, जनपद सदस्य गणेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रियंका तिवारी, विधायक प्रतिनिधि पंकज त्रिपाठी, डॉ विष्णु देव कुशवाहा, अधिवक्ता बृजभूषण मिश्रा, संतोष तिवारी, पत्रकारों में उमेश तिवारी, संतोष श्रीवास्तव, महेंद्र तिवारी, विमलेश त्रिपाठी, रंजन नाथ त्रिपाठी, विकास पांडे, दिलीप कुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अतीत गौतम, अंबिकेश जायसवाल आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# मृत्युंजय मिश्रा की जीत पर लालगांव में मनाया गया जश्न

## रैली निकालकर मतदाताओं का जताया आभार

**लालगाँव, नि.प्र.।** जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 16 में हुए उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को दोपहर तक जारी हो गए। अश्विनी मिश्रा मुन्ना खैरा के निधन के बाद खाली हुई इस सीट पर हुए उपचुनाव मे उनके बेटे मृत्युंजय मिश्रा ने 4094 वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी अनिल सिंह गुड्डा को 1275 मतों से पराजित कर चुनाव जीत लिया। शुक्रवार को सभी प्रत्याशी और उनके समर्थक अपने-अपने समर्थकों के साथ सुबह से ही जनपद पंचायत गंगेव मे इकट्ठा हो गए थे। छःराउंड चली मतगणना में जैसे ही अंतिम परिणाम अश्वनी मिश्रा के जीत का आया तो उनके चाहने वाले और समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने प्रत्याशी सहित उनके समर्थकों को अबीर गुलाल लगाकर फूल मालाओं से लाद दिया और गगनभेदी नारों के साथ आकश को गुंजायमान कर दिया। चुनाव जीतने के बाद मृत्युंजय मिश्रा सबसे पहले लालगाँव पहुँचकर नगर भ्रमण करते हुए मतदाताओं का आभार जताया। इस दौरान उनके साथ विवेकानंद तिवारी, मनकेश तिवारी, श्रवण गौतम, संतोष उपाध्याय, सुरेश गौतम, लवकुश तिवारी, अरविंद तिवारी, दिनेश तिवारी, महेन्द्र मिश्रा ददोली, राजन शर्मा, सत्यसूदन तिवारी, सुनील शर्मा, रामायण पाठक, आशीष त्रिपाठी, रमाशंकर गुप्ता, शिवचरण गुप्ता, राजेश गुप्ता, पप्पू गुप्ता, प्रभुनारायण गुप्ता, जगदीश साकेत, शंकर साकेत, कन्हैयालाल साकेत सहित वार्ड क्रमांक 16 के स्थानीय गणमान्य नागरिक और उनके समर्थक उपस्थित रहे।



# अधिवक्ता संघ चुनाव में जीत पर मनाया जश्न



**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना न्यायालय हनुमना में अधिवक्ता संघ का चुनाव क्रमशः निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से 30 दिसंबर को संपन्न हुआ जिसके अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पूर्व पटवारी राम रक्षा शुक्ला को 77 मत, बीपी त्रिपाठी 63 मत, एवं राम रक्षा शुक्ला 77 मत प्राप्त करके बीपी त्रिपाठी से 14 मत प्राप्त अधिक प्राप्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विजय घोषित हुए। उपाध्यक्ष शिवदयाल मिश्रा 78 मत कार्तिकेय सिंह 68 मत ,सचिव पद सी के पटेल 80 मत प्रकाश शुक्ला 64 मत, सह सचिव उमाकांत 121 मत सौरभ 25 मत, कोषाअध्यक्ष राम भिलास पटेल 76मत, कमलनयन केशरी पूर्व कोषाध्यक्ष 69 प्राप्त किये एक मत अनवेलिड हो गया। इसी के साथ अधिवक्ता संघ चुनाव में राम रक्षा शुक्ला एवं सहसचिव उमाकांत मिश्रा बनाए जाने पर हनुमना बड़े हनुमान जी मंदिर पहुंचकर मिठाइयां बांटी गई एवं खुशी जाहिर की गई जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता संघ के पूर्व सचिव नीरज कुमार गौतम एवं संजू द्विवेदी अनिल सिंह विजय नारायण तिवारी एडवोकेट भवानी शंकर द्विवेदी (भाटी) लोकनाथ वर्मा राजेन्द्र तिवारी रमेश मिश्रा आदि अधिवक्ता के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खुशी एवं हर्ष व्याप्त किया।

# एसकेजी विद्यापीठ में वार्षिक खेल महोत्सव व आनंद मेला आयोजित

**आंचलिक डेस्क।** एसकेजी विद्यापीठ हाईस्कूल सिलपरा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव व बाल आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से 400 मीटर लम्बी दौड़, लंगड़ी दौड़, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़ व लगोरी गिप्पी गेंद तथा देश का सर्वप्रिय खेल कबड्डी खेला गया। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। अंशिका सिंह, खुशबू यादव, श्रेया मिश्रा, अजीत सिंह, नितिन पटेल, यश पटेल, हर्षिता मिश्रा, दीपक यादव, मयंक कुशवाहा व भावना कुशवाहा ने विभिन्न खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल आनंद मेले में कई बच्चों ने दुकानें सजाई, जिनका लुत्फ बच्चे, अभिभावकों व ग्रामीणजनों ने उठाया। विद्यालय प्रांगण में विगत 22 वर्षों से संचालित मेले का पूर्व छात्र व ग्रामवासियों को इंतजार रहता है। मेले में लकी ड्रॉ द्वारा तीन भाग्यशालियों आदर्श ऋषि कुमार, दिव्यांश कुमार का भाग्य नन्हें भैया कौशिकराज कुशवाहा, चित्रांश सिंह व नायरा कुशवाहा ने खोला। मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती विभाग संयोजक मोहनलाल शुक्ला, डायरेक्टर निशान इंटरनेशनल स्कूल विनय प्रधान, दिव्यप्रकाश सिंह, रामस्वयंवर पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। आयोजन में विद्यालय डायरेक्टर केपी कुशवाहा विद्यालयीन स्टाफ अन्नपूर्णा कुशवाहा, अनुज कुमार सिंह, मधुलता सिंह, कविता सिंह, आफरीन खान, निधि सिंह, वंदना पाठक, मधु कुशवाहा, रामचन्द्र बुनकर, सौरभ कुमार साकेत, प्रीती त्रिपाठी, नेहा कुशवाहा, क्षमा यादव, रानी कुशवाहा, धीरेन्द्र पाण्डे, नीरज पाण्डेय का सहयोग रहा।

# आचार्य कपिल देव द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ बोरी बंधान एवं पौधरोपण

**नईगढ़ी नि.प्र.।** नववर्ष के पावन अवसर पर 1 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वावधान में जल संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल की गई। परिषद् के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक एवं जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार के निर्देशानुसार तथा ब्लॉक समन्वयक डॉ. रामानंद पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद हनुमना अंतर्गत सेक्टर बरांव के ग्राम पैपखार में निहाई नदी पर जल संचय (बोरी बंधान) एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था स्वर्गीय रामसुमेर द्विवेदी स्मृति जन सेवा संस्थान गौरी सेक्टर बरांव के अध्यक्ष आचार्य कपिल देव द्विवेदी की सक्रिय व प्रेरक भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। आचार्य द्विवेदी ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व पर जागरूक करते हुए बोरी बंधान कार्य का नेतृत्व किया और इसे भावी पीढ़ियों के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम का आयोजन संस्कार मंदिर पैपखार के सामने नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पैपखार के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस दौरान नदी में बोरी बंधान कर वर्षा जल को संरक्षित करने का संदेश दिया गया तथा पर्यावरण संतुलन हेतु पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पैपखार के अध्यक्ष गुलाब प्रसाद कुशवाहा, सचिव कुलदीप कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम में कौशिक पाण्डेय, रामनरेश कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा के सचिव मदन कुशवाहा, मेंटर नागेन्द्र मिश्रा रामानुज कुशवाहा, रामयश विश्वकर्मा, बृजेश कुशवाहा, सुखलाल विश्वकर्मा, द्वारिका प्रसाद कोल, लालमणि कोल, संतोष कुमार द्विवेदी, राजेन्द्र कुशवाहा, रवीन्द्रनाथ पाण्डेय, रोहित कुशवाहा, बृजेश विश्वकर्मा, सीताराम कोल, विनोद विश्वकर्मा, रामदरश कुशवाहा, रामाश्रय कुशवाहा, अजय कुशवाहा, श्यामलाल कोल सहित अनेक ग्रामीणों ने श्रमदान कर अभियान को सफल बनाया। अंत में आचार्य कपिल देव द्विवेदी ने कहा कि जल ही जीवन है, और ऐसे छोटे-छोटे प्रयासों से ही गांवों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। ग्रामीणों ने नवांकुर संस्था स्व. रामसुमेर द्विवेदी स्मृति जन सेवा संस्थान गौरी द्वारा चलाए जा रहे जल संचय अभियान की मुक्तकंठ से सराहना की।



# पन्नी ग्राम पंचायत उपचुनाव में महेंद्र मिश्रा 322 मतों से विजयी

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पन्नी में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव में महेंद्र मिश्रा ने बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राम आश्रम मिश्रा को 322 मतों के अंतर से पराजित करते हुए सरपंच पद पर कब्जा जमाया। उपचुनाव के घोषित आधिकारिक परिणामों के अनुसार महेंद्र मिश्रा को कुल 855 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी राम आश्रम मिश्रा को 533 मतों से संतोष करना पड़ा। मतगणना पूरी होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और गांव में जश्न का माहौल देखने को मिला। इस उपचुनाव में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। महेंद्र मिश्रा की जीत को स्थानीय जनता के विश्वास और समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद महेंद्र मिश्रा ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पंचायत के विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि नई सरपंच के नेतृत्व में गांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। उपचुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर प्रशासन और चुनाव कर्मियों की भी सराहना की जा रही है।

## एशेज सीरीजः ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर कल से खेला जाएगा पांचवां और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच

# ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले पहले मुस्लिम खिलाड़ी ख्वाजा सिडनी टेस्ट के बाद लेंगे संन्यास

**जेएनएन, सिडनी**

पाकिस्तान में जन्में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ रविवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले पहले मुस्लिम खिलाड़ी ख्वाजा ने संन्यास की घोषणा करते हुए 'नस्लीय' रूढ़िवादिता की भी आलोचना की, जिसका अनुभव उन्होंने अपने करियर के दौरान किया था। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज 39 वर्षीय ख्वाजा के लिए एससीजी का मैदान काफी भाग्यशाली रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट उनके करियर का 88वां और आखिरी टेस्ट मैच होगा, जो उसी मैदान पर खेला जाएगा जहां से उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। ख्वाजा ने 2018 में एससीजी में ही इंग्लैंड के खिलाफ 171 रन बनाकर एशेज में अपना पहला शतक बनाया था। एससीजी में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक लगाकर 35 वर्ष की उम्र में अपने करियर को नई दिशा दी।



इसके बाद अगले दो वर्षों में ख्वाजा ने सात शतक जड़े, लेकिन वर्तमान सीरीज के पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में पीठ में दर्द के कारण वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाए थे और इसके बाद चोट के कारण ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहने से टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए थे।

**39** साल के ख्वाजा ने अब तक 87 टेस्ट मैचों में 43.49 के औसत से 6,206 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं।

### पाकिस्तानी होने के कारण होता था अलग व्यवहार

ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ख्वाजा ने पत्रकारों से कहा कि मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है, जो मेरे बस में नहीं है, लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुझे लेकर कई तरह की नस्लीय रूढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं। पर्थ मैच से पहले ख्वाजा की आलोचना हुई, क्योंकि उन्होंने दो बार गोल्फ खेला और वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। कुछ लोगों का मानना था कि गोल्फ ही उनकी पीठ की समस्या का कारण हो सकता है। ख्वाजा ने कहा कि मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं, जब खिलाड़ी गोल्फ खेल कर चोटिल हो गए, लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं, जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए, लेकिन उनके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया, लेकिन जब मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए।

# इंग्लैंड के पॉट्स को मिल सकता है मौका

इंग्लैंड ने आखिरी टेस्ट मैच के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। ऐसा माना जा रहा है इस टेस्ट में मैथ्यू पॉट्स को खेलने का मौका मिल सकता है। पॉट्स इस टूर के दौरान इंग्लैंड की टीम का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। अब उन्हें 11वां मैच खेलने का मौका मिल सकता है, क्योंकि गस एटकिंसन चौथे टेस्ट में लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। टीम में शोएब बशीर को भी शामिल किया गया है। इंग्लैंड को उम्मीद है कि इस हफ्ते सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पिच सपाट होगी। स्टोक्स रविवार को मैच शुरू होने से पहले शनिवार को पिच को एक बार फिर देखने के बाद एकादश की घोषणा करेंगे। स्टोक्स आमतौर पर टेस्ट शुरू होने से 48 घंटे पहले टीम की घोषणा करने के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन इस दौरे पर हालात को लेकर आम अनिश्चितता के बीच वह अधिक सावधान है। पॉट्स के बारे में क्रॉली ने कहा, जब भी मैं उनका सामना करता हूं, वह मुझे प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि वह शेरदिल है और उनके पास बहुत हुनर है।




**पांचवें एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीमः** बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, विल जैक्स, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) और जॉश टंग।

### पांच दिन तक चलेगा टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का अंतिम मुकाबले सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी से खेला जाएगा। इस मैच से पहले एससीजी के हेड क्यूरेटर ने कहा कि पहले दिन पिच पर हरी घास का कवर लगभग न के बराबर होगा। पिछले हफ्ते मेलबर्न में दो दिन की हार के बाद एडमिनिस्ट्रेटर अभी भी चिंतित हैं, गुरुवार को सिडनी में एससीजी की बहुत हरी पिच ने लोगों को चौंका दिया। लेकिन मुख्य क्यूरेटर एडम लुइस ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि यह चिंता की बात नहीं होनी चाहिए, और उन्हें उम्मीद थी कि सिडनी टेस्ट पांचवें दिन तक चलेगा। लुईस ने कहा कि आप तीन दिन पहले हरी घास देखना चाहते हैं। अगर आप तीन दिन पहले कोई हरी घास नहीं देख रहे हैं, तो यह चिंता की बात है... हम जहां हैं, उससे में बहुत सहज हूं। आज सुबह थोड़ी धूप थी। वे कह रहे हैं कि कल थोड़ी और धूप होगी। इससे पिच से हरियाली कम हो जाएगी।

## मैदान से हटकर

### विराट और अनुष्का की फोटो पर चहल का मजेदार कमेंट

स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। दरअसल, विराट ने इंस्टाग्राम पर अनुष्का से साथ फोटो शेयर कर फैंस को न्यू ईयर की बधाई दी थी। वहीं शुक्रवार के दिन युजवेंद्र चहल ने उनकी फोटो पर मजेदार कमेंट किया है। चहल ने फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा, हैप्पी न्यू ईयर भईया-भाभी। फोटो क्लिक पर क्रेडिट मिल जाता तो... । चहल के कमेंट पर लोग रिप्लाई दे रहे हैं। कुछ कह रहे हैं कि ये सबसे रिलेटेबल कमेंट है। वहीं कुछ अपने उन दोस्तों को टैग कर रहे हैं जो विराट की ही तरह फोटो क्लिक करने वाले दोस्तों को क्रेडिट नहीं देते हैं। कोहली ने दो पोस्ट शेयर की हैं। एक 31 दिसंबर के दिन जिसमें वह अनुष्का के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। उनके गाल पर स्पाइडरमैन का टैटू बना हुआ है और अनुष्का के गाल पर बटरफ्लाई बनी हुई है। वहीं दूसरी फोटो उन्होंने 1 जनवरी के दिन पोस्ट की है, जिसमें दोनों साथ में पार्टी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में लोग विराट को ग्रीन फॉरेस्ट कह रहे हैं। वे उनकी तारीफ करते हुए लिख रहे हैं कि उन्होंने साल खत्म अनुष्का के साथ पोस्ट शेयर कर किया और साल की शुरुआत भी अनुष्का के साथ फोटो पोस्ट कर की है।



(जेएनएन)

## न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए होना है टीम का ऐलान

# हार्दिक-बुमराह को मिल सकता है आराम पंत और सिराज के चयन पर होगी चर्चा

**जेएनएन, नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे, तो रिषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई सीरीज में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है। पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि इशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है। टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारूप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो।



### रिषभ पंत ने आठ सालों में खेले सिर्फ 31 वनडे

पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारू खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रभाव के मामले में पंत किशन और जुरेल से कही बेहतर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में गुवाहाटी टेस्ट में उनके शॉट चयन ने न तो मुख्य कोच और न ही चयन समिति को प्रभावित किया। इसके बावजूद उन्हें उचित मौका दिए बिना टीम से बाहर करना भी कुछ असहज सवाल खड़े कर सकता है।

### तेज गेंदबाजों को मिल सकता है आराम



दूसरा महत्वपूर्ण पहलू तीन मैचों की सीरीज के लिए तेज गेंदबाजों का चयन है। टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई सीरीज में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विदेशी सीरीज में टीम का हिस्सा थे, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी के पहले चार चरण में भी नहीं खेला है, लेकिन हो सकता है कि वह हैदराबाद के लिए अंतिम तीन चरण में से दो में खेलें। पिछले वनडे विश्व कप (2023) तक नियमित रूप से टीम का हिस्सा रहने के बाद उन्हें 50 ओवर के प्रारूप से बाहर रखना समझ से परे है।

# टी-20 विश्व कपः दक्षिण अफ्रीकी टीम में रबाडा शामिल, स्टब्स बाहर

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने आगामी टी-20 विश्व कप (भारत और श्रीलंका में आयोजित) के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की, जिसमें विस्फोटक बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स का चयन नहीं किया गया है। एडन मारक्रम की अगुआई वाली इस टीम में 2024 चरण के फाइनल में खेलने वाले सात खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। मारक्रम के अलावा अनुभवी सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक, तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा, मार्को यानसन, एनरिक नोर्किया, आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर और अनुभवी स्पिनर केशव महाराज मौजूदा टीम का हिस्सा हैं, जो 2024 के उस फाइनल में खेले थे, जिसमें दक्षिण अफ्रीका को रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से हार का सामना करना पड़ा था। टीम में शामिल नए चेहरों में युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस, तेज गेंदबाज क्वेना मफाका, ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश, बल्लेबाज टोनी डीजोर्जी, जेसन स्मिथ और डोनोवन फरेरा तथा स्पिनर जॉर्ज लिंडे शामिल हैं।



**टीमः** मारक्रम (कप्तान), बॉश, ब्रेविस, डिकॉक (विकेटकीपर), डीजोर्जी, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, नोर्किया, रबाडा, जेसन स्मिथ।

# सितंबर में बांग्लादेश का दौरा करेगा भारत

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली जाएगी। हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे, जबकि टी-20 मैच नौ, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस सीरीज के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी। भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था।

**तीन वनडे और टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी टीम इंडिया**

## खेल एक नजर

### साई सुदर्शन की पसली में फ्रेक्चर छह सप्ताह तक हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** युवा भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रेक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुदर्शन भारत की सफेद गेंद की टीम का हिस्सा नहीं हैं। अहमदाबाद में तमिलनाडु और मध्य प्रदेश के बीच खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी मैच में डाइव लगाकर रन पूरा करते समय उनकी दाईं ओर की सातवीं पसली (एंटीरियर कॉर्टेक्स) में फ्रेक्चर हो गया था। 24 साल के सुदर्शन का तमिलनाडु के लिए बचे हुए मुकाबलों में खेल पाना मुश्किल है। हालांकि उनके आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार सुदर्शन ने 29 दिसंबर को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिपोर्ट किया था और वहां कराए गए स्कैन की रिपोर्ट में दाईं ओर की सातवीं पसली के 'एंटीरियर कॉर्टेक्स' में हल्का फ्रेक्चर आया है।



### भाला फेंक खिलाड़ी नीरज और सचिन एआईयू के पंजीकृत परीक्षण पूल में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंग विरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। आरटीपी अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों का सर्वोच्च स्तर का समूह है।

# सिक्किम के खिलाफ खेलेंगे शुभमन मैदान पर नहीं मिलेगी फैंस को एंट्री

**जयपुर, जेएनएन।** विराट कोहली ने विजय हजारे ट्रॉफी के अपने दोनों मैच 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में दर्शकों के बिना खेला था, उसी तरह शनिवार को जयपुरिया कॉलेज के मैदान पर सिक्किम के खिलाफ पंजाब के लिए भारतीय वनडे कप्तान शुभमन गिल के मैच के दौरान भी दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशानुसार भारतीय कप्तान और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह तीन और छह जनवरी को सिक्किम और गोवा के खिलाफ पंजाब के अगले दो विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलेंगे। गोवा के खिलाफ मैच केएल सैनी स्टेडियम में होगा, जबकि सिक्किम के खिलाफ स्थानीय कॉलेज के मैदान पर होने वाला मैच सुरक्षा कारणों और दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं होने के कारण दर्शकों के बिना खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि छात्रों और कर्मचारियों को परिसर के अंदर आने की अनुमति है, लेकिन निजी बाउंसरों सहित पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। रोहित शर्मा की वजह प्रशंसकों में उत्साह को देखते हुए, मुंबई का मैच अनंतम स्टेडियम से सवाई मान सिंह स्टेडियम में स्थानांतरित करना पड़ा था। कोहली और रोहित शर्मा के मैचों की तरह गिल का मैच भी टीवी पर या 'लाइव स्ट्रीम' नहीं किया जाएगा।




# मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल के मैच ड्रॉ, आर्सेनल ने चार अंक की बढ़त बनाई

**लंदन, जेएनएन।** एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी ने सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला, जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं, जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। गुरुवार को खेले गए सभी मैच ड्रॉ रहे। टोटेनहम ने ब्रेंटफोर्ड में गोलरहित ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में फुलहम ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 80वें मिनट में गोल करके मैच को 1-1 से ड्रॉ समाप्त किया।

## आरजीपीवी नोडल टूर्नामेंटः फाइनल में बंसल को 3-1 से हराया

# एलएनसीटी की टीम बनी हॉकी चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** एलएनसीटी ने नोडल हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 में बंसल भोपाल को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। आरजीपीवी के तत्वाधान में मयूर पार्क स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में एलएनसीटी ने जेएनसीटी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। एलएनसीटी के लिए फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में गगन गावंडे, नितेश गाडगे, अमन पवार ने गोल कर टीम को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेता खिलाड़ियों को जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. अनुपम चौकसे, डायरेक्टर डीन डॉ. अशोक राय और स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज जैन ने बधाई दी।

**टीम में शामिल खिलाड़ी**


नितेश गाडगे (कप्तान), गगन गावंडे, प्रशांत कुर्मी, अंकुर सोनी, वैभव ठाकुर, हिमांशु पुंडे, कृष्णा पुंडे, अंशु पटेल, प्रशांत द्विवेदी, अमन पवार, रविंद्र बघेल इत्यादि खिलाड़ी शामिल थे। टीम का कोच महेश सोंधिया को नियुक्त किया गया था।

### नीदरलैंड के मारिन महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को शुक्रवार को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम टोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे, जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है। अर्जेंटीना के पूर्व मिडफील्डर विला ने 1997 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। उन्होंने 2000 में सिडनी ओलंपिक और 2004 में एथेंस ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वह दो दशकों से अधिक समय से कोचिंग से जुड़े हुए हैं। भारतीय हॉकी टीम में वेन लोम्बार्ड की भी वापसी हो रही है, जो वैज्ञानिक सलाहकार और खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे।

# वीनस ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनेंगी

**मेलबर्न, जेएनएन।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की है कि 45 साल की वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं। वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं। वीनस ने कहा कि मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं।



## ओलंपियाड परीक्षा 16 को

**रीवा।** जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का द्वितीय चरण 16 एवं 17 जनवरी को होगा। ओलंपियाड प्रथम चरण में जन शिक्षा केंद्र स्तर पर चयनित विद्यार्थी द्वितीय चरण में सहभागिता करेंगे। शहर के प्रतिभावान छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का यह महत्वपूर्ण मंच होगा।

## मऊगंज कलेक्ट्रेट में बैठक आज

**मऊगंज।** मुख्य सचिव द्वारा आगामी 5 जनवरी को ली जाने वाली समीक्षा बैठक के तारतम्य में कलेक्टर संजय कुमार जैन 3 जनवरी को विभागीय योजनाओं की बैठक लेंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को पालन प्रतिवेदन की जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।


Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative GRANULES & TABLETS
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
पेट सफा तो हर रोग दफा
24x7 Helpline 91197 88888 www.petsaffa.com Available at all medical & general stores
दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स, जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, और परिणाम है पहले दिन से
Clinically Tested*
इसकी आदत भी नहीं बनती
Divisa www.divisastore.com


# नया सालः पहले दो दिन कई सड़क दुर्घटनाएंः 3 की मौत, सैकड़ा भर घायल



### अलग थाना क्षेत्र में हुए हादसे

**जागरण, रीवा।** नए साल के पहले दिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कई सड़क दुर्घटनाएं सामने आईं। सैकड़ा भर लोग सड़क दुर्घटना के बाद अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। हादसे में तीन की जान चली गई जबकि डेढ़ दर्जन लोगों की हालत चिंताजनक बताई गई है।

### अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो, वृद्ध की मौत

गुढ़ थाना क्षेत्र के भीटी गांव के पास नए साल के पहले दिन ऑटो से चिरहुला मंदिर आ रहे लोग हादसे का शिकार हो गए। चुरहट थाना क्षेत्र के बड़खरा से ऑटो में सवार होकर लोग रीवा आ रहे थे, अचानक तेज रफ्तार ऑटो का टायर फट गया और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। जिसके बाद ऑटो पलटा और वृद्ध ऑटो के नीचे दब गया। अचानक हुए इस हादसे के दौरान मौके पर हड़कंप मच गया और ऑटो सवार लोगों के बीच चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने राहत बचाव कर सूचना पुलिस को दी जहां पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से संजय गांधी भेजा, गंभीर रूप से घायल हुए सरदार पटेल 70 वर्ष निवासी बड़खड़ा की मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदगढ़ तालाब के पास बीती शाम बाइक सवार युवक को कार ने जोरदार टक्कर मारी जिससे युवक की जान चली गई। घटना के संबंध में गोविंदगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक देवेंद्र लोनिया 22 वर्ष निवासी शुकुलगवां बाइक से जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार कार ने तालाब के पास युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है, वहीं मर्ग कायम कर कार सहित चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आरओबी में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 5 घायल



शहर रेलवे ओवरब्रिज पर बीती रात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सावार 5 युवक गंभीर रूप से घायल हुए जिनमे दो की हालत चिंताजनक है। गुरुवार देर रात हुई घटना में बाइक सवार हवा में उछलकर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दुर्घटना में करीब 5 लोग घायल हुए है। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ब्रिज पर लगे जाम को खुलवाकर यातायात सुचारु कराया। रात में एक गंभीर घायल को संजय गांधी अस्पताल में रखा गया, जबकि बाकियों को परिजन निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल के सीएमओ डॉ यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि साहिल कुमार पटेल नाम के घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसे अब परिजन यहां से इलाज के लिए कहीं अन्यत्र ले गए हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अगडाल में पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक को गंभीर अवस्था में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। चोरहटा पुलिस ने शव को पीएम को बाद परिजनों को सौंप दिया है, वहीं मर्ग कायम कर घटना कारित करने वाले वाहन सहित चालक की तलाश की जा रही है।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश) परामर्श शुल्क मात्र 300/-
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311


# बीएसएफ सब इस्पेक्टर का जम्मू कश्मीर में बीमारी से निधन



**जागरण, रीवा।** बीएसएफ में पदस्थ सब इंस्पेक्टर की बीमारी से जम्मू कश्मीर में निधन हो गया। रीवा के गोपाल नगर निवासी बीएसएफ सब इस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार मिश्रा सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में जम्मू कश्मीन में पदस्थ थे। बीमारी के कारण बीते दिन उनका दुखद निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर जैसे ही रीवा पहुंचा लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना जीवन समर्पित करने वाले वीर जवान धर्मेंद्र कुमार मिश्रा का अंतिम संस्कार प्रयागराज में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई, जिससे माहौल भावुक हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वे अपने पीछे पत्नी आरती मिश्रा और पुत्र अनुज मिश्रा को छोड़ गए हैं। धर्मेंद्र कुमार मिश्रा न केवल एक अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ जवान थे, बल्कि एक स्नेही और जिम्मेदार व्यक्ति भी थे। उनकी देशभक्ति और सेवाभाव को हमेशा याद किया जाएगा।

# दोस्तों के साथ तालाब में मछली पकड़ने गया युवक डूबा, गोताखोर कर रहे सर्चिंग, नहीं मिली बॉडी



**गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के हर्दी शंकर गांव की घटना**

**जागरण, रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के हर्दी शंकर गांव में नए साल के पहले दिन दोस्तों के साथ तालाब में मछली पकड़ने गया युवक हादसे का शिकार हो गया। अचानक युवक का पैर फिसला और वह तालाब के गहराई में समा गया। दोस्तों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद सूचना पुलिस के पास पहुंची। गुरुवार को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो पाया जिसके बाद शुक्रवार को रीवा से गोताखोर रेस्कयू के लिए पहुंचे लेकिन तालाब डूबे युवक की बॉडी बरामद नहीं हो सकी। पुलिस व एसडीआरएफ की 7 सदस्यीय टीम सर्चिंग में लगी हुई है। गोविंदगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हर्दी शंकर निवासी रोहित लोनिया 20 वर्ष अपने दोस्तों के साथ गांव के ही तालाब में मछली मारने गया था, अचानक युवक खुद तालाब में गिरकर गहरे पानी में समा गया , घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी जहां पहुंची पुलिस द्वारा लापता युवक की तलाश करने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, लेकिन उसकी बॉडी नहीं मिल सकी। शनिवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम दोबारा रेस्क्यू के लिए पहुंचेगी। एसडीआरएफ टीम के प्रभारी विकास कुमार पांडे, दिलराज सिंह, हरिओम मिश्रा, मोहन शर्मा, कौशल त्रिपाठी, विकास जाट, राहुल धाकड़ सहित टीम के लोगों युवक की तलाश कर रहे हैं।

# 6 दिवसीय विशेष बेकरी प्रशिक्षण 5 से

**रीवा।** बेकरी उद्योग रोजगार एवं स्वरोजगार का एक मजबूत माध्यम बन चुका है। प्राचार्य श्रभ मुंडा ने बताया कि इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित शासकीय संस्था फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट रीवा में 5 जनवरी से 6 दिवसीय विशेष बेकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में केक, कुकीज़, ब्रेड एवं अन्य बेकरी उत्पादों का व्यावहारिक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं को नौकरी एवं अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



मेट्रो हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रीवा
METRO HOSPITAL
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
उपलब्ध विभाग
जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, यूरोलॉजी, प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, पॉलीट्रॉमा, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेंट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775, 7771000668

गठिया एवं पुराने रोगों के लिए नवीनतम आयुर्वेद चिकित्सा
शुद्ध आयुर्वेदिक इलाज के साथ-साथ पंचकर्म चिकित्सा एवं आहार-विहार परामर्श उपलब्ध है।
डॉ. ब्योमेश उपाध्याय
Ayurved Medical Officer, M. D. (Kayachikitsa), जनरल मेडिसिन (आयुर्वेद)
विशेषताएं:- जोड़ो का दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका वात, कमर दर्द, एड़ी का दर्द, सिर का दर्द (माइग्रेन), लकवा, दमा (सांस का रोग), पुराना कफ व खांसी, स्किन एलर्जी, त्वचा में होने वाले रोग (सोरायसिस), थायराइड, बवासीर, लीवर के रोग, शुगर (डायबिटीज), शारीरिक कमजोरी
निःशुल्क परामर्श प्रत्येक सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश) शाम 05 से रात 08 बजे तक
पताः श्री सांवरिया फार्मेसी, न्यू बस स्टैण्ड से 300 मी. आगे आशीयाना मैरिज गार्डन गेट के सामने, गुलाब नगर समान रीवा (म.प्र.)
सम्पर्क सूत्रः 9630597027

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियां Stretch Marks, आदि के इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
03 जनवरी 2026 को समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
डॉ. भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन


# शहर में जंगली जानवर की दहशत, लोग भयभीत



**रीवा।** शहर में पिछले कई दिनों से अलग-अलग क्षेत्रों में जंगली जानवर के मूवमेंट से शहरवासी दहशत में है, बिछिया थाना क्षेत्र के कई मोहल्ले में तेंदुआ दिखने का दावा किया गया। वन विभाग का अमला भी सूचना के बाद जंगली जानवर की खोजबीन में लगा रहा लेकिन अब तक जंगली जानवर नजर नहीं आया। बच्चों ने भी उक्त जंगली जानवर को देखने का दावा किया था। अब शहर के वार्ड क्रमांक 15 में जंगली जानवर तेंदुआ को देखने का दावा किया जा रहा है, जिसकी फोटो सोशल मीडिया में वायरल है। फिलहाल जंगली जानवर की मूवमेंट से शहरवासी भयभीत हैं, बच्चों और लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है, जिससे कोई अनहोनी नहीं हो। हालांकि वन विभाग और पुलिस की मानें तो अब तक उन्हें जंगली जानवर के पदचिन्ह नहीं मिले हैं, इसके बाद भी सुरक्षा की दृष्टि से संभावित स्थलों के आसपास निगरानी रखी जा रही है।

# धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला



**बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की घटना**

**जागरण, रीवा।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोखड़िया टोला में बीती रात्रि तकरीबन 8 बजे एक युवक पर धारदार हथियार से दो की संख्या में रहे आरोपियों ने हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। शिकायत के बाद बैकुंठपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घायल बुद्धसेन कोल निवासी ग्राम पल्हान ने बताया कि बीती रात्रि वह घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान लोखड़िया टोला के समीप उसे पहचान के दो लोग मिले जिन्होंने उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुए धारदार गुप्ती से उसके ऊपर हमला कर दिया। पहली बार जब आरोपियों ने हमला किया तो उसने गुप्ती को पकड़ लिया जिसे छुड़ाकर आरोपियों ने फिर से उसके ऊपर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया।


बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
एहसास जगायें, नवयौवन जैसा जोश पाये
वीटा-एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल
पुरुषों के स्वास्थ्य हेतु प्रमाणित शुद्ध स्वर्ण भस्म, सफेद मुसली व शिलाजित युक्त
100% आयुर्वेदिक
शक्ति और स्फूर्ति के लिये
100 वर्षों से लोगों का पसंदीदा, भरोसेमंद, जाँचा और परखा
वैद्यकिय सलाहः844 844 4935, www.baidyanath.co

हृदय रोग OPD सीधी में
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसल्टेंट, मैक्स हास्पिटल एवं बी एल कपूर, हॉस्पिटल नई दिल्ली
डायरेक्टर- मिनिर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के पहले शनिवार 03 जनवरी 2026 को
परामर्श- हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग
DK हॉस्पिटल LIC ऑफिस के सामने, कलेक्ट्रेट रोड, सीधी समयः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक
न्यू मिश्रा हॉस्पिटल LIC ऑफिस के बगल में, सीधी समयः 12:00 बजे से 02:00 बजे तक
पंजीयन हेतु संपर्क करें: टोल फ्री नं.-18008892250
Mob.: 8770288324, 9893516364

बाल्य हृदय रोग OPD मऊगंज में
डॉ. धर्मेश पटेल
MBBS, MD, FPCC, FIECHO, FIAE, FICMO, FICCC
बाल्य एवं शिशु रोग, क्रिटिकल केयर एवं बाल्य हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसल्टेंट- मैक्स एवं फोर्टिस हॉस्पिटल, नई दिल्ली
डायरेक्टर- मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को : 03 जनवरी
समयः सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
आशीर्वाद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुग्गा कुर्मियान (मऊगंज)
Mob.: 8770288324, 9893516364

मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ IUI, IVF, ICSI, फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET), एग फ्रीजिंग, एंब्रियो फ्रीजिंग, स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग MBBS, MD (ऑब्स & गायनी) फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा विशेष सूचना
दिनांकः 03,04,05 जनवरी 2026
कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com